* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

05 अगस्त, 2024
श्रावण, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
सोमवार, वर्ष 09, अंक 286

कलम कलम बढ़ाये जा
आजाद सिपाही

असम में सरकारी नौकरी के लिए वहीं जन्म होना जरूरी : हिमंत बिस्वा सरमा

वक्फ बोर्ड एक्ट में होगा संशोधन

सरकार आज संसद में पेश कर सकती है संशोधन बिल

- एक्ट में करीब 40 संशोधन करने की तैयारी, कैबिनेट से मिली मंजूरी

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। मोदी सरकार वक्फ अधिनियम में बड़ा संशोधन करने जा रही है। सूत्रों के मुताबिक केंद्रीय कैबिनेट ने वक्फ अधिनियम में करीब 40 संशोधनों को मंजूरी दे दी है। जानकारी के मुताबिक संशोधन में वक्फ बोर्ड की शक्तियों को कम किया जा रहा है। बोर्ड की किसी भी संपत्ति को 'वक्फ संपत्ति' नहीं बनाया जा सकेगा। सूत्रों के मुताबकि 40 प्रस्तावित संशोधनों के अनुसार वक्फ बोर्डों द्वारा संपत्तियों पर किये गये दावों का अनिवार्य रूप से सत्यापन किया जायेगा। वक्फ बोर्ड की विवादित संपत्तियों के लिए भी अनिवार्य सत्यापन का प्रस्ताव दिया गया है। केंद्र सरकार द्वारा सोमवार को संसद में वक्फ बोर्ड संशोधन बिल पेश करने की उम्मीद जतायी जा रही है।

वक्फ बोर्डों के पास हैं 8.7 लाख संपत्तियां: वक्फ अरबी भाषा के वकुफा शब्द से बना है, जिसका अर्थ होता है ठहरना। वक्फ का मतलब है ट्रस्ट-जायदाद को जन-कल्याण के लिए समर्पित करना। इस्लाम में ये एक तरह का धर्मार्थ बंदोबस्त है। वक्फ उस जायदाद को कहते हैं, जो इस्लाम को मानने वाले दान करते हैं। ये चल-अचल दोनों तरह की हो सकती है। ये दौलत वक्फ बोर्ड के तहत आती है। कोई भी वयस्क मुस्लिम व्यक्ति अपने नाम की संपत्ति वक्फ के नाम कर सकता है। वैसे वक्फ एक स्वैच्छिक कार्रवाई है, जिसके लिए कोई जबर्दस्ती नहीं। देश में अभी 32 स्टेट वक्फ बोर्ड हैं। एक सेंट्रल वक्फ बोर्ड भी है। सरकारी सूत्रों के अनुसार वक्फ बोर्डों के पास करीब 8.7 लाख संपत्तियां हैं, यानी कि वक्फ बोर्ड की संपत्ति करीब 9.4 लाख एकड़ है।



वक्फ बोर्ड को मिली हैं ये शक्तियां

साल 1954 में नेहरू सरकार के समय वक्फ अधिनियम पारित किया गया, जिसके बाद इसका सेंट्रलाइजेशन हुआ। वक्फ एक्ट 1954 इस संपत्ति के रखरखाव का काम करता। इसके बाद से कई बार इसमें संशोधन होता गया। कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने 2013 में बेसिक वक्फ एक्ट में संशोधन लाकर वक्फ बोर्डों को और अधिकार दिये थे। अगर आपकी संपत्ति को वक्फ की संपत्ति बता दी गयी, तो आप उसके खिलाफ कोर्ट नहीं जा सकते। आपको वक्फ बोर्ड से ही गुहार लगानी होगी। वक्फ बोर्ड का फैसला आपके खिलाफ आया, तब भी आप कोर्ट नहीं जा सकते। तब आप वक्फ ट्राइब्यूनल में जा सकते हैं। इस ट्राइब्यूनल में प्रशासनिक अधिकारी होते हैं। वक्फ एक्ट का सेक्शन 85 कहता है कि ट्राइब्यूनल के फैसले को हाइकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट में भी चुनौती नहीं दी जा सकती है।

इन संशोधन का प्रस्ताव ला सकती है सरकार

- विधेयक में वक्फ अधिनियम की धारा 9 और धारा 14 में संशोधन का प्रस्ताव।
- वक्फ बोर्ड की शक्तियों को सीमित करना।
- बोर्ड की संरचना में परिवर्तन का प्रस्ताव।
- निकायों में महिलाओं को प्रतिनिधित्व देने का प्रस्ताव।
- बोर्ड की ओर से भूमि को वक्फ की संपत्ति घोषित करने से पहले उसका सत्यापन सुनिश्चित किया जाना चाहिए।
- राज्य वक्फ बोर्डों की ओर से दावा किये गये विवादित भूमि का नये सिरे से सत्यापन करने का प्रस्ताव।

2029 में फिर एनडीए की सरकार बनेगी: अमित शाह

चंडीगढ़। गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को चंडीगढ़ में कहा कि आइएनडीआइए ब्लॉक चाहे कुछ भी कर ले, 2029 लोकसभा चुनाव में एनडीए की ही सरकार बनेगी। नरेंद्र मोदी चौथी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। आइएनडीआइए ब्लॉक एक बार फिर से खुद को विपक्ष में बैठने के लिए तैयार रखे। शाह ने कहा कि विपक्ष के लोग बार-बार कहते हैं कि हमारी सरकार चलनेवाली नहीं है। मैं उन्हें आश्वस्त करना चाहता हूं कि एनडीए सरकार कार्यकाल पूरा करेगी और 2029 में फिर आयेगी। शाह रविवार को चंडीगढ़ में वाटर सप्लाइ प्रोजेक्ट न्याय सेतु और स्मार्ट सिटी मिशन के उद्घाटन मौके पर बोल रहे थे। गृह मंत्री ने कहा कि विपक्ष को लगता है कि थोड़ी सफलता से वे चुनाव जीत गये। उन्हें नहीं पता कि तीन चुनावों में कांग्रेस को जितनी सीटें मिलीं, भाजपा को इस चुनाव में उससे ज्यादा सीटें मिली हैं।

भारतीय हॉकी टीम सेमीफाइनल में पहुंची

पेरिस। पेरिस ओलिंपिक में भारतीय हॉकी टीम सेमीफाइनल में पहुंच गयी है। क्वार्टर फाइनल मुकाबले में इंडिया ने ब्रिटेन को पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हरा दिया। फुलटाइम में दोनों टीमों का स्कोर 1-1 से बराबर था। शूटआउट में भारत ने लगातार चार गोल किये। ब्रिटेन की टीम सिर्फ दो गोल कर पायी। भारतीय गोलकीपर श्रीजेश जीत के हीरो रहे, जिन्होंने 2 गोल बचाये।

अधिवक्ता गोपाल की हत्या का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

रोशन मुंडा को अनगड़ा के महेशपुर बगान टोली से दबोचा

- पुलिस को पकड़ने के लिए फायरिंग भी करनी पड़ी
- रोशन के दाहिने बाजू में लगी है गोली
- उसके भतीजे को भी किया गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

अनगड़ा। अधिवक्ता गोपाल कृष्ण मर्डर केस में रांची पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी। पुलिस ने इस हत्याकांड के मुख्य आरोपी रोशन मुंडा को शनिवार की रात अनगड़ा थाना क्षेत्र के महेशपुर बगान टोली से गिरफ्तार किया। रोशन मुंडा यहां अपने एक रिश्तेदार कंदरू मुंडा के मकान में छुपा हुआ था। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिविल कोर्ट के अधिवक्ता गोपाल कृष्ण की हत्या में शामिल अपराधियों की पहचान शुक्रवार को ही कर ली गयी थी। पहचान होने के बाद एसआइटी की टीम लगातार उनकी तलाश में लगी हुई थी। इस बीच पुलिस को शनिवार की रात पुख्ता खबर मिली कि हत्या का मुख्य आरोपी रोशन मुंडा अनगड़ा थाना क्षेत्र के महेशपुर बगान टोली में एक पक्का मकान में छुपा हुआ है। इसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बगान टोली के उस मकान को चारों तरफ से घेर लिया। इसके बाद पुलिस टीम द्वारा अपराधी रोशन मुंडा को सरेंडर करने को कहा गया, पर पुलिस के अनुसार उसने पुलिस पर ही फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने भी पिस्टल से फायरिंग की, गोली रोशन मुंडा के दाहिने बाजू में लगी। गोली लगने के बाद घायल रोशन मुंडा को पुलिस ने दबोच लिया। वहीं इसके साथ सो रहे कंदरु मुंडा के पुत्र संदीप मुंडा को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इधर कंदरू मुंडा का कहना है कि अपराधी रोशन मुंडा रिश्ते में उसका भतीजा है। शनिवार की रात वह घर पर आया और खाना खाने के बाद एक कमरे में बेटा संदीप मुंडा के साथ सोने चला गया। थोड़ी देर बाद अचानक पुलिस पहुंची तथा मकान को घेर लिया। वे कुछ समझ पाते, उससे पहले ही पुलिस मकान के पिछले दरवाजे से घुसी और कमरे में सो रहे रोशन मुंडा को सरेंडर करने को कहा। इसी बीच गोली चली। इसके बाद दोनों को पकड़ कर ले जाने के थोड़ी देर बाद पुलिस दोबारा यहां पहुंची तथा मकान को सील कर दिया। मालूम हो कि रोशन मुंडा मूल रूप से महेशपुर जेसवइल टोली का रहनेवाला है। पर वह बचपन से सुखदेव नगर थाना क्षेत्र में रह रहा है। कंदरू मुंडा का कहना है कि उनके बेटे संदीप मुंडा को भी पुलिस पकड़ कर ले गयी है। उन्हें पहले से मालूम होता कि रोशन मुंडा अपराधी प्रवृत्ति का है, तो उसे कतई अपने घर में घुसने नहीं देते। फिलहाल पुलिस की निगरानी में घायल रोशन मुंडा का इलाज अस्पताल में चल रहा है। होश आने के बाद हत्याकांड को लेकर पूछताछ की जायेगी।

डॉ संजय गिरि के प्रयास से नन्ही परी को जिंदगी मिली दोबारा

मेदांता हॉस्पिटल पटना में तीन साल की तनु सबर का दिल का सफल ऑपरेशन

चाकुलिया। मानवता कल्याण संघ के अध्यक्ष डॉ संजय गिरि ने एक बार फिर मानवता की मिसाल पेश की। उनके प्रयास का नतीजा रहा कि तीन साल की नन्ही परी को दोबारा जिंदगी मिली। दरअसल, चाकुलिया प्रखंड की सिमदी पंचायत अंतर्गत बैकंठपुर निवासी शंभु सबर की तीन साल की बेटी तनु सबर दिल की बीमारी से पीड़ित थी। परिजन सारी जगह डॉक्टर से दिखा कर थक चुके थे। परिजनों ने बच्ची को पश्चिम बंगाल समेत विभिन्न जगहों पर इलाज कराया। सभी जगह दिल की बीमारी की पुष्टि हुई थी। घर का आलम यह था कि एक तरफ पूरा परिवार दाने-दाने को मोहताज था, वैसे में बच्ची के ऑपरेशन की बात भी सोचना परिवार के लिए दर्द भरा एहसास था, लेकिन बच्ची को तिल-तिल मरता देख भी नहीं सकते थे। इस अंधेरी जिंदगी में रोशनी की एक झलक मानवता कल्याण संघ के अध्यक्ष डॉ संजय गिरि के रूप में दिखायी पड़ी। समाज सेवा के लिए हर पल तत्पर रहनेवाले संजय गिरि को जब सारी बात पता चली, तो वह इस बच्ची की जिंदगी दोबारा देने की जंग में जुट गये। उनका यह प्रयास भी रंग लाया। चार दिन पहले डॉ संजय गिरि ने कार्यकर्ताओं के साथ के घर जाकर वस्तु स्थिति की जानकारी ली। मां-बाप का दर्द और घर की माली हालत देखकर उनका कलेजा पसीज गया। उन्होंने बच्ची की सारी रिपोर्ट की जांच की, फिर उन्होंने उसे मेदांता हॉस्पिटल पटना में इलाज कराने की बात कही। अगले दिन मेदांता हॉस्पिटल के एचओडी डॉ पंकज कुमार गुप्ता से बात कर बच्ची के परिजन समेत पांच लोगों को पटना भेजा। डॉक्टरों ने ऑपरेशन की जरूरत बतायी। डॉ संजय गिरि के प्रयास से शुक्रवार को बच्ची का सफल ऑपरेशन हुआ। इसके बाद रविवार को बच्ची समेत सभी लोग चाकुलिया पहुंचे। सफल ऑपरेशन के बाद परिजनों के चेहरे पर खुशियां देखते बन रही है। वह डॉक्टर संजय गिरि का आभार जताते नहीं थक रहे हैं। परिजनों ने कहा कि संजय गिरि हमारी नन्ही परी के लिए भगवान बनके आये और जिंदगी बचायी। बस से लेकर हॉस्पिटल के साथ रहना-खाना का पूरा खर्च डॉ संजय गिरि ने उठाया।

पूरी टीम की मेहनत रंग लायी: संजय गिरि

डॉ संजय गिरि ने कहा कि तनु सबर का परिवार आदिम जनजाति है, जो कि गरीब है। झोपड़ी में रहता है। मेरी पूरी टीम के प्रयास से बच्ची का इलाज सफल रहा। ऑपरेशन में डॉ गिरिं, रोनित महतो, बिपलेंदू प्रसाद, मिराज, पीयूष महतो का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

खुशियों से चहक रहा आदिम जनजाति तनु का पूरा परिवार

SARALA BIRLA UNIVERSITY

University of Minnesota | Berkeley University of California
International Academic Collaboration

ADMISSION OPEN
2024-25

NOW INTRODUCING
MASS COMMUNICATION
B.A. & M.A.
in Journalism & Mass Communication

GET THE LEGAL EDGE WITH
LAW
LLB | LLM | B.A. LLB (Hons.)
BBA LLB (Hons.)
B.Com. LLB (Hons.)

UNDER GRADUATE
B.Tech in CE | CSE | EEE | ECE | ME
B.Com (Hons.) in Accounts | E-Commerce | Taxation
B.A. (Hons.) in English | Economics | Sanskrit
BCA
B.Sc (Hons.) Mathematics
BBA
BBA in Stock Broking & Portfolio Management
Bachelors of Performing Arts in Music, Dance, Theatre & Fine Arts

POST GRADUATE
M.Tech
MBA
MCA
M.Com
M.A. in English | Economics | Sanskrit
M.Sc in Yogic Science
Masters of Performing Arts in Music, Dance, Theatre & Fine Arts

DIPLOMA
Diploma in CE | CSE | EEE | ECE | ME
Diploma in French
Certificate Course in French (6 months)

PHARMACY
B.Pharm | D.Pharm

YOGA & NATUROPATHY
PG/UG/Diploma/Certificate Program in yogic Science

Ph.D.
Ph.D. in Engineering | Commerce & Management Humanities Law | Mass Communication

SARALA BIRLA UNIVERSITY RANCHI
Birla Knowledge City, P.O. Mahilong, Purulia Road, Ranchi, Jharkhand-835103 9525 110 001
TOLL FREE No. : 1800 890 6077 admission@sburanchi.ac.in www.sbu.ac.in

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 65,900 रु./10 ग्राम
चांदी 87,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 05 अगस्त, 2024
www.azadsipahi.in

झारखंड की सात सीटों पर प्रत्याशी चुनने में छूटेंगे भाजपा के पसीने

■ पाकुड़, जामा, बाघमारा, मधुपुर, नाला, सिंदरी और सिमडेगा में होगा झकझूमर

■ इन सीटों पर उम्मीदवार बदलने का पड़ रहा दबाव, इसलिए पसोपेश में भाजपा

झारखंड में इस बार का विधानसभा चुनाव दोनों ही गठबंधनों, सत्ताधारी इंडी अलायंस और विपक्षी एनडीए के लिए करो या मरो जैसा है। वैसे तो किसी भी राजनीतिक दल या गठबंधन के लिए हर चुनाव बेहद महत्वपूर्ण होता है, लेकिन झारखंड विधानसभा का चुनाव खास इसलिए है, क्योंकि यहां की राजनीति ने 2019 के बाद से कई करवटें बदली हैं। 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में राज्य की 14 में से 12 सीटें जीत कर भाजपा-आजसू ने अपना परचम लहराया था, लेकिन छह माह बाद हुई विधानसभा चुनाव में इन दोनों दलों की बुरी तरह पराजय हुई, जबकि झामुमो-कांग्रेस-राजद के गठबंधन ने सत्ता हासिल कर ली। इसके बाद हाल में हुए लोकसभा चुनाव में भी भाजपा को राज्य में अपेक्षित सफलता नहीं मिली। झारखंड को कभी भाजपा का गढ़ माना जाता था, लेकिन 2019 में यह गढ़ दरक गया। इसलिए भाजपा इस बार उसे दोबारा हासिल करने की कोशिश में है, जबकि झामुमो-कांग्रेस-राजद का इंडी अलायंस उसे रोकने के लिए पूरा जोर लगा रहा है। कुल मिला कर कहा जाये, तो दोनों ही पक्षों के लिए यह चुनाव बेहद चुनौतीपूर्ण है। झारखंड में विधानसभा की 81 सीटें हैं। भाजपा इनमें से कितनी सीटों पर प्रत्याशी देगी, यह अब तक तय नहीं है, लेकिन कुछ ऐसी सीटों की पहचान की गयी है, जहां पार्टी के लिए उम्मीदवार चयन का काम काफी चुनौतीपूर्ण होगा। ऐसी कम से कम सात सीटें हैं, जहां भाजपा को प्रत्याशी चयन में फूंक-फूंक कर कदम रखना पड़ेगा। इन सीटों के प्रत्याशी चयन में अगर किसी के दबाव में किसी योग्य उम्मीदवार का पत्ता काटा गया, तो भाजपा को लेने के देने पड़ जायेंगे। इनमें चार सीटें संथाल की हैं, जबकि दो कोयलांचल और एक दक्षिणी छोटानागपुर की। क्या है इन सीटों पर भाजपा के लिए प्रत्याशी चयन में मुश्किल और क्या हो सकता है इसका परिणाम, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष

राकेश सिंह

झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए अब सीट शेयरिंग का फार्मूला तय करने और प्रत्याशी चयन के लिए दावेदारों की सूची तैयार करने का काम शुरू हो गया है। दावेदारों के नाम सामने आने लगे हैं और विभिन्न राजनीतिक दल अपने-अपने स्तर से विभिन्न दावेदारों की स्थिति का आकलन कर रहे हैं। चूंकि यह चुनाव भाजपा के लिए बेहद अहम है, इसलिए प्रत्याशी चयन के स्तर से ही वह अतिरिक्त सतर्कता बरत रही है। पार्टी के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान और सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा पूरे राज्य का लगातार दौरा कर रहे हैं और स्थानीय स्तर पर फीडबैक भी ले रहे हैं। इन राजनीतिक कवायदों से इतर चुनावी यात्राओं के क्रम में जुटायी गयी जानकारियों के हिसाब से राज्य की 81 में से कम से कम सात ऐसी सीटें हैं, जहां भाजपा को प्रत्याशी चयन में बगैर दबाव और फूंक-फूंक कर कदम रखना होगा। इन सीटों पर किसे टिकट दिया जाये, यह तय करने से पहले भाजपा को उस क्षेत्र के लोगों का फीडबैक और प्रत्याशी की पकड़ का भी ध्यान रखना होगा। इन सात में से चार सीटें संथाल परगना की हैं, जबकि दो कोयलांचल की और एक दक्षिण छोटानागपुर की। इनके अलावा कुछ ऐसी सीटें भी हैं, जहां उम्र और अन्य कारणों से प्रत्याशी बदलना जरूरी होगा।

पाकुड़ में आधा दर्जन दावेदार

शुरुआत करते हैं पाकुड़ से। यह सीट फिलहाल कांग्रेस के पास है। पिछले चुनाव में कांग्रेस के आलमगीर आलम ने भाजपा के वेणी प्रसाद गुप्ता को 65 हजार से अधिक वोटों के अंतर से हराया था। इस बार पाकुड़ से भाजपा के टिकट के दावेदारों में वेणी प्रसाद गुप्ता के अलावा मुकेश शुक्ला, बाबूधन मुर्मू, अनुग्रहित प्रसाद साहू और मीरा पांडेय शामिल हैं। इन सभी का इलाके में अलग-अलग असर है और इनकी दावेदारी के पीछे अलग-अलग कारण भी हैं। उम्मीदवार चयन करते समय भाजपा को स्थानीय कार्यकर्ताओं से भी फीडबैक लेना जरूरी होगा।

जामा में सुरेश मुर्मू हैं सशक्त दावेदार

जामा सीट अभी खाली है। पिछले चुनाव में यहां से झामुमो के टिकट पर सीता सोरेन जीती थीं। उन्होंने भाजपा के सुरेश मुर्मू को करीब डेढ़ हजार वोटों के मामूली अंतर से हराया था। लोकसभा चुनाव से पहले सीता सोरेन भाजपा में शामिल हो गयीं और दुमका से संसदीय चुनाव में पराजित हो चुकी हैं। वह इस बार जामा से चुनाव नहीं लड़ सकती हैं, क्योंकि वह ओड़िशा की मूल निवासी हैं और यह सीट झारखंड के आदिवासियों के लिए आरक्षित है। इसलिए वह इस बार जामा सीट से अपनी बेटी जयश्री सोरेन को उतारना चाहती हैं। भाजपा के सामने दुविधा यह है कि सुरेश मुर्मू उसके पुराने कैडर हैं और पिछले चुनाव में उन्होंने 58 हजार 499 वोट लाकर बहुत अच्छा प्रदर्शन किया था। स्थानीय कार्यकर्ता भी चाहते हैं कि इस बार सुरेश मुर्मू को ही टिकट दिया जाये। अब भाजपा यहां कार्यकर्ताओं की पसंद सुरेश मुर्मू या सीता सोरेन की पसंद जयश्री सोरेन में से किसे चुनती है, यह देखनेवाली बात होगी।

मधुपुर में गंगा की जगह राज पालिवार की पकड़ ज्यादा

भाजपा के लिए सिरदर्द बनी संथाल की तीसरी सीट मधुपुर है, जहां 2019 में झामुमो के हाजी हुसैन अंसारी जीते थे। उन्होंने भाजपा के राज पालिवार को 23 हजार वोटों के अंतर से हराया था। कोरोना में उनके निधन के बाद 2021 में हुए उप चुनाव में झामुमो ने उनके पुत्र हफीजुल हसन को उतारा, जबकि भाजपा ने प्रत्याशी बदल दिया। उसने आजसू के गंगा नारायण सिंह को अपने खेमे में मिलाया और हफीजुल हसन के खिलाफ उन्हें उतार दिया। हफीजुल हसन ने गंगा नारायण सिंह को पांच हजार से अधिक मतों के अंतर से हराया। उप चुनाव में भाजपा की हार का एक प्रमुख कारण राज पालिवार की उपेक्षा को बताया गया। स्थानीय राजनीति में गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे और राज पालिवार दो विपरीत ध्रुवों पर हैं। इनकी आपसी प्रतिद्वंद्विता में साफ देखी जा सकती है। आज की सच्चाई यह है कि स्थानीय कार्यकर्ताओं की पहली पसंद राज पलिवार हैं। यह सही है कि गंगा नारायण सिंह का इलाके में अपना प्रभाव है, लेकिन उनका अधिकांश समय क्षेत्र की बजाय कारोबार के सिलसिले में गोवा में बीतता है। इससे स्थानीय कार्यकर्ता निराश हैं। अब देखना यह है कि यहां भाजपा किसी के दबाव में राज पलिवार का टिकट काटती है, या कार्यकर्ताओं की पसंद को तरजीह देती है।

नाला में बाटुल की लोकप्रियता सबसे अधिक

जहां तक नाला विधानसभा सीट का सवाल है, तो यह सीट 2019 में रवींद्र नाथ महतो ने करीब साढ़े तीन हजार वोटों के अंतर से जीती थी। उन्होंने भाजपा के सत्यानंद झा बाटुल को हराया था। इस बार इस सीट पर भाजपा के कई नेता जोर लगा रहे हैं। उन्होंने कुछ हद तक बाटुल को हाशिये पर भी धकेल दिया है, लेकिन क्षेत्र में घूमने पर साफ-साफ दिखता है कि कुछ कमियों के बावजूद बाटुल की लोकप्रियता औरों की बनिस्बत अधिक है।

बाघमारा में ढुल्लू की पत्नी और पुत्र भी दावेदार

अब आते हैं कोयलांचल की बाघमारा सीट पर, जहां 2019 में भाजपा के ढुल्लू महतो ने कांग्रेस के जलेश्वर महतो को महज आठ सौ से कुछ अधिक वोटों के अंतर से हराया था। इस बार के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने ढुल्लू महतो को धनबाद सीट से उतारा और वह जीत कर दिल्ली चले गये हैं। इसलिए बाघमारा विधानसभा सीट ओपेन है। इस सीट पर जदयू की भी नजर है। दूसरी तरफ भाजपा की तरफ से सांसद ढुल्लू महतो की पत्नी सावित्री देवी और पुत्र प्रशांत महतो मैदान में उतरने की तैयारी कर रहे हैं। हालांकि इस बात की पूरी संभावना है कि परिवार वाद के विरोध के कारण ढुल्लू महतो की पत्नी या बेटे को भाजपा टिकट नहीं देगी। भाजपा-जदयू के बीच संभावित सीट शेयरिंग में यदि बाघमारा सीट जदयू के पास चली जाती है, तब तो भाजपा के लिए कोई परेशानी ही नहीं होगी।

सिंदरी में इंद्रजीत महतो की पत्नी की दावेदारी

कोयलांचल की दूसरी सीट सिंदरी है, जहां भाजपा के सामने प्रत्याशी चुनने की चुनौती है। 2019 में यहां से भाजपा के इंद्रजीत महतो ने मासस के आनंद महतो को सात हजार वोटों के अंतर से हराया था। चुनाव जीतने के बाद इंद्रजीत महतो कोरोना काल में बीमार पड़ गये और पिछले दो साल से अधिक समय से इलाजरत हैं। इस बीच उनके साथ एक और हादसा हुआ। पिछले साल उनके 27 वर्षीय पुत्र विवेक ने आत्महत्या कर ली। इसके बावजूद परिवार आज भी भाजपा के साथ मजबूती से जुड़ा हुआ है। इस बार इंद्रजीत महतो की पत्नी तारा देवी अपने पति के स्थान पर टिकट की दावेदारी कर रही हैं। उनके साथ जनता की सहानुभूति भी देखी जा रही है। हालांकि यहां से कुछ दूसरे दावेदार भी हैं। देखना है, भाजपा यहां क्या करती है।

सिमडेगा से श्रद्धानंद बेसरा की दावेदारी सबसे मजबूत

अब बात दक्षिणी छोटानागपुर की सिमडेगा विधानसभा सीट की, जहां से 2019 में कांग्रेस के भूषण बाड़ा ने जीत हासिल की थी। उन्होंने भाजपा के श्रद्धानंद बेसरा पर महज तीन सौ वोटों के अंतर से जीत हासिल की थी। श्रद्धानंद बेसरा भाजपा के दिग्गज और चार बार के विधायक निर्मल बेसरा के पुत्र हैं। इस बार के चुनाव में भाजपा के टिकट के कई दावेदार हैं, लेकिन सबसे मजबूत दावेदारी श्रद्धानंद बेसरा की ही है। टिकट चयन में अगर भाजपा दबाव में नहीं आयी, तो श्रद्धानंद बेसरा ही यहां से मैदान में उतरेंगे।

ओड़िशा से सिमडेगा के रास्ते रांची लाये जा रहे गोवंशीय मवेशी बरामद, अंतरराज्यीय गिरोह के आठ तस्कर गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सिमडेगा पुलिस ने बनडेगा-ओड़िशा के रास्ते रांची ला रहे गोवंशीय पशु को बरामद कर लिया है। वहीं तस्करी से जुड़े इंटर स्टेट गिरोह के आठ तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी में गुमला जिले के सिसई थाना क्षेत्र स्थित मुरगु निवासी अजमेर भंडारी, इरशाद साई, इकरामुल हक, शाकिर मीर, आजाद खान, छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के लोदाम थाना क्षेत्र के साई टांगरटोली निवासी परवेज खान, शमीम बख्श और अशुदुल्ला शामिल है। आरोपियों के पास से

तीन पिकअप, एक पल्सर बाइक, चार गोवंशीय पशु और मोबाइल पुलिस ने बरामद किये हैं।

पुलिस के अनुसार बनडेगा के रास्ते कुछ पशु तस्करों द्वारा अवैध रूप से कुछ गोवंशीय पशुओं को रांची ले जाया जा रहा है। सूचना पर छापामारी दल का गठन कर मौके पर भेजा गया। आठ पशु तस्करों को चार गोवंशीय पशु तस्करी में प्रयोग किये जा रहे तीन पिकअप वाहन और रेकी करने में प्रयुक्त पल्सर बाइक के साथ तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इस संदर्भ में मुफस्सिल थाना में मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपी ने घटना में संलिप्तता स्वीकार करते हुए बताया है कि ये सभी रेकी कराते हुए 32 पशुओं को ले जा रहे थे। इसी क्रम में छापेमारी की भनक लगी, तो पिकअप में लोड पशुओं को भगा दिया, जिसमें से चार पशु को बरामद किया गया है। अन्य पशुओं की बरामदगी के लिए छापेमारी की जा रही है।

लाइफलाइन: मुरगू डायवर्सन तैयार, आवागमन शुरू

एनएच 75 में आवागमन था बाधित

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। जिला के रातू थाना क्षेत्र के एनएच 75 हाइवे स्थित मुरगू नदी पर डायवर्सन को बनाने का काम संवेदक ने युद्धस्तर पर शुरू कराया। इंजीनियरों ने बताया कि रविवार शाम को डायवर्सन को चालू कर दिया गया। बता दें कि भारी बारिश की वजह से शुक्रवार देर रात यह डायवर्सन बह गया था, जिसके बाद से रांची से मांडर सहित लोहरदगा, मेदिनीनगर, चतरा जाने का मुख्य संपर्क पथ का रास्ता टूट गया। दरअसल, भारी बारिश से नदी में जलस्तर बढ़ गया था और वह सड़क के ऊपर से बहने लगा, जिस वजह से यह डायवर्सन बहा। इसके बाद प्रशासन ने दूसरे मार्ग से वाहनों का आवागमन तय किया था। बता दें कि करीब 18 माह से वहां पर पुल बनाने का काम चल रहा है, लेकिन जिस संवेदक को काम दिया गया है, उसने काम एक तरह से ठप कर दिया है, जिस वजह से पुल निर्माण अभी तक अधूरा है। डायवर्सन बहने की वजह से आसपास के ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया था। पूरे मामले की जानकारी मिलने के बाद रांची जिला के सांसद सह रक्षा राज्यमंत्री संजस सेठ और एनएचएआइ की परियोजना निदेशक एकता कुमारी ने स्थिति का जायजा लिया था। मौके पर ही संवेदक को युद्धस्तर पर काम कराने का निर्देश दिया गया और अधूरी सड़क के साथ पुल निर्माण के काम में तेजी लाने को कहा गया है।

धनबाद में दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला सात को

रांची (आजाद सिपाही)। श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण-कौशल विकास विभाग की ओर से 7 अगस्त को अवर प्रादेशिक नियोजनालय परिसर बरटांड़ धनबाद में दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला का आयोजन किया जायेगा। इसमें स्थानीय स्तर पर विभिन्न कंपनियों और संस्थानों में 2250 पदों के लिए बेरोजगार युवक-युवतियां आवेदन कर सकते हैं। पूर्वाह्न दस से अपराह्न चार बजे तक चलने वाले रोजगार मेला में अभ्यर्थियों को बायोडाटा की दो प्रति में लेकर आना है। इस संबंध में नियोजन पदाधिकारी आनंद कुमार ने बताया कि रोजगार मेला में भाग लेने के लिए इच्छुक आवेदक का झारखंड के किसी भी नियोजनालय में निबंधन होना आवश्यक है। आवेदक अपने सभी प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फोटो, नियोजनालय का निबंध कार्ड, बायोडाटा, स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र के साथ रोजगार मेला में भाग ले सकते हैं। इस रिक्तियों के विरुद्ध भर्ती के लिए सीधे नियोजक उत्तरदायी हैं। नियोजनालय और विभाग मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य करता है।

कर्मियों की हड़ताल से मनरेगा का काम ठप

मजदूर बेरोजगार, नहीं मिल रहा काम

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मनरेगा कर्मियों की हड़ताल और सरकार की ओर से हड़ताल तोड़ने के लिए ठोस पहल नहीं होने का खामियाजा मनरेगा मजदूर भुगत रहे हैं। वहीं, 22 जुलाई से मनरेगा कर्मियों की हड़ताल पर चले जाने के बाद मनरेगा का सारा कामकाज तो पहले ही ठप हो चुका है।

अब मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी भी एक सप्ताह से छुट्टी पर चली गयी हैं। अभी तक न तो कार्मिक विभाग ने मनरेगा आयुक्त के पद पर किसी अधिकारी को अतिरिक्त प्रभार दिया है और न ही ग्रामीण विकास विभाग ही अपने मातहत किसी पदाधिकारी को कार्यभार संभालने को कहा है। सचिव ही कुछ काम देख रहे हैं। ऐसे में मनरेगा कर्मियों की हड़ताल से मजदूरों को ज्यादा परेशानी हो रही है। वहीं, केंद्र प्रायोजित मनरेगा योजना के तहत संचालित बिरसा हरित ग्राम योजना, खेल मैदान निर्माण सहित कई काम फंस गये हैं।

चार लाख के बजाय 72 हजार को ही काम : प्रत्येक मजदूर को 100 दिन का काम देने की गारंटी है। उन्हें मजदूरी का भुगतान किया जाता है। काम मांगने के बावजूद अगर काम नहीं दिया गया, तो बेरोजगारी भत्ता का भी प्रावधान है। मनरेगा कर्मियों की हड़ताल की वजह से राज्यभर से आंकड़े सामने आ रहे हैं, उसमें काम उपलब्ध कराने में भारी गिरावट दर्ज की गयी है। पहले प्रतिदिन पांच लाख को काम मिलता था। अब महज 72 से 73 हजार मजदूरों को ही काम उपलब्ध कराया जा पा रहा है। ऐसे में बड़ी संख्या में मजदूर बिना काम के बैठे हैं। रोजगार सेवकों की हड़ताल की वजह से वे काम नहीं मांग पा रहे हैं।

सेवा नियमितीकरण की मांग को लेकर हड़ताल जारी

मनरेगा कर्मी सेवा नियमितीकरण की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। मनरेगा कर्मचारी संघ के अध्यक्ष जॉन बागे के नेतृत्व में पूरे राज्यभर के पांच हजार से अधिक कर्मी हड़ताल पर हैं। मांगों को वे विभिन्न माध्यमों से सरकार के समक्ष रख रहे हैं। हालांकि, अभी तक न तो विभागीय मंत्री डॉ इरफान अंसारी के साथ कोई वार्ता हुई है और न ही ग्रामीण विकास सचिव और मनरेगा आयुक्त से बात हो पायी है। हड़ताल में बीपीओ, लेखा पदाधिकारी, कंप्यूटर ऑपरेटर, रोजगार सेवक हैं।

सरयू राय अब नीतीश के साथ चलायेंगे तीर

जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष ने दिलायी सदस्यता

आजाद सिपाही संवाददाता



पटना/ रांची। झारखंड की राजनीति की चर्चित शख्सियत और जमशेदपुर पूर्वी के निर्दलीय विधायक सरयू राय ने जदयू का दामन थाम लिया है और अब वह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ आ चुके हैं। जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद संजय झा ने रविवार को उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलयी। सरयू राय के जदयू ज्वाइन करने के बाद जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने सोशल मीडिया पर लिखा कि जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ श्री राय का पिछले कई दशकों से व्यक्तिगत संबंध रहा है। मुझे विश्वास है कि उनके आने से झारखंड में पार्टी को मजबूती मिलेगी। इस मौके पर बिहार सरकार के मंत्री और जदयू के झारखंड प्रदेश प्रभारी अशोक चौधरी, मंत्री श्रवण कुमार, राज्यसभा सांसद सह जदयू के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो, विधान पार्षद संजय गांधी और प्रदेश महासचिव मनीष कुमार मौजूद थे। सरयू राय बिहार और झारखंड की राजनीति में चर्चित नाम हैं। बहुचर्चित चारा घोटाले से लेकर मधु कोड़ा के लूट कांड तक की लड़ाई को अंजाम तक पहुंचाने वाले सरयू राय 2019 तक भाजपा से जुड़े रहे। वह 2014 से 2019 तक झारखंड में रघुवर दास के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार में खाद्य आपूर्ति और संसदीय कार्य मंत्री भी रहे। इस दौरान कई मुद्दों पर तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास से मतभेद के चलते जब भाजपा ने 2019 में उन्हें टिकट देने से इनकार कर दिया, तो उन्होंने पार्टी छोड़ दी और रघुवर दास के खिलाफ निर्दलीय चुनाव लड़ा। उन्होंने तत्कालीन मुख्यमंत्री को हराया भी। अब जब राज्य 2024 के विधानसभा चुनाव की दहलीज पर है, तो सरयू राय जदयू से हाथ मिलाकर अपनी राजनीति को आगे बढ़ाना चाहते हैं। इसके लिए वह नीतीश कुमार का हर आदेश को मानने को तैयार हैं।

हम की बैठक में झारखंड पर फोकस, संगठन मजबूती पर चर्चा

कार्यकर्ताओं से की गयी वन-टू-वन रायशुमारी

केरल की लेबर पार्टी का हम में विलय

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में झारखंड समेत अन्य राज्य में संगठन विस्तार पर फोकस रविवार को किया गया। रविवार को चाणक्य होटल में बिहार-झारखंड, केरल, दमन, तमिलनाडु, पंजाब, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, तेलंगाना, असम सहित कई प्रदेशों के पदाधिकारियों का जुटान हुआ।

इसमें केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी और राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ संतोष कुमार सुमन ने संगठन के विस्तार को रायशुमारी की। इस दौरान सभी से वन-टू-वन राय ली गयी। मौके पर केरल की लेबर पार्टी का हम में विलय किया गया। लेबर पार्टी के अध्यक्ष वीके विक्रमन, उपाध्यक्ष के पवित्रन ने विलय का प्रस्ताव दिया। जीतन राम मांझी ने कहा कि हम पार्टी से गरीबों, मजदूरों और वंचितों को उम्मीदें हैं। पार्टी बिहार-झारखंड सहित देश भर में गरीब, वंचित और आम लोगों के हक की लड़ाई लड़ेगी और उनकी आवाज बनेगी।

संतोष कुमार सुमन ने कहा कि जल्द झारखंड की पार्टी इकाई का विस्तार होगा। राज्य के दलित-आदिवासी और गरीबों की लड़ाई लड़नी है। कार्यकर्ता ही पार्टी की जान हैं। कार्यकर्ताओं के बल पर ही पार्टी इस मुकाम पर पहुंची है। संकल्प है कि विधानसभा चुनाव में गरीबों और महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे।

मुख्य राष्ट्रीय प्रवक्ता श्याम सुंदर शरण ने बताया कि हम पार्टी की वेबासाइट व्हाटसएप को संरक्षक जीतन राम मांझी के द्वारा लांच किया गया। इसमें राजनीतिक प्रस्ताव भी पास किये गये।

इनकी रही मौजूदगी : बिहार प्रदेश अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह विधायक प्रफुल्ल मांझी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह विधायक ज्योति देवी, प्रधान महासचिव राजेश पांडेय, मारकंडे प्रसाद, रमेश सिंह, देवेंद्र मांझी, कौशलेंद्र दांगी, राधेश्याम प्रसाद, त्रिलोकीनाथ, शाह नबाव, कमाल परवेज, रोमित कुमार, नंदलाल मांझी, शंकर मांझी, कमलेश सिंह समेत अन्य मौजूद थे।

राजनीतिक प्रस्ताव

- हम की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना और गरीबों की भागीदारी राजनीति में बढ़ाना
- बिहार विधानसभा चुनाव में पार्टी के द्वारा महिलाओं और गरीबों की भागीदारी को बढ़ाना
- एनडीए के सभी घटक दलों से बात कर ज्यादा सीटों का चयन और उसकी तैयारी अभी से एक अभियान चलाकर करना
- संगठन का विस्तार बिहार सहित अन्य राज्यों में मजबूती से करना
- पितृपक्ष मेला को अंतरराष्ट्रीय मेला घोषित करने का संकल्प

बंगाल में बाढ़ के लिए ममता ने झारखंड को ठहराया जिम्मेदार, तो बोले हिमंता, मैं नहीं मानता

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। पश्चिम बंगाल में बाढ़ के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने झारखंड को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने इसे मानव निर्मित बताया है। इस पर झारखंड बीजेपी के चुनाव सह प्रभारी और असम के सीएम हिमंता विस्वा सरमा ने प्रतिक्रिया दी है। हिमंता ने ममता बनर्जी के दावे को गलत बताया है। दरअसल, ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया प्लेटफोर्म एक्स पर एक पोस्ट के जरिये बताया है कि उन्होंने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बात की है।

बंगाल सीएम ने कहा है, उनसे बाढ़ की उभरती स्थिति पर चर्चा की है। ममता ने आगे लिखा है कि मैंने उनसे तेनुघाट से अचानक और भारी मात्रा में पानी छोड़े जाने के मामले पर चर्चा की, जिससे पहले ही बंगाल में बाढ़ आनी शुरू हो गयी है। मैंने उनसे कहा कि झारखंड का पानी बंगाल में बाढ़ ला रहा है और यह मानव निर्मित है। मैंने उनसे अनुरोध किया कि कृपया इस बात का ध्यान रखें।

बंगाल में आयी बाढ़ के लिए झारखंड सरकार जिम्मेदार नहीं: हिमंता विस्वा सरमा

ममता बनर्जी को जवाब देते हुए हिमंता विस्वा सरमा ने लिखा है कि मैं दीदी का सम्मान करता हूं, लेकिन मैं उनकी इस धारणा को स्वीकार नहीं कर सकता कि झारखंड सरकार पश्चिम बंगाल में आयी बाढ़ के लिए जिम्मेदार है। दोनों सरकारों को लोगों की कठिनाइयों को कम करने के लिए मिल कर काम करना चाहिए। हर साल, अरुणाचल और भूटान पहाड़ियों से आनेवाला पानी असम में बाढ़ का कारण बनता है। हालांकि, हम अरुणाचल सरकार या रॉयल भूटान सरकार को दोष नहीं देते, क्योंकि हम समझते हैं कि पानी की कोई सीमा नहीं होती। यह स्वाभाविक रूप से नीचे की ओर बहता है।

रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ की सामाजिक पहल

सर्दियों में जरूरतमंदों को उपलब्ध करायेंगे गर्म कपड़े

लोगों से इस मुहिम में आगे आने की अपील

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राजनीति के साथ सामाजिक कार्यों के प्रति भी हमेशा सजग रहने वाले रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने पहल की है। श्री सेठ ने सर्दियों में जरूरतमंदों के लिए ऊल बैंक खोलने की घोषणा की। इसके लिए केंद्रीय कार्यालय में सांसद ने पत्रकारों से बात की। कहा कि ठंड में एक बड़ी आबादी है, जिसे गर्म कपड़े उपलब्ध नहीं हो पाते। ठंड की ठिठुरन कई बार उनकी जान ले लेती है। ऐसे बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग सभी वर्ग के लोग इस समस्या से रू-ब-रू होते हैं। निश्चित रूप से यह समाज की भी जिम्मेदारी बनती है कि उन लोगों को ठंड से बचायें। इसी उद्देश्य के साथ ऊल बैंक आरंभ किया गया है। यह बैंक इसलिए इतनी जल्दी आरंभ किया गया है, ताकि सर्दियों के शुरू होते ही जरूरतमंदों तक गर्म कपड़े पहुंच सके। श्री सेठ ने कहा कि रांचीवासियों ने बुक बैंक और टॉय बैंक में भरपूर सहयोग किया। यही वजह है कि बुक बैंक के माध्यम से तीन लाख से अधिक पुस्तक बांट सके। टॉय बैंक के माध्यम से 70 हजार से अधिक खिलौने का वितरण जरूरतमंद बच्चों के बीच किया। अब समाज से एक बार फिर आग्रह करता हूं कि जिम्मेदारी उन लोगों के लिए भी निभायें, जिनके पास ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़े नहीं होते। केंद्रीय मंत्री ने रांची के नागरिकों से आह्वान किया कि आपके घर में पुराने परंतु अच्छी स्थिति में जो गर्म कपड़े पड़े हैं, जिनका उपयोग नहीं करते हैं। उन कपड़ों को साफ-सुथरा करके केंद्रीय कार्यालय में जमा करें।

रांची में जल जमाव पर कहा कि यह सरकार सिर्फ और सिर्फ जनता को धोखा देने का काम कर रही है। पिछले वर्ष भी जलजमाव की ऐसी समस्या राजधानी में हुई थी। तब भी सरकार को आगाह किया था। राजधानी की जनता से कोई मतलब नहीं है। कल जब पूरी राजधानी पानी पानी हो गयी थी, तो सरकार का एक भी नुमाइंदा जनता की सुध लेने को तैयार नहीं दिखा। इस अवसर पर रांची के विधायक सीपी सिंह भी मौजूद रहे।

राज्य सरकार का अपराधियों को है खुला संरक्षण

केंद्रीय राज्य मंत्री में राज्य सरकार को भी आड़े हाथों लिया। लॉ एंड ऑर्डर के मुद्दे पर कहा कि यह कैसा शहर है, जहां पत्रकारों पर भी हमले हो रहे हैं। वकील की हत्या हो रही है। समाज को सुरक्षा देने की जिम्मेदारी निभाने वाला दारोगा भी सुरक्षित नहीं है। यह स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करता है कि राज्य की सरकार का अपराधियों को खुला संरक्षण प्राप्त है। झामुमो, कांग्रेस और राजद के साथ वामपंथियों के गठबंधन से चल रही सरकार ने अपराधियों को खुली छूट दे रखी है। इसलिए अपराध का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है। यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि जिस राजधानी में मुख्यमंत्री रहते हैं। सरकार के सभी मंत्री रहते हैं। वहां दिनदहाड़े वारदात हो जा रही है। जब दारोगा और वकील सुरक्षित नहीं हैं, तो हम सहज कल्पना कर सकते हैं कि इस राज्य में कौन सुरक्षित है।

कांग्रेस प्रदेश महासचिव विनोद कुशवाहा ने जरूरतमंदों को फॉर्म उपलब्ध कराया

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। सदर विधानसभा क्षेत्र के प्रखंड कटकमसांडी के पंचायत कंचनपुर जलमा एवं नगर पालिका के विभिन्न वार्डों में झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश महासचिव विनोद कुशवाहा ने जरूरतमंदों को फार्म उपलब्ध कराया। साथ ही विभिन्न कैंपों में जाकर जायजा लिया और कोई लाभुक छूटे नहीं। इस योजना का लाभ प्रत्येक गरीब तक पहुंचे इसके लिए संकल्पित सरकार की इस महान योजना के लिए निश्चित तौर पर आने वाले समय में मिल का पत्थर साबित होगा। इस दौरान कांग्रेस पार्टी के प्रवेश अहमद, मनोज सिंह, प्रकाश कुशवाहा, अजय राणा, अनिल मेहता, राज किशोर मेहता, प्रभात कुमार, संतोष सिंह, अजय प्रजापति, अशोक कुशवाहा, नरेश साहू, लखन रविदास, प्रमोद रविदास, सोहर बुलिया, अनूप प्रसाद, लखन कुशवाहा, सहदेव कुशवाहा, प्रमोद कुशवाहा, संतोष प्रसाद, चुरामन कुशवाहा मुख्य रूप से फार्म वितरण करने में भूमिका निभा रहे थे।

32 साल से भाजपा कार्यकर्ता के रूप में कर रहा हूं कार्य : अभिमन्यु प्रसाद

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। विधानसभा चुनाव जैसे जैसे नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे नेता चुनाव लडने और टिकट पाने में अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं। हजारीबाग जिला के सदर विधानसभा से विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह कोडरमा जिला प्रभारी अभिमन्यु प्रसाद भी टिकट के दावेदारी में लगे हैं। अभिमन्यु सदर विधानसभा के दारू प्रखंड के रहने वाले हैं और हजारीबाग शहर के बीचों बीच स्थित प्रभु निवास मार्केट में उनका ठिकाना हैं। अन्नपूर्णा देवी के जीत में भी इनका योगदान रहा है। अभिमन्यु प्रसाद ने बताया की 1992 से अब तक भाजपा में हूं। नगर महामंत्री से राजनीति सफर शुरू किया, उसके बाद जिला प्रवक्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष उद्योग प्रकोष्ठ भी रहा। कई लोकसभा चुनाव का देख रेख का दायित्व भी सौंपा गया, जिसे बखूबी निभाया। इसके अलावा कायस्थ महासभा के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष के साथ हजारीबाग चित्रगुप्त पूजा समिति का अध्यक्ष भी हूं। मेरे पिता जी अधिवक्ता के साथ भाजपा में थे, उन्ही से सीख लेकर मैं भी लाल कृष्ण आडवाणी के कार्यक्रम में भाजपा में शामिल हुआ था। अभिमन्यु प्रसाद ने बताया की लगभग 32 साल से भाजपा में हूं, अगर भाजपा नेतृत्व ने मुझे हजारीबाग सदर विधानसभा से उम्मीदवार बनाया, तो निश्चित रूप से चुनाव लड़ सीट जीतूंगा।

विक्की कुमार धान ने स्पेशल ब्रांच के दारोगा की हत्या पर जतायी चिंता

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। स्पेशल ब्रांच के 2018 बैच के दरोगा अनुपम कच्छप की गोली मारकर हत्या किये जाने पर राष्ट्रीय आदिवासी छात्र संघ के महासचिव विक्की कुमार धान ने प्रशासन से कड़ी कार्यवायी करने की मांग की। विक्की धान ने कहा कि लगातार आदिवासी दरोगाओं को टारगेट कर मारा जा रहा है, जिसमें 2018 बैच की दरोगा रुपा तिर्की और संध्या टोप्पो भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि युवा और होनहार अनुपम कच्छप की हत्या बेहद निंदनीय है। राज्य में आदिवासी मुख्यमंत्री होने के बावजूद आदिवासियों को लगातार निशाना बनाया जा रहा है। विक्की धान ने झारखंड सरकार से मांग की है कि इस मामले में जल्द से जल्द उचित कार्रवाई की जाए। उन्होंने यह भी मांग की कि अनुपम कच्छप के परिजनों को उचित सहायता राशि और सरकारी नौकरी देने की घोषणा की जाए। विक्की धान ने रांची में बढ़ते अपराध पर चिंता जताई और कहा कि अपराधी बेलगाम हो गए हैं, जो किसी को भी गोली मार रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब पुलिस ही सुरक्षित नहीं है तो आम आदमी कैसे सुरक्षित महसूस करेगा। राष्ट्रीय आदिवासी छात्र संघ के महासचिव ने राज्य सरकार से अपराध पर काबू पाने और कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने की अपील की है।

मुन्ना सिंह ने किया मंइयां सम्मान योजना पंजीकरण सेंटर का दौरा

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने रविवार को नगरनिगम क्षेत्र में मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना के तहत पंजीकरण सेंटर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने वार्ड 3, 4, 20, 21, 22, 23, 24, 25, 26, 27, 28, 29, 30, 31, 32 और 33 में आयोजित पंजीकरण अभियान का जायजा लिया। इस अभियान के तहत महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मनोज नारायण भगत ने भी इन कार्यक्रमों में वार्ड और बूथ कमेटी के सदस्यों के साथ पंजीकरण सेंटर का जायजा लिया। मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना के माध्यम से राज्य की गरीब और मध्यम वर्गीय महिलाओं को हर महीने ?1000 की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर मुन्ना सिंह ने कहा, झारखंड सरकार खुशियों की बौछार लेकर आई है, और हर जरूरतमंद महिला को प्रतिवर्ष बारह हजार रूपए मिलेगा। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार की इस योजना से महिलाओं की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर नगरनिगम क्षेत्र में प्रमुख रूप से महानगर उपाध्यक्ष कृष्णा किशोर प्रसाद, रघु जायसवाल, बबलू सिंह, अभय यादव, मो नन्हे, मो मोजिब, संतोष कुमार, दीपक सिंह, विकास सिन्हा, गणेश रजक, तारिक रजा, मो शाने, संजीव सिंह, बसंत सोनी, मो जावेद, सुधीर सिंह, मो शबीर, मो लाल, सुजीत सिंह, भोला सिंह, पप्पू सिंह, राजेश कुशवाहा सहित कई कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सर्वर डाउन रहने से शिविर से लौटे लाभुक

विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। विष्णुगढ़ के विभिन्न पंचायत सचिवालयो में राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना झारखंड मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना को लेकर तीन से दस अगस्त तक शिविर का आयोजन किया गया है। शनिवार को इस योजना को लेकर सभी पंचायत सचिवालय में महिला लाभुकों की काफी भीड़ जुटी, विष्णुगढ़ मुख्यालय समेत प्रखंड के तमाम पंचायत सचिवालय में योजना को लेकर महिला लाभुकों भीड़ उमड़ पड़ी। विष्णुगढ़ प्रखंड में 26 घंटा बिजली बाधित रहने से नेट का सर्वर डाउन रहा, जिससे सभी महिला लाभुक अपने प्रपत्र प्राप्ति एवं ऑनलाइन को लेकर घंटो खड़ी रही,लेकिन लाभुको की प्रपत्र ऑनलाइन नहीं की गयी। सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन के तहत 21 वर्ष से 50 वर्ष से कम आयु की सुयोग्य महिला लाभुकों को 1000 रूपए प्रतिमाह की दर से आर्थिक सहायता भुगतान की जायेगी। इस संबंध में पंचायत प्रतिनिधियों ने सर्वर डाउन रहने पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि लाभुकों को घबराने की जरूरत नहीं है सभी का आवेदन पत्र ऑनलाइन किया जायेगा शीघ्र सर्वर ठीक होने की बात कही गयी।

खेलो विधानसभा हजारीबाग फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन

खिलाड़ियों को प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा : मनीष जायसवाल

ग्रामीण प्रतिभा को उजागर कर प्रदेश तथा राष्ट्रीय स्तर पर खिलाडियों को पहुंचाना है : शेफाली गुप्ता

आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता के सौजन्य से कर्जन ग्राउंड हजारीबाग स्टेडियम में दिन रविवार को 'खेलो विधानसभा हजारीबाग' फुटबॉल टूर्नामेंट - 2024 का विधिवत उद्घाटन हुआ। मुख्य अतिथि हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने दीप प्रज्ज्वलित एवं फुटबॉल पर किक मारकर शुभारंभ किया। टूर्नामेंट के आगाज से पूर्व सभी टीम को अभ्यास के लिए फुटबॉल भेंट किया गया। साथ ही सभी टीम के खिलाडियों को जर्सी भी प्रदान किया गया। उद्घाटन मैच हजारीबाग सेंटर एवं ग्रामीण एलेवन के बीच दोस्ताना मुकाबला खेला गया। मुकाबला में हजारीबाग सेंटर टीम ने 2 गोल तथा ग्रामीण एलेवन टीम ने 1 गोल किया। निर्णायक की भुमिका में रेफरी शशि कुमार दास, गौरव कुमार एवं बबलू कुमार ने अपना सरहानीय योगदान दिया। ज्ञात हो कि यह टूर्नामेंट सदर विधानसभा क्षेत्र के हर प्रखण्ड में आयोजन किया जायेगा। जिसमें सभी पंचायत की टीमें इसमें हिस्सा लेगी तथा लगभग 75 पंचायत की टीमें टूर्नामेंट में भाग लेगी। मुख्य अतिथि हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने खिलाडियों को संबोधित कर कहा कि खेलो विधानसभा हजारीबाग फुटबॉल टूर्नामेंट के माध्यम से कई खिलाडियों को अपना प्रतिभा को दिखाने का अवसर मिलेगा। यह टूर्नामेंट जिस सोच के साथ आयोजन किया जा रहा है। इस सोच को मेरा सलाम। उन्होंने कहा कि फुटबॉल एक ऐसा खेल है जिससे मानसिक एंव शारीरिक दोनों स्वस्थ रहता है। फुटबॉल के प्रति खासकर सदर विधानसभा क्षेत्र में काफी रूझान है। भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने खिलाडियों को संबोधित कर कहा कि युवाओं की मांग पर हमने खेलो विधानसभा हजारीबाग फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया है। सदर विधानसभा क्षेत्र के चार प्रखण्ड सदर, कटकमदाग, कटकमसांडी एवं दारू में प्रखण्डवार टूर्नामेंट का आयोजन का किया जायेगा। जिसकी शुरूआत रविवार को कर्जन ग्राउंड, हजारीबाग स्टेडियम से हुआ है। मौके पर विशेष रूप से पूर्व विधायक प्रतिनिधि अजय साव, विजय कुमार, किशोरी राणा, शिवपाल यादव, कटकमसांडी पूर्वी मंडल अध्यक्ष जीवन मेहता, कटकमसांडी पश्चिमी मंडल अध्यक्ष रीतलाल यादव, सदर पश्चिमी मंडल अध्यक्ष रंधीर पाण्डेय, कुंवर मनोज सिंह, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेणुका साव, संघ के गंगाधर दुबे, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेश कुमार, मनीष कुमार, सत्यभामा, रानी शुक्ला आदि उपस्थित थे।

जनमानव कल्याण फाउंडेशन ने लगाया शिविर, 11 लोगों ने किया रक्तदान

आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। शहर के राजा बंगला में जनमानव कल्याण फाउंडेशन ने रक्तदान शिविर लगाया। जिसमें 11 लोगों ने स्वैक्षिक रक्तदान किया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन जीप चेयरमैन उमेश प्रसाद मेहता और फाउंडेशन के अध्यक्ष मुकेश कुमार ने किया। इस दौरान जीप चेयरमैन उमेश प्रसाद मेहता ने रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते हुए कहा की रक्तदान सबसे बड़ा दान है। जो युवा स्वेक्षा से रक्तदान कर रहे, वह बधाई के पात्र है। हर व्यक्ति को जिंदगी में कम से कम एक बार रक्तदान करना चाहिए। क्योंकि यही रक्तदान किसी की जान बचाती है। साथ ही युवाओं से रक्तदान करने का अपील किया। फाउंडेशन के अध्यक्ष मुकेश कुमार ने कहा की आज 11 युवाओं ने रक्तदान किया। फाउंडेशन जल्द और भी रक्तदान शिविर का आयोजन करेगा। साथ ही बचाया की कम समय में फाउंडेशन में साढ़े सात सौ युवा जुड़ चुके है। जिनका एक मात्र उद्देश्य सामाजिक क्षेत्र में कार्य करते हुए निस्वार्थ फाउंडेशन को आगे बढ़ाना है। रक्तदान के पश्चात वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन ने समस्त रक्त दाताओं के उज्जवल भविष्य की? कामना करते हुए उनके इस नेक कार्य के लिए बहुत-बहुत साधुवाद किया। साथ ही आयोजकों एवं रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। रक्तदान करने वालों में मुकेश कुमार, पवन कुमार, अविनाश सिंह, आकाश कुमार, निशांत सिंह, सुमन कुमार, सुनील सोनी, अजय मेहता, मंजीत मेहता, नितेश मेहता, चंकी मेहता, मनोज मेहता, हेमराज मेहता, अरुण कुमार, पींटु कुमार, सुजीत कुमार, पंकज कुमार आदि शामिल हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष मुकेश कुमार, सचिव पवन कुमार, उपाध्यक्ष अविनाश सिंह, कोषाध्यक्ष अजय कुमार आदि का योगदान रहा।

विश्व आदिवासी दिवस की तैयारी को लेकर बैठक

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। आदिवासी छात्रवास हजारीबाग मे विश्व आदिवासी दिवस कि तैयारी को लेकर अजय टोप्पो की अध्यक्षता मे बैठक हुई। बैठक मे मुख्य रूप से आदिवासी केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष महेंद्र बेक, सचिव सुनील लकड़ा, आदिवासी छात्र संघ के केंद्रीय उपाध्यक्ष सुशील ओड़िया, आदिवासी समाज के संयोजक रमेश कुमार हेम्ब्रोम, रवि लिंडा, ऑल संथाल स्टूडेंट यूनियन के अध्यक्ष मनोज टुडू उपस्थित थे। बैठक मे विश्व आदिवासी दिवस को शहर अखरा धूमकुड़िया भवन मे धूमधाम से मनाने पर जोर दिया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय होंगे। इस बैठक मे जितवाहन भगत, अमीन कुजूर, प्रकाश होनहागा, बिरसा मुण्डा, प्रतिमा उरांव, पायल तिर्की, प्रमिला मुर्मू समेत अन्य उपस्थित रहे।

हमें साझा समाज में रहने का हुनर सीखना चाहिए : इबरार अहमद

आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। पूरे राष्ट्रीय स्तर में चरणबद्ध तरीके से चल रहे मुसलमानों के प्रति हिंसा और घृणा अभियान के विरुद्ध राज्यस्तरीय बैठक में राज्य के कई जिलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। यह बैठक पगमिल, हजारीबाग स्थित होटल ग्रैंड मैरिज हॉल के सभागार में आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता माही व साझा मंच के कन्वेनर इबरार अहमद ने की जबकि मंच संचालन माही के प्रवक्ता मुस्तकीम आलम ने किया। इस बैठक में चिंता जाहिर की गयी कि सुनियोजित तरीके से मुस्लिम बच्चों के खिलाफ साजिशें रची जा रही है और उन्हें बिना कारण, बिना जांच पड़ताल के उन्हें जेलों में भेजा जा रहा है। मुस्लिम बच्चियों के खिलाफ एक चक्रव्यूह रचा जा रहा है जहां से निकलना आसान नहीं है। बच्चियां स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों और बाजारों से गायब कर दी जा रही है, उनका शारिरिक शोषण किया जा रहा। इस बात पर बैठक में गहरी चिंता जाहिर की गई है और कहा कि लोग अपने बच्चियों की निगरानी और मार्गदर्शन करें। ।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए माही व साझा मंच के संयोजक इबरार अहमद ने कहा कि समस्यायें केवल बाहरी नही है बल्कि समस्यायें हमारे भीतर भी हैं। उन्होंने कहा कि साझा समाज मे रहने का हुनर भी हमे सीखने की जरूरत है। समाज मे विभिन्न संस्कृतियों के लोग रहते हैं, हमे उनका सम्मान करना चाहिए। साझा समाज मे बहुत सारी चुनौतियां होती है लेकिन इसे समस्या के रूप में विकसित नही किया जाना चाहिए। झारखंड अंजुमन के संयोजक व वरिष्ठ समाजसेवी जुनैद अनवर ने कहा कि इस बैठक की एकमात्र मकसद है कि पूरे झारखंड की तंजीमें व सामाजिक लोग संगठित होकर अल्पसंख्यकों विशेषकर मुसलमानों के खिलाफ हो रहे अन्याय के प्रतिरोध में आवाज उठाया जाए क्योंकि हमारी समस्याओं को कही भी दर्ज नही किया जाता है। यहां तक कि प्रखंड, ब्लॉक स्तर तक भी अधिकारी नही सुनते, बल्कि हमे दोयम दर्जे के नागरिक बनाने की देशव्यापी साजिश को अंजाम दिया जा रहा है। जब राजनीति में हमारी कोई भागीदारी नही है तो सभी पार्टियां हमे अपनी राजनीति का केंद्र क्यों बनाती है? हमे गालियां क्यों दी जाती है? राज्य के समस्त मुसलमानों को यह समझना चाहिए कि यदि गोड्डा के किसी निर्दोष मुसलमान पर किसी तरह का जुल्म होता है तो वह दर्द राज्य के सभी मुसलमानों को होना चाहिए। हम समूहों में विभाजित हैं, हमे संगठित होने की जरूरत है तभी हमारी आवाज को ताकत मिलेगी।

मेडिकल डिस्पेंसरी में फिजियोथेरेपी यूनिट का हुआ उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

बड़कागांव। बड़कागांव में स्थित राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम लिमिटेड (एनटीपीसी) की एमडीओ त्रिवेणी सैनिक माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड (टीएसएमपीएल) अपने खनन परियोजना पकरी बरवाडीह में कार्यरत सभी कर्मचारियों के स्वास्थ्य को लेकर काफी सजग है। इसी के तहत रविवार 4 अगस्त 2024 को लंगातू स्थित मेडिकल क्लिनिक में फिजियोथेरेपी यूनिट का शुभारंभ किया गया।

परियोजना निदेशक संजय कुमार खटोड़ ने फीता काटकर फिजियोथेरेपी यूनिट का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर सभी मेहमानों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर त्रिवेणी ग्रुप हेल्थकेयर के हेड एन शेखर भी उपस्थित थे। मीडिया से बात करते हुए डॉयरेक्टर ऑपरेशन संजय कुमार खटोड़ ने बताया कि वर्तमान समय में फिजियोथेरेपी की आवश्यकता काफी अहम हो गयी है क्योंकि इसके द्वारा हड्डी और जोड़ों के नये और असाध्य रोगों का स्थायी निदान संभव है।

उन्होंने बताया कि आज के आधुनिक परिवेश में जहां लोगों को घंटों लगातार कुर्सी पर बैठने, गलत मुद्रा में बैठने और काम-काज करने और खेल के दौरान मांसपेशियों में खिंचाव या चोट के चलते फिजियोथेरेपी की अनिवार्यता बढ़ गई है। इसी को ध्यान में रखते हुए टीएसएमपीएल प्रबंधन ने कर्मचारियों की सुविधा के लिए इस यूनिट का शुभारंभ किया है। इस दौरान श्री खटोड़ ने फिजियोथैरेपिस्ट डॉक्टर विशाल कुमार से सभी मशीनों के बारे में गहन जानकारी ली।

त्रिवेणी ग्रुप हेल्थकेयर के हेड एन शेखर ने बताया कि यूनिट में अत्याधुनिक मशीनों द्वारा सभी प्रकार की फिजियोथेरेपी की सुविधा प्रदान की जाएगी। इनमें आईएफटी, टेंस मसल स्टिम्यूलेटर, डिजिटल अल्ट्रासोनिक थेरा पीटिक मशीन शामिल है।

इस अवसर पर सीएफओ अर्जून सिंह राठौड़, जीएम माइंस सरोजपति सिंघा, वाइस प्रेसीडेंट सीएचपी तारकेश्वर शाही,मानव संसाधन विभाग के वरिष्ठ महाप्रबंधक बिमल कुमार सिन्हा समेत टीएसएमपीएल प्रबंधन के तमाम वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारीगण उपस्थित थे।

एसडीओ ने कांवर यात्रा को लेकर की बैठक

कोडरमा (आजाद सिपाही)। सावन की चौथी सोमवारी 12 अगस्त को श्री राम संकीर्तन मंडल के द्वारा निकल जाने वाली 25वीं कांवर पदयात्रा को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह ने अपने सभागार में प्रसासनिक अधिकारियों एवं श्री राम संकीर्तन मंडल अखिल भारतीय श्री पंच निमोही अन्य अखाड़ा के सदस्य के साथ बैठक की और उनके सुझाव को जाना। बैठक के उपरांत एसडीओ रिया सिंह ने बताया कि कांवर पदयात्रा को लेकर झरनाकुण्ड से ध्वजाधारी धाम तक लगभग 15 किलोमीटर के इस यात्रा के लिए प्रशासनिक व्यवस्था चाक चौबंद रूप से कार्य करेगी। इस दौरान रास्ते में साफ सफाई, पेयजल व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, कंट्रोलिंग बिजली की कटौती, फायर ब्रिगेड की व्यवस्था स्वास्थ्य विभाग के द्वारा ध्वजाधारी धाम में सीढ़ियों पर एवं रास्ते में समुचित व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने बताया कि ड्रोन कैमरे के साथ-साथ सीसीटीवी कैमरे से भी निगरानी रखी जाएगी। जेजे कॉलेज के बाद राम मंडल की झांकी और भजन कीर्तन की मंडली को कोडरमा हनुमान मंदिर तक पहुंचाने के क्रम में लगभग 1 घंटे तक यातायात व्यवस्था को वन वे किया जाएगा। बैठक में एसडीपीओ जीतवाहन उरांव, डीटीओ विजय कुमार सोनी, विद्युत विभाग के प्रभारी ईई, पीएचडी के ईई, कोडरमा बीडीओ सुमन गुप्ता, सीओ राम प्रवेश कुमार, नगर परिषद के प्रशासक अंकित गुप्ता, कोडरमा नगर परिषद के प्रशासक शंभू प्रसाद कुशवाहा, एनसीसी 45 बटालियन के सूबेदार मेजर अरविंद कुमार, तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार, कोडरमा थाना प्रभारी सुजीत कुमार के अलावा अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

इग्नू की नामांकन और पुनः पंजीयन की तिथि बढ़ी

कोडरमा (आजाद सिपाही)। इग्नू में जुलाई 2024 शैक्षिक सत्र में सभी स्नातक, स्नातकोत्तर, पीजी डिप्लोमा, डिप्लोमा, सर्टिफिकेट कार्यक्रमों में ऑनलाइन मोड और ओडिएल मोड दोनो के लिए नामांकन और पुनः पंजीयन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 14 अगस्त 2024 तक कर दी गयी है। यह जानकारी जगन्नाथ जैन महाविद्यालय के इग्नू समन्वयक डॉ निकहत परवीन ने देते हुए बताया कि इच्छुक शिक्षार्थी लिंक के माध्यम से नामांकन ले सकते है तथा वेबसाइट के माध्यम से पुनः पंजीयन करा सकते है।

युवा कांग्रेस का 'हर घर खटाखट' कार्यक्रम शुरू

कोडरमा (आजाद सिपाही)। कांग्रेस कार्यालय बाइपास रोड कोडरमा में युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अशरफ अली और विधानसभा अध्यक्ष सद्दाम अंसारी की अध्यक्षता में युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय समन्वयक विक्रांत पांडेय के उपस्थिति में युवा कांग्रेस के हर घर खटाखट कार्यक्रम को लांच किया। राष्ट्रीय समन्वयक विक्रांत पांडेय ने कहा कि हर घर खटाखट कार्यक्रम के तहत युवा कांग्रेस के सभी कार्यकताओं को झारखंड सरकार की 10 योजनाओं की जानकारी जनता को देंगे और बताएंगे कि किस प्रकार झारखंड में कांग्रेस गठबंधन की सरकार ने साढ़े चार वर्षों तक जनता को सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करने का काम किया है। युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अशरफ अली ने कहा कि आज जिला में हर घर खटाखट कार्यक्रम लॉन्च किया जा रहा है और इस कार्यक्रम के तहत हमारे युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता चलो पंचायत चलो वार्ड के नारे के साथ जिला के पंचायतों में चौपाल लगाकर सरकार द्वारा जनता को दी जा रही योजनाओं की जानकारी और चर्चा जनता के साथ करेंगे। हर घर खटाखट कार्यक्रम में मुख्य रूप से युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय समन्वयक विक्रांत पांडेय, जिला सचिव गालिब, जिला परिषद लक्ष्मण यादव, सद्दाम अंसारी, युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष अरमान खान, संजय दास, सोहेब अख्तर, कासिम अली, जयनगर प्रखंड अध्यक्ष अनिल कुमार दस, कोडरमा प्रखंड अध्यक्ष प्रकाश कुमार, जमाल एवं अन्य युवा कांग्रेस गण उपस्थित रहे।

नाबालिग को भगाने के आरोप में दो गिरफ्तार

जयनगर (आजाद सिपाही)। जयनगर थाना के दो अलग-अलग कांडों में नाबालिक लड़की को भगाने के आरोप में दो अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। दोनों कांडो में नाबालिक लड़की को बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त जयनगर थाना कांड संख्या 140/ 24 के प्राथमिकी अभियुक्त सोनु कुमार यादव ग्राम माधोपुर थाना सतगांवा एवं जयनगर थाना कांड संख्या 147/24 के प्राथमिकी अभियुक्त सरफराज खान मंडरिया थाना जयनगर को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

बारिश में घर पर गिरा पेड़, बचे परिवार के लोग

जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के गोहाल पंचायत अंतर्गत ग्राम नन्दोडीह में मधु देवी पति विनोद साव, आशा देवी पति सुनील कुमार गुप्ता, नैना देवी पति रविंद्र कुमार गुप्ता, गुड़िया देवी पति रवि कुमार गुप्ता सभी एक ही परिवार के लोग हैं। बहुत बारिश के कारण 3 अगस्त की रात्रि लगभग 10 बजे आम का पेड़ का टहनी गिर जाने के कारण मिट्टी का घर गिर गया। वे लोग बाल बाल बचे और सुबह होते ही गुहार लगाये। गुहार सुनते हुए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के सहायक अंचल मंत्री राजेंद्र रजक स्थल पर पहुंचे और वहीं से बीडीओ जयनगर गौतम कुमार को फोन किए लेकिन फोन नहीं उठा। फिर व्हाट्सएप के माध्यम से सूचना दिया गया। जब परिजनों से पूछा गया कि यह घटना कैसे हुआ तो घटना के बारे में बताया कि बारिश के कारण आम का पेड़ का टहनी टूटने के कारण हुआ। हम लोग वहां से जैसे तैसे निकले। हम लोगों को अभी तक अबुआ आवास में नाम नहीं है और ना अभी तक मिला है। उन सभी परिजनों का मांग है कि जल्द से जल्द अबुआ आवास सूची में नाम जोड़ा जाए। वहीं राजेंद्र रजक ने कहा कि अबुआ आवास में बबुआ का राज नहीं चलने देंगे। जब से जयनगर ब्लॉक में नये बीडीओ गौतम कुमार आए हैं तब से खुले आम घुसखोरी चल रही है।

पूर्व विधायक ने किया फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन

बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। गोरहर थाना क्षेत्र के बड़कीटांड में सरना क्लब के तत्वाधान में फुटबॉल टूर्नामेंट उद्घाटन किया गया। मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व अध्यक्ष झारखंड राज्य आवास बोर्ड सह पूर्व विधायक बरकट्ठा सह झामुमो केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य ने विधिवत फीता काटकर व फुटबॉल किक मारकर किये। मौके पर जीप सदस्य कुमकुम देवी, जीप प्रतिनिधि सी के पांडेय, मुखिया निजाम अंसारी, पंसस प्रतिनिधि महेंद्र महतो मुखिया प्रतिनिधी छोटन कोल, पूर्व विधायक प्रतिनिधि सह पूर्व मुखिया राजकुमार नायक मुख्य रूप से उपस्थित थे। मौके पर पूर्व विधायक जानकी यादव ने कहा कि फूटबॉल टूनार्मेंट के आयोजन होने लोगों में शारीरिक विकास होता है। आज के बच्चे खेल में भी अपना कैरियर बना सकते हैं। जीप प्रतिनिधि चंद्र कांत पांडेय ने उपस्थित टीमों के बीच फूटबॉल का वितरण कर हौसला बढ़ाया।

अर्जुन मुंडा से मिले सिमरिया विधायक

टंडवा (आजाद सिपाही)। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा से रांची स्थित उनके आवास पर सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास ने शिष्टाचार भेंट किया। इस दौरान विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक विषयों पर सकारात्मक और विस्तृत चर्चा हुयी।

सुबोध साव ने आरकेएमयू यूनियन के राष्ट्रीय सचिव से शिष्टाचार मुलाकात की

टंडवा (आजाद सिपाही)। वैश्य मोर्चा चतरा महिला जिलाध्यक्ष पति सह आरकेएमयू यूनियन के आम्रपाली चंद्रगुप्त उपाध्यक्ष सुबोध कुमार साव, आरकेएमयू यूनियन के राष्ट्रीय सचिव ललन प्रसाद सिंह से शिष्टाचार मुलाकात किया। वहीं मगध-आम्रपाली परियोजना के ठेका मजदूरों और सीसीएल कर्मचारियों के वर्तमान समस्या से अवगत कराया। यूनियन नेता ललन प्रसाद सिंह ने आश्वासन दिया की शीघ्र मगध आम्रपाली परियोजना में आकर मजदूरों की समस्या का हल निकालने का कोशिश करूंगा। मिलने वालों में मुकुल साव, उमन कुमार, चूरामन साव और अन्य उपस्तिथ थे।

डाहा गांव में आहर में डूबने से किसान की मौत

हंटरगंज (आजाद सिपाही) । प्रखंड के डाहा गांव में शनिवार को आहार में डूबने से एक किसान की मौत हो गयी। मृतक किसान डाहा गांव के मुंशी यादव के 35 वर्षीय पुत्र वासुदेव यादव है। वासुदेव यादव अपने खेत में हल जोत रहा था। हल जोतने के बाद अपने बैल को धोने के लिए आहर में गया था। इसी दौरान पैर फिसल गया और गहरे पानी में चला गया। उसे हंटरगंज अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पोस्तिया रोड बारिश में टूटा, आवागमन बाधित

हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के सलैया पंचायत अंतर्गत पोस्तिया गांव में बीते शनिवार की रात तेज बारिश में सड़क में बने पुलिया टुट गया। जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। जानकारी के अनुसार पोस्तिया मध्य विद्यालय जाने वाली सड़क महादेव यादव घर के पास बने पुलिया पूरी तरह से बह गया है । जिसके कारण ग्रामीणों और बच्चों को आने-जाने में काफी दिक्कत हो रहा है।

पांच वर्ष में चार करोड़ युवाओं को मिला लाभ : मनीष

रामगढ़ पहुंचे सांसद मनीष जायसवाल, बजट पर किया प्रेस कॉफ्रेंस

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ को हेमंत सोरेन की सरकार ने मौन सहमति दे दी है। यही वजह है कि झारखंड में आदिवासियों और मूल निवासियों को पूरा न्याय नहीं मिल पा रहा है। उक्त बातें रविवार को रामगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान सांसद मनीष जायसवाल ने कही। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का यह बजट पूर्ण रूपेण संतुलित है। इस बजट में युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए अनेक प्रावधान किये गये हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को अगले 5 वर्ष की अवधि के लिए बढ़ा दिया गया है। जिसमें 80 करोड़ से अधिक लोगों को लाभ होगा।

5 वर्षों में मिलेगा 4 करोड़ युवाओं को लाभ: युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पैकेज की घोषणा की गयी है। जिसमें 5 वर्ष की अवधि में 4 करोड़ युवाओं को लाभ मिलेगा। शिक्षा रोजगार और कौशल प्रशिक्षण के लिए 1.48 लाख करोड रुपये का प्रावधान रखा गया है। किसानों की खेती बाड़ी के लिए 32 कृषि और बागवानी फसलों की नई 109 उच्च पैदावार वाली जलवायु अनुकूल किस्में जारी की जायेगी। ईपीएफओ में पंजीकृत कर्मचारियों को प्रतिमाह अधिकतम 15000 वेतन होगा। जिससे 210000 युवाओं को परोक्ष रूप से लाभ मिलेगा।

पीएम आवास योजना के तहत बनाया जा रहा घर : सांसद ने कहा कि पीएम आवास योजना के तहत अब तक 4 करोड़ आवास बनाया जा चुका है। आवास विहीन लोगों को 3 करोड़ आवास मुहैया कराने की योजना है। सांसद ने यह भी कहा कि युवाओं को शीर्ष कंपनियों में इंटर्नशिप योजना के तहत 5000 प्रति माह इंटर्नशिप भत्ता और 6000 की एक मुश्त सहायता दी जायेगी। उन्होंने कहा कि पीएम मुद्रा योजना के तहत दी जाने वाली राशि 10 लाख से बढाकर 20 लाख कर दी गयी है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, रंजन फौजी, राजीव पामदत्त, विजय जायसवाल, सूर्यवंश श्रीवास्तव, सरदार अनमोल सिंह, बसूध तिवारी, राजीव जायसवाल, धनंजय कुमार पुटूस, सरदार अनमोल सिंह, संतोष कुमार शर्मा, धीरज साहू, मनोज गिरि सहित कई लोग शामिल थे।

किसान मजदूर फाउंडेशन ने सांसद का किया स्वागत

रामगढ़। किसान मजदूर फाउंडेशन सांसद सह संसदीय प्राक्कलन समिति के सदस्य मनीष जायसवाल का स्वागत शहर के सुभाष चौक पर किया। फाउंडेशन के अध्यक्ष रामदेव प्रसाद, कोषाध्यक्ष अभिमन्यु प्रसाद कुशवाहा द्वारा बुके दे कर सांसद का स्वागत किया गया। इस दौरान सांसद द्वारा सुभाष चंद्र बोस के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। साथ ही रामगढ़ किसान मजदूर फाउंडेशन के द्वारा स्थानीय मूल निवासी किसान दुकानदार के बीच डेली मार्केट में उत्पन्न समस्या का समाधान हेतु आग्रह किया। स्वागत करने वालों में संदीप कुमार, राजकुमार कुशवाहा, बलराम प्रसाद कुशवाहा, कपिल देव प्रियदर्शी, अमित कुमार, सुधीर कुमार, श्याम नंदन सिंह, सरफुद्दीन कुरैशी, मोहम्मद नजीर, नागेंद्र कुमार, पूरन महतो, नरेश कश्यप, जगदीश महतो, कालेश्वर महतो, संतलाल महतो, बसंत कुमार कुशवाहा सहित शामिल थे।

सांसद मनीष जायसवाल से मिला भाजपा नप प्रतिनिधिमंडल, रखी क्षेत्र की समस्याएं

कुजू (आजाद सिपाही)। हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल से भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज गिरी की अगुवाई में रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात किया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने सांडी मनमोहन नगर राधा कृष्ण मंदिर का सुंदरीकरण, दिगवार में राधा कृष्ण मंदिर का सुंदरीकरण, उत्क्रमित उच्च मध्य विद्यालय दिगवार के बाउंड्रीवाल की ऊंचाई एवं बाउंड्री वॉल का सुंदरीकरण, बोंगावार में राजेश प्रजापति के घर से लेकर किरण देवी के घर तक बिजली पोल तार का लगाने, दिगावार चौक से लेकर दिगवार मंदिर तक पीसीसी पथ निर्माण और नाली गढ़वाल का निर्माण की मांग की है। सांसद से मिलने वालों में भाजपा रामगढ़ नगर मंडल अध्यक्ष मनोज गिरी, भाजपा नेता अरुण कुशवाहा, रोहन लाल, पुण्य प्रकाश कुशवाहा, संतोष शर्मा, बहादुर सिंह, सुरेंद्र, अमित पांडेय, संजय सिंह, जितेंद्र, नूतन, हरिलाल समेत अन्य लोग शामिल रहे।

बारिश अधिक होने से गरीब मुस्लिम परिवार का घर हुआ ध्वस्त, मुआवजे की मांग

रजरप्पा (आजाद सिपाही)। रामगढ़ प्रखंड क्षेत्र के कुंदरु कला पंचायत मुस्लिम टोला निवासी रमजान अंसारी (35 वर्षीय) पिता अब्दुल रहमान का मकान गिरा और ध्वस्त हो गया। पिछले दो दिनों से लगातार मूसलाधार बारिश होने के कारण एस्बेस्टस से बना एक कमरा गिर गया, जहां पूरा परिवार का आशियाना बना हुआ था। पीड़ित व्यक्ति अपना आशियाना उजड़ने को लेकर पंचायत के मुखिया को फोन से सूचना दिया। इस बाबत मुखिया ने कहा कि क्षतिपूर्ति के लिए प्रखंड के आपदा प्रबंधन विभाग को आवेदन दिया जाने का सलाह दिया।

तेतरिया नाला पुलिया बही, रौशनलाल ने किया निरीक्षण

उरीमारी (आजाद सिपाही)। बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पोटंगा पंचायत क्षेत्र के जरजरा चौक से कुछ दूरी पर स्थित भारी बारिश के कारण तेतरिया नाला पुलिया बहा, जिसके चलते जरजरा चौक से गरसुला, गिद्दी को जोड़ने वाली मुख्य सड़क में ग्रामीणों का आवागमन बंद हो गया। जिसे लेकर आजसू पार्टी के बड़कागांव विधानसभा प्रभारी सह पूर्व विधायक प्रत्याशी रौशनलाल चौधरी ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान श्री चौधरी ने कहा कि पुलिया टूट कर बह जाने से राहगीरों और ग्रामीणों के साथ-साथ स्कूली बच्चों को आवागमन करने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मौके पर केंद्रीय महासचिव सतीश सिंहा, केंद्रीय सदस्य सुनील उरांव, अनिल साव, दशरथ प्रजापति, अशोक बेदिया, बिनोद करमाली, जितेंद्र करमाली, विक्की, कार्तिक मांझी, विजय सहित कई लोग मौजूद थे।

ओवरलोडिंग बंद कराने को लेकर ओनर एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता

कुजू। ट्रक ट्रेलर हाईवा ऑनर एसोसिएशन की बैठक डटमामोड़ कुजू में हुई। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय प्रसाद ने की। बैठक के दौरान सभी फैक्ट्री संचालकों, ट्रांसपोर्टरों तथा रेलवे साइडिंग से जुड़े लोगों से क्षेत्र में चलाये जा रहे ओवरलोडिंग कार्य का परिचालन स्वतः बंद करने का आह्वान किया है। इस आह्वान के बाद विभाग और कार्यरत फैक्ट्री संचालकों, ट्रांसपोर्टरों तथा रेलवे साइडिंग से जुड़े लोगों द्वारा ओवरलोडिंग बंदी करने पर उचित विचार नहीं होने की स्थिति पर उग्र आंदोलन करने का निर्णय लिया है। मालूम हो कि ओवरलोडिंग बंदी करने के मामले को लेकर ऑनर एसोसिएशन ने जिले के प्रशासनिक अधिकारी, डीटीओ समेत थाना प्रभारी को आवेदन पत्र सौंपते हुए सात दिनों के अंदर पहल करने का अनुरोध किया है। वहीं, ट्रक, ट्रेलर और हाईवा ऑनर एसोसिएशन के पदाधिकारी और सदस्यों ने स्पष्ट रूप से कहा कि ओवरलोडिंग का परिचालन जिले में बंदी नहीं होने पर धरना प्रदर्शन समेत उग्र आंदोलन किया जायेगा। ट्रक ऑनर एसोसिएशन के संरक्षक महेंद्र प्रसाद ने जानकारी दिया है कि ओवरलोडिंग बंदी अभियान को लेकर कई तैयारियां शुरू कर दी गयी है। जिसके तहत आगामी 5 अगस्त को डटमामोड़ में एसोसिएशन का कार्यालय का शुभारंभ किया जायेगा। इसी कार्यालय से ओवरलोडिंग बंदी करने को लेकर कई तैयारियों पर समीक्षा की जायेगी। उन्होंने ट्रक मालिकों से सुबह 10 बजे उपस्थित होने का अनुरोध किया है। मौके पर मधु साव, पारस महतो, शंकर प्रसाद, योगेंद्र सिंह, प्रेम, मिथिलेश, संतोष कुमार, महेंद्र साहू,तालेश्वर साव, राजेश प्रसाद, राहुल वर्मा शामिल रहे।

बच्चे नियमित कक्षा में रहें उपस्थित बढ़ेगी बौद्धिक क्षमता : बीएन साह

राधा गोविंद विश्वविद्यालय में विदाई सह स्वागत समारोह का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। राधा गोविंद विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग के स्नाकोत्तर सत्र 2022-24 और स्नातक सत्र 2021-24 के विद्यार्थियों की विदाई तथा सत्र 2024-26 और 2024-28 के विद्यार्थियों के स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो समरेंद्र नाथ साहा, उपकुलपति प्रो रश्मि, कुलसचिव प्रो निर्मल कुमार मंडल और राधा गोविंद शिक्षा स्वास्थ्य ट्रस्ट के सदस्य अजय कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित तथा स्व. राधा देवी और स्व.गोविंद साह के चित्रों पर माल्यार्पण कर किया। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बीएन साह ने सभी विधार्थियो के हार्दिक बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान कुलसचिव प्रो निर्मल कुमार मंडल ने नये सत्र के विधार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें नियमित रूप से कक्षाओं में उपस्थित रहने का परामर्श दिया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन : समारोह में छात्र-छात्राओं ने नृत्य, गायन, एकांकी, शायरी और चुटकुले जैसे विभिन्न प्रस्तुतियां दी। जिनमें नीता, खुशबू, नेहा, पूजा, मीरा, सरिता, सुहानी, ईशा, दीपा, अलका, मनीष, प्रकाश और अन्य विद्यार्थियों का विशेष योगदान रहा। मौके पर विभाग के व्याख्याता डॉ दिलकेश्वर प्रसाद, डॉ रविंद्र पासवान, बुद्धदेव महतो, मासूम कुमार और अक्षय कुमार सोनी ने छात्रों का मार्गदर्शन किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

गणेश महोत्सव को लेकर समिति का गठन, अध्यक्ष सरोज गुप्ता, सचिव रामदेव और कोषाध्यक्ष छोटन बने

टंडवा (आजाद सिपाही)। गणेश महोत्सव टंडवा के चुंदरु धाम परिसर में विगत 17 वर्षों से मनाते आ रहे है। 7 सितंबर से 17 सितंबर 2024 की गणेश महोत्सव मानाने की कवायत शुरू हो रहा है। इसे लेकर समिति की गठन व विस्तार को लेकर सरोज गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुयी। बैठक में समिति का विस्तार किया गया। इसमें अध्यक्ष सरोज गुप्ता, सचिव रामदेव पासवान, कोषाध्यक्ष छोटन पासवान, उपाध्यक्ष नंदा थापा, अर्जुन दास, मिथलेश रजक, धनंजय सोनी, तिलेश्वर साव, दुर्गा गुप्ता, सुरेंद्र सोनी, मंत्री गोपाल महतो, कृष्णा साव,गणेश हलवाई, संगठन मंत्री सूरज पासवान, राणा गुप्ता, राजू यादव, इंदर देव नायक, राजेश महतो, टुकेश्वर महतो, मयंक गुप्ता, नीरज गुप्ता, नितेश पांडेय, रवि का पदाधिकारीयों का नाम शामिल है। इस मौके पर मोहन राम, अमन पांडेय, राजा, रोहित नायक, निर्मल यादव, कपिल भगत समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

पृथ्वीराज की प्रतिमा का हुआ लोकार्पण

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। पृथ्वीराज चैरिटेबल ट्रस्ट औरंगाबाद (बिहार) का एक प्रतिनिधिमंडल अपने झारखंड प्रदेश के दौरे के क्रम में भुरकुंडा पहुंचे। प्रतिनिधिमंडल में ट्रस्ट के संयोजक जगदीश सिंह, उपाध्यछ ज्ञानेश्वर सिंह, सत्येंद्र सिंह, कमलेश सिंह, भीम सिंह शामिल थे। मौके पर ट्रस्ट के संयोजक जगदीश सिंह ने कहा कि औरंगाबाद में हाल के दिनों में क्षत्रिय सम्राट पृथ्वीराज चौहान की भव्य प्रतिमा का लोकार्पण संपन्न हुआ। जिसके लिए समाज का हर तबका बधाई के पात्र हैं। ज्ञानेश्वर सिंह ने कहा कि आगे भी समाज के आदर्श ऐतिहासिक महापुरुषों की प्रतिमा का पदस्थापन का क्रम जारी रहेगा। पृथ्वीराज चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करने वालों में मनोज कुमार सिंह, बिनय सिंह, मंजीत रंजन, आलोक, राकेश सिंह, बीरेंद्र सिंह आदि शामिल थे।

पतंजलि योग समिति ने जड़ी बूटी दिवस मनाया

गोला (आजाद सिपाही)। गोला प्रखंड के राजरप्पा मोड़ स्थित एस एस प्लस टू विद्यालय में आचार्य बाल कृष्ण के जन्म दिन पर जड़ी बूटी दिवस मनाया गया। साथ ही बैठक कर जड़ी बूटी का पौधा वितरण किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रभारी नेपाल महतो व संचालन पतंजलि प्रभारी धर्म नाथ महतो ने किया। बैठक में मुख्य रूप से बासुदेव कुमार उपस्थित हुए। इस दौरान उन्होंने कहा की जड़ी बूटी शिरोमणि आचार्य बाल कृष्ण के जन्म दिन के उपलक्ष पर पतंजलि योग समिति के कार्यकर्ताओं द्वारा 4 अगस्त को जड़ी बूटी दिवस मनाया जाता है। उधर जिला यज्ञ प्रभारी युगल प्रसाद अग्रवाल, पतंजलि प्रभारी धर्मनाथ महतो आदि के द्वारा लोगों के बीच गिलोय का वितरण किया गया। बताया गया कि गिलोय औषधीय पौधा है। इसे अपने घर के पास जरूर लगायें। मौके पर सूदन मुंडा, रोहन बेदिया, पुराण मुंडा, चरकी देवी, सुगनी देवी आदि लोग उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने मंइयां सम्मान योजना लागू कर महिलाओं को दी सौगात : मुकेश

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। झामुमो नेता मुकेश राउत द्वारा रविवार को भुरकुंडा में प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में मुकेश राउत ने बताया कि 21 से 50 वर्ष तक की महिलाओं के लिए झारखंड झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंईयां सम्मान योजना लागू किया है। इस योजना के तहत राज्य की महिलाओं को प्रति माह 1000 रूपया यानि एक वर्ष में 12000 रूपया दिया जायेगा। इस योजना के तहत आवेदन जमा करने के लिए ग्रामीण क्षेत्र और शहरी क्षेत्रों के प्रत्येक पंचायत भवन में 3 से 13 अगस्त तक विशेष शिविर लगाया जायेगा। उन्होंने बताया कि आवेदन फार्म जमा करते समय आधार कार्ड, मतदाता पहचान-पत्र, राशन कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो, मोबाइल नंबर और बैंक खाता छायाप्रति जमा करना अनिवार्य है। श्री राउत ने कहा कि यह झारखंड सरकार की सबसे महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है। आवेदन जमा करने में किसी प्रकार का शुल्क के नाम पर कोई राशि नहीं लगेगा। अगर कोई आवेदन जमा करने के नाम पर राशि की मांग करता है तो इसकी जानकारी स्थानीय प्रशासन को दें। पैसा उगाही करने वालों के विरुद्ध स्थानीय प्रशासन कड़ी कार्रवाई करेगी। प्रेस कांफ्रेंस में दर्जनों लोग मौजूद थे।

बारिश से लौटी पलानी झरने की रौनक

पतरातू (आजाद सिपाही)। घने जंगलों और पहाड़ों से घिरा पलानी झरना का सौन्दर्यकरन का कार्य डीएमएफटी मद से तेजी से किया जा रहा है। उसके बाद से और पयर्टकों का आकर्षण केंद्र बनने लगा है। पर्यटकों को किसी तरह का दिक्कत का सामना न करना पड़े इसकी भी व्यवस्था की गयी है। वहीं पतरातू में तिन दिनों से लगातार बरसातीं मुसलेदार बारिश से पलानी झरना में फिर से रौनक लौट आयी है। इसके साथ ही राज्य के विभिन्न जिलों के दूर दराज के पर्यटकों का आना शुरू हो गया है। इससे दुकानदारों व छोटे-छोटे वाहनों के चालको के चेहरे में भी रौनक लौट आयी है।

मवेशी लदा पिकअप जब्त, चालक तस्कर और मालिक पर मामला दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। रामगढ़ थाना पुलिस ने शनिवार और मंगलवार की मध्य रात्रि में मवेशी लदा एक पिकअप वैन को जब्त की है। इस मामले में रामगढ़ थाना में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर ओमकार पाल ने स्वयं मामला दर्ज कराते हुए कहा है कि रात्रि में गुप्त सूचना मिली थी कि भवानीनगर निवासी मवेशी तस्कर नीरज कुमार तुरी बरकाकाना से चितरपुर रजरप्पा की और एक पिकअप वैन ले जा रहा है। इस मामले में वरीय पदाधिकारी को सूचित करते हुए कोठार ओवर ब्रिज के पास से मवेशी लदा पिकअप वैन संख्या जेएच 01एफएन 3337 को रोकने को कहा तो पीछे की ओर भागने लगा। इसी बीच चालक और तस्कर अंधेरे का लाभ लेकर पिकअप वैन को खड़ी कर फरार हो गए। पिकअप वैन के 2 बैल और 3 बाछी लदा था।

मामले में कहा गया है कि वध करने के नियत से मवेशियों को पिकअप वैन में ठूसठूस कर भर कर चितरपुर रजरप्पा ले जाया जा रहा था। इस मामले में पुलिस ने कांड संख्या 219/24 धारा 317/(5)/3(5)बीएनएस 2023 11(1) सहित अन्य सुसंगत धाराओं के तहत तस्कर नीरज कुमार तुरी, पिकअप वैन के मालिक, चालक और अन्य तस्करों के विरुद्ध मामला दर्ज कर पुलिस छानबीन में जुड़ गयी है।

भारत विकास परिषद ने रेनकोट का किया वितरण

जरूरतमंद रिक्शा वाले के बीच रैन कोर्ट का वितरण करना सुखद अनुभव है : हरीश

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। भारत विकास परिषद् रामगढ़ शाखा द्वारा रविवार को सुभाष चौक, बस स्टेंड, सब्जी मंडी में जरूरतमंदो के बीच रैन कोर्ट का वितरण किया गया। सुदूर गांव से आये रिक्शा चालकों के बीच रैन कोर्ट का वितरण किया गया। मौके पर अध्यक्ष हरीश चौधरी ने कहा जरूरतमंद रिक्शा वाले के बीच रैन कोर्ट का वितरण करना सुखद अनुभव हैं। भारत विकास परिषद् अपने सामाजिक उतरदायित्व का निर्वहन करता रहा हैं। कार्यक्रम में सचिव प्रदीप कुमार शर्मा ने कहा कि आज लगभग 25 रिक्शा चालकों के बीच वितरण किया गया और आगामी दिनों में सुदूर गांव से दातुन और दोना बेचने वालों के बीच छाते का वितरण किया जायेगा। मौके पर मुख्य रूप से अध्यक्ष हरीश चौधरी, सचिव प्रदीप कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष रामप्रवेश गुप्ता, उपाध्यक्ष अनिल गोयल, प्रकाश अग्रवाल, सूरज अग्रवाल, दीपक खंडेलवाल, अजय कुमार अग्रवाल, आयुष अग्रवाल, विकास अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, अनिल तथा संस्थापक अध्यक्ष गोविंद मेवाड़ पूर्व अध्यक्ष उमेश राजगढ़िया सहित अन्य उपस्थित थे।

भुरकुंडा में सत्संग का हुआ आयोजन

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। सावन महोत्सव के अवसर पर भुरकुंडा सत्संग भवन में रविवार को अशोक कुमार चौहान के नेतृत्व में सत्संग का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता रांची से आये ज्ञान प्रचारिका ललिता सूद और मंच संचालन सुजीत सिंह ने किया। सत्संग की शुरूआत परम-पिता-परमात्मा कण-कण में तेरा वास प्रार्थना से हुआ। सत्संग में कई महात्मा और बहनों ने मनमोहक भजन और विचार व्यक्त कर लोगों को खूब आनंदित किया। मौके पर ज्ञान प्रचारिका ललिता सुद ने अपने विचारों में कहा कि जब हम जानते हैं कि तन-मन-धन सब प्रभु-परमात्मा की देन है। फिर भी लोग आज के युग में नफरत, निंदा, ईर्ष्या में फंसे हुए हैं। उन्होंने कहा कि इन सब से मुक्त होना है तो सत्संग में आना जरूरी है। सत्संग के बाद श्रद्धालुओं को ब्रह्मज्ञान भी दी गयी। सत्संग को सफल बनाने में अमन चौहान, तुलेश्वर करमाली, जगदीश यादव, राजकिशोर करमाली, ओम, राजकिशोर करमाली, आदित्य विश्वकर्मा, संजीव मिश्रा, केसी दास, छोटेलाल, राजन गुप्ता, अनिल राणा, बलराम, तुषार साव, जयदेव मुंडा, गणेश, विक्की, पुष्पा देवी, शोभा देवी आदि का विशेष योगदान रहा।

गडकरी ने की राहत देने की बात

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने 27 जून को हाइवे पर यात्रा करने वाले लोगों की परेशानियों को देखते हुए जोर देकर कहा कि यदि सड़कें अच्छी हालत में नहीं हैं, तो राजमार्ग एजेंसियों को टोल नहीं लगाना चाहिए। टोल तभी वसूला जाना चाहिए, जब बेहतरीन गुणवत्ता वाली सड़कें प्रदान की जाएं। गड्ढों और कीचड़ वाली घटिया सड़कों के लिए भी टोल वसूलने से जनता में आक्रोश पैदा हो सकता है और आपको लोगों की प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ सकता है। इसके बाद 28 जुलाई को नितिन गडकरी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को एक पत्र लिख कर जीवन और चिकित्सा बीमा प्रीमियम पर जीएसटी हटाने की मांग की है, जो इस समय 18 प्रतिशत है। इस पत्र में श्री गडकरी ने बताया है कि हाल ही में नागपुर डिवीजनल लाइफ इंश्योरेंस कार्पोरेशन इंप्लाइज यूनियन ने बीमा उद्योग से संबंधित मुद्दों पर एक ज्ञापन प्रस्तुत करके उनसे मुख्य रूप से जीवन और चिकित्सा बीमा प्रीमियम पर जीएसटी हटाने की मांग की है। श्री गडकरी के अनुसार यूनियन का मानना है कि जो व्यक्ति जीवन की अनिश्चितताओं से अपने परिवार की सुरक्षा के लिए बीमा प्रीमियम और चिकित्सा बीमा प्रीमियम अदा करता है, उस पर यह टैक्स नहीं लगाना चाहिए। जीवन बीमा प्रीमियम पर जीएसटी लगाना जीवन की अनिश्चितताओं पर टैक्स लगाने के समान है। अतः आपसे अनुरोध है कि जीवन और चिकित्सा बीमा प्रीमियम पर जीएसटी वापस लेने के सुझाव पर प्राथमिकता से विचार करें, क्योंकि यह वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक बोझ के समान है। ध्यान रहे कि नेशनल इंश्योरेंस अकादमी की रिपोर्ट के अनुसार देश के 73 प्रतिशत लोगों के पास चिकित्सा बीमा नहीं है। इतना ही नहीं, देश में चिकित्सा बीमा का प्रीमियम महंगा होने के कारण प्रतिवर्ष 25 से 30 प्रतिशत लोग अपने चिकित्सा बीमा का नवीनीकरण नहीं करवा पाते। बुजुर्गों को चिकित्सा बीमा के प्रीमियम के लिए प्रतिवर्ष 12 से 15 हजार रुपये देने पड़ते हैं जो महंगा होने के कारण उनके लिए संभव नहीं होता। ऐसे में चिकित्सा बीमा लेने वाले लोगों से प्रीमियम पर 18 प्रतिशत की दर से जीएसटी वसूल करना सरकार के लिए नैतिक दृष्टिद से उचित नहीं है। अतः जहां खराब सड़कों पर टोल टैक्स न लेने से वाहन चालकों को राहत मिलेगी, वहीं चिकित्सा बीमा प्रीमियम पर जीएसटी समाप्त करने तथा दिए हुए प्रीमियम पर आयकर में 100 प्रतिशत छूट देने से लोगों में चिकित्सा बीमा लेने का रुझान बढ़ेगा। इससे उनके स्वास्थ्य में मदद मिलेगी।

नेशनल इंश्योरेंस अकादमी की रिपोर्ट के अनुसार देश के 73 प्रतिशत लोगों के पास चिकित्सा बीमा नहीं है। इतना ही नहीं, देश में चिकित्सा बीमा का प्रीमियम महंगा होने के कारण प्रतिवर्ष 25 से 30 प्रतिशत लोग अपने चिकित्सा बीमा का नवीनीकरण नहीं करवा पाते।

अभिमत
आजाद सिपाही

1984 से 88 तक संयुक्त राष्ट्र में इसराईल के राजदूत के रूप में उनके कार्यकाल ने उन्हें न्यूयॉर्क और कैलिफोर्निया में यहूदियों के साथ अपने संबंधों को बढ़ाने और मजबूत करने में मदद की। तेल अवीव के बाद न्यूयॉर्क में यहूदियों की सबसे बड़ी आबादी है और यह दुनिया का सबसे प्रभावशाली शहर है। विश्लेषकों ने यूएस में इसराईल लॉबी को एक ऐसी संस्था के रूप में उद्धृत किया है, जो अमेरिकी विदेश नीति को इसराईल के हितों के साथ जोड़ती है।

इस्राइल के लिए हार के समान होगा युद्धविराम

सइद नकवी

टारनटिनो की फिल्म जैंगो अनचेंड का क्रूर यथार्थवाद शायद पेट के कमजोर लोगों को भी उल्टी करवा दे। अमेरिका के सुदूर दक्षिण में रहने वाला एक श्वेत बागान मालिक अपने लिविंग रूम में सोफे पर बैठा हुआ 2 मजबूत गुलामों को लड़ते हुए देखता है, दोनों कम से कम तब तक लड़ते हैं जब तक कि उनमें से एक दूसरे की आंखें नहीं निकाल लेता। बाहर, भेड़ियों से भी बड़े आकार के भूखे कुत्तों का एक झुंड एक गुलाम पर छोड़ दिया जाता है जो पेड़ पर चढ़ने की व्यर्थ कोशिश करता है।

लीयर जंगल में विलाप करते हुए कहता है, जैसे आवारा लड़कों के लिए मक्खियां हैं, वैसे ही हम भगवान के लिए भी हैं वे हमें अपने मनोरंजन के लिए मारते हैं। बेंजामिन नेतन्याहू ने कैपिटल हिल में अमेरिकी कांग्रेसियों से जो कुछ भी निकलवाया, उनके सामने सभी खड़े होकर तालियां बजाने वाले फीके पड़ गये। वे अपनी सीटों पर कीलों की तरह खड़े होने से नहीं रुक रहे थे। यह पहली बार नहीं है, जब नेतन्याहू ने कांग्रेस के संयुक्त सत्र को अपने पक्ष में किया हो। कांग्रेस ने 4 मौकों पर नेतन्याहू की कोरियोग्राफी के आगे घुटने टेक दिये हैं। इस तरह उन्होंने कांग्रेस के सामने सबसे अधिक बार उपस्थित होने के मामले में विंस्टन चर्चिल के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है।एक बार राष्ट्रपति बराक ओबामा ने वाशिंगटन में उनकी उपस्थिति का विरोध किया था। नेतन्याहू ने व्हाइट हाऊस की अवहेलना की और संयुक्त सत्र को संबोधित किया, लोगों ने एक के बाद एक खड़े होकर तालियां बजायीं। इसराईल का असाधारण प्रभाव वाशिंगटन को क्या समझाता है? मैंने प्रधानमंत्री, यित्जाक शमीर, यित्जाक राबिन, शिमोन पेरेज और नेतन्याहू का साक्षात्कार लिया है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि नेतन्याहू अपने अमरीका को बाकी सभी से बेहतर जानते हैं। इसके पीछे सरल कारण हैं। हार्वर्ड और एमआइटी में अध्ययन करने के कारण उन्हें एक व्यापक, प्रभावशाली नेटवर्क मिला, जिसे उन्होंने कड़ी मेहनत से विकसित किया है।

चीन के इशारे पर, हमास और फतह सहित सभी फिलिस्तीनी समूह युद्ध के अगले दिन गाजा के प्रबंधन के लिए हाथ मिलाने पर सहमत हो गये हैं।

पुतिन को यूक्रेनी रंगमंच में उकसाने का एक उद्देश्य अमेरिका को खोई प्रतिष्ठा वापस दिलाना था। इसके विपरीत हुआ है। दुर्भाग्यपूर्ण कारणों से जो बाइडेन को बाहर होना पड़ा। पुतिन, शी जिनपिंग के भरोसेमंद हाथों को थामे हुए, एक वैश्विक राजनेता के रूप में प्रशंसनीय लग रहे हैं, दोनों जी-7 से आगे ब्रिक्स का रास्ता तय कर रहे हैं।

1984 से 88 तक संयुक्त राष्ट्र में इसराईल के राजदूत के रूप में उनके कार्यकाल ने उन्हें न्यूयॉर्क और कैलिफोर्निया में यहूदियों के साथ अपने संबंधों को बढ़ाने और मजबूत करने में मदद की। तेल अवीव के बाद न्यूयॉर्क में यहूदियों की सबसे बड़ी आबादी है और यह दुनिया का सबसे प्रभावशाली शहर है। विश्लेषकों ने यूएस में इसराईल लॉबी को एक ऐसी संस्था के रूप में उद्धृत किया है, जो अमेरिकी विदेश नीति को इसराईल के हितों के साथ जोड़ती है।

वास्तव में शिकागो विश्वविद्यालय के प्रोफेसर जॉन मियर्सचाइमर और हार्वर्ड के प्रोफेसर स्टीफन वॉल्ट द्वारा इस विषय पर एक मौलिक कार्य इसराईल लॉबी और अमेरिकी विदेश नीति बताता है कि अमेरिकी प्रतिष्ठान की सभी शाखाओं में लॉबी के जाल कितने गहरे हैं। सैन्य सटीकता और असामान्य चापलूसी के मिश्रण के साथ जॉपिंग जैक अभ्यास करने वाले अमेरिकी लोगों के प्रतिनिधियों का वर्णन करने के लिए शर्मनाक एक हल्का शब्द है। क्या इसराईल से संबंधित मामलों में अमेरिकी लोकतंत्र में लोगों का कोई महत्व नहीं है? क्या यह केवल पूंजीदाताओं और लॉबी का एक सर्कस है। नेशनल राइफल एसोसिएशन किसी भी सुधार को सफलतापूर्वक विफल कर देगा, भले ही बंदूक हिंसा से हर दिन स्वतंत्र भूमि पर 12 स्कूली बच्चे मारे जाते हों।

1948 की नकबा या तबाही भयानक थी जब इसराईल के गांवों को फिलिस्तीनियों से खाली कर दिया गया था। आगे भी इसी तरह की भयावहताएं हुई हैं लेकिन वर्तमान क्रूरताओं की अंतहीनता फिलिस्तीनियों के लिए बेहतर भविष्य का अग्रदूत है। सभी पिछले विनाश इसराईल के आत्मविश्वास का परिणाम थे। इसराईल जानता था कि उसके सभी नखरे नजरअंदाज कर दिये जायेंगे और कभी-कभी एक मात्र महाशक्ति द्वारा प्रोत्साहित भी किये जायेंगे। रक्षा सचिव कैस्पर वेनबर्गर की इसराईल को मध्य पूर्व में अमेरिका के न डूबने वाले विमानवाहक के रूप में परिभाषित करना उचित था, केवल तब तक जब तक अमेरिका एक निर्विवाद महाशक्ति था।

2008 में लेहमैन ब्रदर्स के टाइटैनिक की तरह डूबने के बाद, आधिपत्य के पतन को रोका नहीं जा सका। उदाहरण के लिए मिल्ट्री इंडस्ट्रियल काम्प्लैक्स (एमआइसी) जैसे कई अमेरिकी संस्थानों ने अपनी चमक खो दी है। इस बहुचर्चित एमआइसी ने अमेरिका को वियतनाम, इराक जीतने में सक्षम नहीं बनाया है और हम अगस्त 2021 में 20 साल के कब्जे के बाद अफगानिस्तान से गंदी वापसी को स्पष्ट रूप से याद करते हैं। एमआइसी देशों को नष्ट करने में मदद कर सकता है, युद्ध जीतने में नहीं।

पुतिन को यूक्रेनी रंगमंच में उकसाने का एक उद्देश्य अमेरिका को खोई प्रतिष्ठा वापस दिलाना था। इसके विपरीत हुआ है। दुर्भाग्यपूर्ण कारणों से जो बाइडेन को बाहर होना पड़ा। पुतिन, शी जिनपिंग के भरोसेमंद हाथों को थामे हुए, एक वैश्विक राजनेता के रूप में प्रशंसनीय लग रहे हैं, दोनों जी-7 से आगे ब्रिक्स का रास्ता तय कर रहे हैं। इस बीच नेतन्याहू ने खुद को एक कोने में रख लिया है। वह बाघ से नहीं उतर सकता, क्योंकि अगर वह ऐसा करेगा तो बाघ उसे खा जायेगा। इसलिए उसे लड़ना जारी रखना चाहिए और फिलिस्तीनियों पर बमबारी जारी रखनी चाहिए। उन्हें एक और कारण से भी लड़ना जारी रखना होगा, क्योंकि उन्होंने हमास पर पूर्ण विजय का वायदा किया है, जो सभी गणनाओं के अनुसार एक असंभव प्रस्ताव है। लोग भूल जाते हैं कि सऊदी अरब के साथ अमेरिका के संबंध 1948 में इसराईल के निर्माण से पहले के हैं। 1945 में राष्ट्रपति रूजवैल्ट और सऊदी राजशाही के संस्थापक शाह सऊद ने शीत युद्ध के संदर्भ में सुरक्षा की गारंटी के बदले में अरब तेल को पश्चिम द्वारा कैसे सांझा किया जायेगा। इस पर समझौतों की पुष्टि करने के लिए स्वेज नहर में यूएसएस क्विंसी पर मुलाकात की थी।

जब 1990-91 में शीत युद्ध समाप्त हुआ, तो सुरक्षा नीतियों के लिए तेल को बनाये रखने के लिए अरबों को डराने के लिए ईरानी क्रांति, शिया धुरी, इस्लामी आतंक को लाया गया। इसलिए चीन के दबाव में आकर सऊदी अरब ने तेहरान से हाथ मिलाया है। यह वास्तव में वैश्विक दक्षिण में शामिल हो गया है। यह इसराईल नहीं कर सकता। चीन के इशारे पर, हमास और फतह सहित सभी फिलिस्तीनी समूह युद्ध के अगले दिन गाजा के प्रबंधन के लिए हाथ मिलाने पर सहमत हो गये हैं।

देश-विदेश की खबरें

असम की सरकार ने किये दो बड़े एलान

असम में सरकारी नौकरी के लिए वहीं जन्म होना जरूरी : मुख्यमंत्री

लव-जिहाद में उम्रकैद और हिंदू-मुस्लिम में जमीन सौदे पर सीएम की सहमति जरूरी

आजाद सिपाही संवाददाता

गोवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने रविवार को दो बड़े एलान किये। पहला यह कि जल्द ही असम सरकारी नौकरी उन्हीं लोगों को मिलेगी, जो असम में में पैदा हुए हैं। दूसरा ये कि लव-जिहाद के मामलों में आरोपी को उम्रकैद की सजा दी जाएगी। सरमा ने ये बातें इखढ की राज्य कार्यकारिणी की बैठक में कहीं। इसके अलावा सरमा ने बताया कि सरकार ने हिंदुओं और मुसलमानों के बीच जमीन की बिक्री के संबंध में भी निर्णय लिया है। हालांकि सरकार इसे रोक नहीं सकती है, लेकिन खरीद-बिक्री से पहले मुख्यमंत्री की सहमति लेना जरूरी कर दिया है।

नयी डोमिसाइल पॉलिसी पेश की जायेगी

सीएम हिमंत बिस्व सरमा ने बैठक में कहा कि जल्द ही एक नयी डोमिसाइल पॉलिसी पेश की जायेगी, जिसके तहत केवल असम में जन्मे लोग ही राज्य सरकार की नौकरियों के लिए पात्र होंगे। चुनाव में किए वादे के अनुसार दी गयी एक लाख सरकारी नौकरियों में असम के लोगों को प्राथमिकता दी गयी है। पूरी सूची पब्लिश होने पर यह स्पष्ट हो जायेगा।

मुस्लिम मैरिज के लिए लाया जायेगा नया एक्ट

हिमंत बिस्व सरमा ने 18 जुलाई को घोषणा की थी कि मंत्रिमंडल ने मुस्लिम मैरिज एक्ट 1935 को रद्द करते हुए नये कानून बनाने को मंजूरी दे दी है। असम मंत्रिमंडल ने इसी साल फरवरी में मुस्लिम मैरिज एक्ट को रद्द करने की मंजूरी दी थी। उन्होंने कहा था कि नए कानून से शादी और तलाक के नियमों में समानता आयेगी। साथ ही बाल विवाह जैसी कुप्रथा पर भी रोक लगेगी।

एमपी में मकान की दीवार गिरने से नौ बच्चों की मौत

जम्मू-कश्मीर में बादल फटा, श्रीनगर-लेह हाइवे बंद

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। मध्य प्रदेश में लगातार तीन दिनों से भारी बारिश हो रही है। सागर जिले के शाहपुर इलाके में रविवार सुबह बारिश की वजह से 50 साल पुराने मकान की दीवार गिर गयी। इसमें 9 बच्चों की दब कर मौत हो गयी, 4 घायल हैं। इनमें से ज्यादातर 10 से 14 साल के हैं।

मौसम विभाग ने रविवार को मध्य प्रदेश और राजस्थान में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। एमपी के अशोकनगर जिले में रविवार को जलस्तर बढ़ने के कारण महारानी लक्ष्मीबाई बांध के 12 गेट खोल दिये गये। यूपी-एमपी हाइवे बंद है। राज्य में 58% यानी 21.6 इंच बारिश हो चुकी है। यह सामान्य से 2.6 इंच ज्यादा हैराजस्थान में मानसून सीजन में अब तक 21% ज्यादा बारिश हो चुकी है। राज्य में आमतौर पर 1 जून से 3 अगस्त तक 231.3टट औसत बरसात होती है, जबकि इस सीजन में अब तक 280.6टट बरसात हो चुकी है।

जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले के कंगन में शनिवार देर रात बादल फटने की घटना हुई। अचानक बाढ़ आने से मलबे में कई गाड़ियां दब गयीं। कई घरों को भी नुकसान पहुंचा। श्रीनगर-लेह नेशनल हाइवे बंद हो गया। कश्मीर घाटी लद्दाख से कट गयी। जनहानि की खबर नहीं है।

32 लोगों की मौत के बाद बांग्लादेश में कर्फ्यू, मोबाइल इंटरनेट सेवाएं ठप

एजेंसी

ढाका। बांग्लादेश में आरक्षण के खिलाफ छात्रों का प्रदर्शन लगातार जारी है। इस बीच बांग्लादेश सरकार ने रविवार शाम छह बजे से पूरे बांग्लादेश में कर्फ्यू लगाने का एलान किया है। रविवार को बांग्लादेश में जारी हिंसा में 32 लोगों की मौत हो गयी। प्रदर्शनकारी छात्र लगातार प्रधानमंत्री शेख हसीना का इस्तीफा मांग रहे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार फेनी में हिंसा के दौरान पांच लोगों की मौत हुई है। इसके अलावा सिराजगंज में चार, मुंशीगंज में तीन, बोगुरा में तीन, मगुरा में तीन, भोला में तीन, रंगपुर में तीन, पाबना में दो, सिलहट में दो, कोमिल्ला एक, जयपुरहाट में एक ढाका में एक और बारीसाल में एक व्यक्ति की मौत हुई है। इस बीच, बांग्लादेश के गृह मंत्रालय ने रविवार शाम छह बजे से पूरे देश में कर्फ्यू लगाने की घोषणा की है। कर्फ्यू के दौरान फेसबुक, वॉट्सएप, इंस्टाग्राम, मोबाइल इंटरनेट को बंद किया जायेगा।

शेख हसीना ने बुलायी राष्ट्रीय समिति की बैठक

रविवार को प्रदर्शनकारियों और सत्ताधारी आवामी लीग के समर्थकों के बीच झड़प में 32 लोगों की मौत हो गयी। इसके अलावा बांग्लादेश के अलग अलग हिस्सों में हजारों लोग जुटे और शेख हसीना के इस्तीफे की मांग करने लगे। बताया गया है कि शेख हसीना ने अपने निजी आवास गणभवन में सुरक्षा मामलों की राष्ट्रीय समिति की बैठक बुलायी। इस दौरान उन्होंने कहा कि जो लोग प्रदर्शन के नाम पर सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचा रहे हैं, वे छात्र नहीं, बल्कि आतंकवादी हैं। मैं देशवासियों से अपील करती हूं कि ऐसे लोगों को मजबूती से जवाब दें। बैठक में थल सेना, नौसेना, वायुसेना, पुलिस और सुरक्षा से जुड़े उच्च अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान प्रधानमंत्री के सुरक्षा सलाहकार भी मौजूद रहे।

असम में टाटा का सेमीकंडक्टर प्लांट बनना शुरू

प्लांट में हर दिन 4.83 करोड़ सेमीकंडक्टर चिप्स का प्रोडक्शन होगा

आजाद सिपाही संवाददाता

डिसपुर। टाटा ग्रूप ने असम में 27,000 करोड़ की सेमीकंडक्टर असेंबली और टेस्ट फैसिलिटी का कंस्ट्रक्शन शुरू कर दिया है। इस सेमीकंडक्टर प्लांट में हर दिन 4.83 करोड़ सेमीकंडक्टर चिप्स का प्रोडक्शन होगा। इसके 2025 तक चालू होने की उम्मीद है। यहां बनने वाली चिप्स का इस्तेमाल इलेक्ट्रिक व्हीकल्स, कम्युनिकेशन और नेटवर्क इंफ्रास्ट्रक्चर सहित अन्य सेक्टर्स में होगा। 29 फरवरी को केंद्रीय कैबिनेट ने इस प्रोजेक्ट को अप्रूवल दिया था। यह प्रोजेक्ट भारत के सेमीकंडक्टर मिशन का हिस्सा है।

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और टाटा संस लिमिटेड के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने असम के जगीरोड में सेमीकंडक्टर प्लांट का 'भूमि पूजन' किया।

27,000 नौकरियां मिलेंगी, 15,000 डायरेक्ट और 12,000 इनडायरेक्ट : टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने कहा कि इस प्लांट से 27,000 नौकरियां पैदा होने की उम्मीद है। इसमें 15,000 डायरेक्ट और 12,000 इनडायरेक्ट नौकरियां होंगी। हमें उम्मीद है कि 2025 में हम इस प्रोजेक्ट को पूरा करने और जल्दी से ऑपरेशन शुरू करने में सक्षम होंगे।

टाटा दो सेमीकंडक्टर प्लांट बना रही, एक गुजरात और एक असम में : 13 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन सेमीकंडक्टर फैसिलिटीज की आधारशिला रखी थी। इनमें से 2 गुजरात में और 1 असम में बन रहा है। टाटा ग्रुप इन तीन प्लांट में से दो को स्थापित कर रहा है। एक प्लांट गुजरात के धोलेरा में और एक असम के जगीरोड में बन रहा है।

सीएम नायब सैनी का बड़ा एलान

किसानों के 133 करोड़ माफ

अब 14 की जगह 24 फसलें एमएसपी पर खरीदेगी सरकार

आजाद सिपाही संवाददाता

कुरुक्षेत्र (हरियाणा)। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि सरकार 14 फसलों को एमएसपी पर खरीद रही है, लेकिन अब केंद्र की तर्ज पर 10 और नयी फसलों (कुल 24 फसल) को एमएसपी पर खरीदेगी। उन्होंने किसानों के आबियाने (नहरों से सिंचाई) का 133 करोड़ बकाया माफ करने का एलान किया। साथ ही वर्ष 2023 से पहले के प्राकृतिक आपदा से हुए खराबे के 137 करोड़ रुपये एक सप्ताह के भीतर जारी करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि श्री स्टार ट्यूबवेल मोटर बेचने वाली सभी कंपनियां प्रदेश सरकार के पैनल पर होंगी, जिसका लाभ भी किसानों को मिलेगा। किसान अपनी पसंद की कंपनी से ट्यूबवेल के लिए मोटर खरीद सकेंगे। मुख्यमंत्री रविवार को कुरुक्षेत्र की अनाजमंडी में आयोजित विजय शंखनाद रैली को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने शंख बजाकर आगामी विधानसभा चुनाव में जीत की हुंकार भरी। वहीं किसानों को साधने के लिए कई घोषणाएं की। मुख्यमंत्री ने कहा कि 27 जून को उन्होंने घोषणा की थी, जिसके अनुसार 31 दिसंबर, 2023 तक आवेदन करने वाले सभी किसानों को जल्द ट्यूबवेल कनेक्शन दिये जायेंगे। यही नहीं बिजली निगम की ओर से किसानों के लिए लगाये गये ट्रांसफार्मर खराब होने पर उसे निगम की ओर से निशुल्क बदला जायेगा।

विशाखापट्टनम स्टेशन पर खड़ी कोरबा एक्सप्रेस के तीन डिब्बों में लगी आग

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। विशाखापत्तनम रेलवे स्टेशन पर एक ट्रेन के खाली डिब्बे में आग लगी। इसे तुरंत बुझा दिया गया। घटना सुबह करीब 10 बजे हुई। रेलवे ने बताया कि इससे कोई अन्य डिब्बा प्रभावित नहीं हुआ। विशाखापट्टनम के पुलिस आयुक्त शंका ब्रत बागची ने बताया कि सुबह 7:30 बजे वाइजैग रेलवे स्टेशन पर खड़ी तिरुमाला एक्सप्रेस की चार बोगियों में आग लग गयी। उस समय उन बोगियों में कोई यात्री नहीं था, इसलिए किसी की जान नहीं गयी और कोई घायल नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि स्थानीय अग्निशमन सेवा अधिकारियों ने तुरंत कार्रवाई की। हम एफआइआर दर्ज कर रहे हैं। आग लगने के पीछे का कारण जानने के लिए फोरेंसिक विशेषज्ञों को बुलाया गया है। फोरेंसिक साक्ष्यों की जांच करने के बाद ही वे दुर्घटना के पीछे के वास्तविक कारण के बारे में पता चल पायेगा। वाल्टेयर डिवीजन के डीआरएम सौरभ प्रसाद ने कहा कि इस खाली रेक को रखरखाव के लिए कोचिंग डिपो जाना था। इसे यहां प्लेटफॉर्म पर खड़ा किया गया था और सुबह 9:20 बजे प्लेटफॉर्म पर गश्त कर रहे आरपीएफ कर्मचारियों ने थोड़ा धुआं देखा। उन्होंने तुरंत फायर ब्रिगेड और स्टेशन पर मौजूद कर्मचारियों को सूचित किया। वे भी आग बुझाने के लिए अतिरिक्त बल के रूप में आये। सुबह 11:10 बजे आग बुझा दी गयी।

नाला में बहने से पति-पत्नी की हुई मौत

भंडरिया (आजाद सिपाही)। भंडरिया स्थित शिदुआ नाला में बहने से पति-पत्नी की हुई मौत। विगत दो दिनों से क्षेत्र में हो रहे मूसलाधार बारिश के कारण मजदूरी कर लौट रहे भंडरिया निवासी निर्मल मुंडा उम्र 58 वर्ष व उसकी पत्नी संजोया देवी 52 वर्ष शुक्रवार के साम दोनों पति-पत्नी गांव के हीं किसान के खेत से धन रोपनी कार्य कर अपने घर लौट रहे थे लौटने के क्रम में शिदुआ नाला में बने छलका को पार करने के दरमियान पानी के तेज बहाव के चपेट में आ गए। मृतक के पुत्र पिन्दु मांझी ने बताया की संजय मांझी के खेत में माता-पिता कार्य करने गए हुए थे देर रात तक घर दोनों लोग को नहीं पहुंचने पर हम सबों ने पूरी रात खोजबीन कर रहे थे की शनिवार के दोपहर गांव के हीं शिदुआ नाला के आसपास के लोगों के द्वारा नाला में स्व होने की सूचना दिया गया नजदीक जाने पर स्व कि पहचान हम सबों के द्वारा किया गया। शिदुआ नाल में दोनों मृतक का स्व लगभग तीन सौ मिटर के दुरी पर पड़ा हुआ था। नाला में 100 होने की सूचना पर भंडरिया थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर चंदन कुमार सिंह व सब इंस्पेक्टर बिनोद सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच स्व को कब्जे में करते हुए अंत परीक्षण के लिए गढ़वा भेजा।

विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिलेगा प्रचंड बहुमत: कर्मवीर सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह के गढ़वा आगमन पर जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो की अध्यक्षता में प्रमुख नेताओं की महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस दौरान संगठन महामंत्री ने प्रमुख नेताओं से वर्तमान हालात पर चर्चा किया। मौके पर भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि भाजपा में कार्यकर्ता संगठन के रीढ़ होते हैं। आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा कार्यकर्ताओं के दम पर प्रचंड बहुमत से सरकार बनायेगी। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार में जनता त्राहिमाम कर रही है। चारो तरफ हाहाकार मचा है। गुंडाराज माफिया राज चरम पर है। झामुमो सरकार में बैठे मंत्री विधायक से लेकर मुख्यमंत्री तक राज्य को दोनों हाथों से लुट रहें हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता झामुमो सरकार की नाकामी को जनता तक पहुंचायें। झामुमो के लोग भ्रष्ट सरकार की झुठा उपलब्धि दिखाने में लगे हुए हैं। लेकिन गढ़वा सहित पूरे झारखंड की जनता झामुमो का चाल चरित्र समझ चुकी है। विधानसभा चुनाव में धोखेबाज झामुमो सरकार को जनता उखाड़ फेंकने के लिए तैयार बैठी है।

बैठक में मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह उपाध्यक्ष, बालमुकुंद सहाय, वरिष्ठ भाजपा नेता सह पूर्व प्रत्याशी अलखनाथ पांडेय, जवाहर पासवान, प्रदेश मंत्री सरोज सिंह, पुर्व मंत्री रामचंद्र केशरी, पुर्व विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी ,पुर्व सांसद घुरन राम, भाजपा नेता मुकेश निरंजन सिन्हा, रघुराज पाण्डेय, भगत सिंह साहु, राजीव राज तिवारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, सुरज गुप्ता, महामंत्री संतोष दुबे, विकास स्वदेशी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष नसरुद्दीन अंसारी, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष लक्ष्मन राम, एसटी मोर्चा जिलाध्यक्ष भुषण सिंह, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष रामलला दूबे, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अनीता गुप्ता सहित कई भाजपा नेता मौजूद थे।

ओबीसी एकता रथ यात्रा पहुंची कांडी, लोगों ने किया स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता

बरडीहा। ओबीसी एकता अधिकार मंच, झारखंड प्रदेश के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद (बी. डी. प्रसाद) के नेतृत्व में झारखंड राज्य के राजधानी रांची से चलकर कांडी प्रखंड के सड़की गांव में पहुंचा।

मौके पर आनंद विश्वकर्मा ने कहा कि झारखंड अलग होने के बाद यहां पिछड़ा और ओबीसी आबादी 60% से अधिक है फिर भी सामाजिक आर्थिक आधार पर ओबीसी को एकमात्र 14% आरक्षण की व्यवस्था लागू की गयी है, जो उचित नहीं है। झारखंड में रहने वाले पिछड़े और अति पिछड़े वर्ग के द्वारा जातीय जनगणना के आधार पर 52% आरक्षण की मांग के समर्थन की आवाज उठानी जरूरी है हर सरकार को पिछला वर्ग की लोगों को सभी क्षेत्रों में आरक्षण लागू करना होगा।

कपिलदेव रावत ने कहा कि चाहे वह सरकारी संस्था हो या गैर सरकारी संस्था सभी में 52% आरक्षण की व्यवस्था हो साथ ही सभी ओबीसी छात्र-छात्राओं के लिए निशुल्क शिक्षा की व्यवस्था कर उन्हें पढ़ने के लिए ओबीसी छात्रावास की व्यवस्था हर जिले में हो। मौके पर कृष्णा गुप्ता, अखिलेश गुप्ता, अमर प्रसाद और अन्य लोग मौजूद थे।

भाजपा के प्रदेश संगठन मंत्री ने गढ़वा में नवनिर्मित कार्यालय का निरीक्षण किया

गढ़वा(आजाद सिपाही)। भाजपा के प्रदेश संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह ने गढ़वा में नवनिर्मित भाजपा कार्यालय का निरीक्षण किया। मौके पर गढ़वा के पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य अलखनाथ पांडेय, डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी विशेष रूप से उपस्थित थे। मौके पर अतिथियों ने बारी-बारी से संगठन से जुड़ी कई मुद्दों पर चर्चा किया। इसके अलावा प्रदेश संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह ने नवनिर्मित भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय का निरीक्षण के पश्चात उन्होंने खुशी जाहिर करते हुये नवनिर्मित भाजपा कार्यालय की प्रसंशा भी की। मौके पर गढ़वा जिला अध्यक्ष ठाकुर महतो, रघुराज पांडेय, सूरज गुप्ता, संतोष चौबे, पूर्व जिला ओमप्रकाश केसरी सहित कई भाजपा नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।

चौथी सोमवारी पर कांवर यात्रा का आयोजन होगा

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। सावन की चौथी सोमवारी को शिवपहाडी स्थित बाबा भोलेनाथ की जलाभिषेक के लिए कांवड यात्रा का आयोजन होगा। उक्त मामले को लेकर रविवार को शिव पहाड़ी गुफा मंदिर अंतर्गत संरक्षक बबन साह के अध्यक्षता में बैठक हुई। पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी सावन की चौथी सोमवारी 12 अगस्त को यानी कावड़ यात्रा निकला जायेगा, जो कि केतार प्रखंड के ढढरा पांडा नदी के संगम स्थल से सुबह 7 बजे जल भरने के बाद भगवान घाटी मार्ग, कपूरी चौक भवनाथपुर होकर दुल्हर के रास्ते शिव पहाड़ी गुफा तक जायेगी। उक्त बैठक मे मंदिर कमेटी संरक्षक सुरेश ठाकुर, जे.के तिवारी सर, बैजनाथ प्रसाद गुप्ता, महेंद्र पासवान, संजय राय भट्ट, अध्यक्ष ब्रजेश गुप्ता, उपाध्यक्ष अरूण साह, सचिव रामविजय साह, कोषाध्यक्ष लालबहादुर साह, बजरंग दल से नीतीश गुप्ता, वेद प्रकाश आर्य मंदिर कार्य समिति सदस्य के साथ सैकडों शिवभक्त उपस्थित थे।

पांच घंटे बाद आवागमन के लिए खुला कोयल नदी का पुल

मझिआंव (आजाद सिपाही)। शनिवार को झमाझम बारिश की वजह से कोयल नदी में जलस्तर काफी बढ़ जाने के कारण से निचले हिस्से में स्थित तटीय इलाकों में पानी भर गया था, तो वहीं पलामू और गढ़वा को जोड़ने वाली पुल कंपन होने की संभावना जतायी गयी थी, जिसको लेकर स्थानीय प्रशासन प्रशासन थाना प्रभारी आकाश कुमार और पुलिस इंस्पेक्टर सुनील कुमार तिवारी अंचलाधिकारी शंभू राम और प्रखंड विकास पदाधिकारी सतीश भगत के द्वारा पुल का निरीक्षण किया। किसी तरह की कोई अप्रिय घटना ना घटे, इसको लेकर पलामू गढ़वा को जोड़ने वाली कोयल नदी पर निर्मित पुल पर दोपहर दो बजे ट्रैक्टर को पुल पर आड़े तिरछे खड़ा कर बैरिकेटिंग कर बंद कर दिया गया था। तत्पश्चात शाम सात बजे यानी पांच घंटे बाद आवागमन के लिए खोल दिया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी आकाश कुमार ने बताया कि कोयल नदी में जल स्तर कम होने के बाद शनिवार को शाम सात बजे ही खोल दिया गया है। साथ ही स्थानीय प्रशासन ने कहा कि यह आवागमन के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण पुल है, और बैरिकेटिंग लगाने के बाद उंटारी रोड रेलवे स्टेशन उतरकर आने जाने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था, जिसके कारण पुल को खोल दिया गया।

बाबाधाम के लिए दूसरा जत्था निकला

हरिहरपुर(आजाद सिपाही)। ओपी क्षेत्र अंतर्गत मझिगावां गांव से सावन के पवित्र महीना में देवो के देव महादेव की नगरी बाबाधाम के लिए पंचायत क्षेत्र से दूसरा जत्था दर्शन करने को निकला। रविवार को पंचायत से दर्जनों कांवरियां वैद्यनाथ धाम के लिए रवाना हुए। रवाना होने से पहले सभी कावरियों ने गांव के मंदिरों में पूजा अर्चना कर कुशल यात्रा के लिए मन्नत मांगा तथा बताया कि वहां दर्शन कर अपने परिवार के साथ साथ पूरे गांव की कुशलता के लिए कामना करेंगे। अरुण मिश्रा, मुकेश उर्फ गुड्डू चौबे, हिर्दन शर्मा, रमेश शर्मा, विश्वजीत कुमार, बसंत राम, रेखा देवी और मधु देवी सहित कई लोगों का नाम शामिल था।

आचार्य बालकृष्ण का जन्म दिवस 'जड़ी बूटी दिवस' के रूप में मना

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। आज डीएवी मॉडल स्कूल गढ़वा स्थित आर्य समाज मंदिर के प्रांगण में पतंजलि योग समिति सह भारत स्वाभिमान न्यास गढ़वा इकाई की ओर से आधुनिक युग के धनवंतरी आचार्य बालकृष्ण जी का जन्म दिवस 'जड़ी बूटी दिवस' के रूप में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर आज प्रातः 5:30 बजे से 7:00 बजे तक योग कक्षा का संचालन योग शिक्षक उपकार कुमार गुप्ता योग के द्वारा किया गया। तत्पश्चात साधकों के बीच जड़ी बूटी दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रकार के औषधीय पौधों का परिचय योग विस्तारक सुशील केसरी द्वारा किया गया जिसमें हरसिंगार, भूमि आंवला, गिलोय, एलोवेरा, मीठा नीम, लेमनग्रास, नागदोन, पत्थरचट्टा, पोई, उड़ेल, कनेर और अन्य कई फूल वाले पौधों का विस्तृत परिचय उसकी उपयोगिता और उसके प्रयोग की विधि बतायी गयी, साथ ही सभी लोगों को पौधों का वितरण किया गया। तत्पश्चात बृहद यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें यज्ञ के ब्रह्मा के रूप में सुशील केसरी ने यज्ञ का संचालन किया। यज्ञ के मुख्य अजमान संगीता गुप्ता और योग शिक्षक उपकार कुमार गुप्ता रहे। इस अवसर पर पतंजलि राज्य सह प्रभारी रासबिहारी तिवारी, भारत स्वाभिमान न्यास ट्रस्ट के जिला प्रभारी नागेंद्र तिवारी, कोषाध्यक्ष सत्यनारायण दुबे, राज्य मीडिया प्रभारी संतोष पांडे, गढ़वा जिला मीडिया प्रभारी आनंद चौबे, किसान पंचायत अध्यक्ष शिवकुमार साहू, पत्नी विमला देवी, योग साधक रामदास साहू, दिलीप शर्मा, सुरेंद्र केसरी, विजय सोनी, रीमा देवी, वीणा गुप्ता, अजीत तिवारी, संतोष चौबे, पूनम कांस्यकार, भोला अग्रवाल, अनुज, संध्या केसरी, शीला आदि उपस्थित थे।

स्कूल-कॉलेज के 100 मीटर के दायरे में नशीला पदार्थ बेचने वालों पर होगी कार्रवाई : थाना प्रभारी

आजाद सिपाही संवाददाता

मझिआंव। थाना क्षेत्र अंतर्गत 10+2 मुखदेव उच्च विद्यालय करमडीह के अगल-बगल नशीली पदार्थ तंबाकू, सिगरेट, गुटखा बेचने वाले दुकानों में संयुक्त रूप से छापेमारी की गयी। जिसमें छापेमारी के दौरान तंबाकू, सिगरेट, गुटखा पर्याप्त मात्रा में बरामद किया गया। वहीं दुकानदारों मे सुदेश चौहान के पुत्र प्रमोद चौहान, रामलखन राम के पुत्र बिराझू राम, संतोष चौहान के पुत्र रोहित चौहान के दुकानों मे छापेमारी किया गया। वहीं थाना प्रभारी आकाश कुमार के द्वारा विधालय के अगल बगल में नशीला पदार्थ न बेचने को सख्त हिदायत देकर छोड़ते हुए सनहा दर्ज किया गया है। साथ ही थाना प्रभारी ने कहा की स्कूल कॉलेज के 100 मीटर के दायरे में अब गुटखा, सिगरेट और नशीला पदार्थ बेचने वालों पर पूरी तरह पाबंदी रहेगी अगर दुबारा किसी के द्वारा अगर बेचते हुए या दुकान से नशीला पदार्थ बरामद किया जाता है, तो दुकानदार पर सख्त कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया जायेगा और अब स्कूल के 100 मीटर दायरे में गुटखा सिगरेट बेचने वालों की अब खैर नहीं होगी।

सावन माह में भगवान शिव सभी भक्तों की मनोकामना पूर्ण करते हैं : अजीत चौबे

सावन माह के शुभ अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ में हुआ रुद्राभिषेक

आजाद सिपाही संवाददाता

श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)। नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत जंगीपुर पेट्रोल पंप स्थित सेंट्रल बैंक के निकट गायत्री शक्तिपीठ में अखिल विश्व गायत्री परिवार के द्वारा रविवार को भगवान भोलेनाथ के प्रिय माह सावन के शुभ अवसर पर महाकालेश्वर महादेव का रूद्राभिषेक और दुग्धाभिषेक किया गया। रुद्राभिषेक कार्यक्रम में मुख्य यजमान शहर के प्रतिष्ठित व्यावसायी नागेंद्र जायसवाल और उनकी पत्नी रिंकू जायसवाल शामिल थे। शिव भक्तों ने देवाधिदेव महादेव का रुद्राभिषेक और जलाभिषेक किया। वहीं भक्तों ने महाकालेश्वर महादेव पर बेलपत्र, दूध, दही, धतूरा, मधु, भांग, आदि पूजन सामग्री चढ़ाकर अभिषेक कर शिव की विधिवत पूजा अर्चना की तथा घर परिवार की सुख समृद्धि और विश्व कल्याण की मंगलकामना भी किया। गायत्री शक्तिपीठ में प्रातः 8:00 बजे से रुद्राभिषेक कार्यक्रम अखिल विश्व गायत्री परिवार के प्रखंड समन्वयक अजीत कुमार चौबे और परिवारजक ललसू राम के द्वारा भगवान महाकालेश्वर का शिव पूजन पूरे विधि-विधान से संपन्न कराया गया। इस दौरान भक्तों के हर हर महादेव, जय भोलेनाथ, जय महाकाल, ओम नमः शिवाय आदि के उद्घोष से पूरा शक्तिपीठ शिवमय हो गया। शिव के महत्व की चर्चा करते हुए गायत्री परिवार के प्रखंड समन्वयक अजीत कुमार चौबे ने कहा कि सावन माह में जो भी भक्त भगवान शिव का व्रत कर पूरे विधि-विधान से रुद्राभिषेक करते हैं, तो भगवान शिव सभी भक्तों की मनोकामना पूरी करते हैं। सावन माह में भगवान शिव सृष्टि का संचार करते हैं, इसलिए इस समय रुद्राभिषेक अधिक और तुरंत फलदायी होता है। उन्होंने कहा कि शिव की साधना के नाम पर ही लोग शिव आचरण करने लगते हैं। श्री चौबे ने कहा कि मंदिर जन जागरण का केंद्र होता है। महारुद्राभिषेक के माध्यम से समाज में कल्याण होगा समय और काल के साथ जो चल सके तथा अपने जीवन को पूर्णता तक ले चले उनके लिए आज का दिन महत्वपूर्ण है।

इस अवसर पर जोखू प्रसाद, गोपाल प्रसाद, मिक्की जायसवाल, मनोज कुमार, मनदीप कमलापुरी, वीरेंद्र प्रसाद कमलापुरी, अनिल लाल अग्रवाल, डॉ सतीश कुमार, अमर जायसवाल, मीना देवी, अनीता देवी, संगीता देवी,सबिता जायसवाल, सकुंतला जायसवाल, आशा जायसवाल, श्रुति जायसवाल, प्रज्ञा जायसवाल, सौम्या जायसवाल, श्रयांस जायसवाल, आराध्य जायसवाल, विनीता जायसवाल, किरण, माधुरी, छाया मोदनवाल, आरवी, सुभद्रा देवी जायसवाल सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

कसौधन वैश्य समाज की बैठक में पुनः चुनाव कराने का निर्णय लिया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। कसौधन वैश्य समाज, गढ़वा समाज के अध्यक्ष उमेश कश्यप की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी। जिसमें 15 अगस्त और पदाधिकारी के कार्यकाल पूर्ण होने पर चुनाव से संबंधित चर्चा किया गया। 10:15 पर झंडोतोलन का निर्णय लिया गया। झंडोतोलन समाज के संरक्षक दिलीप कश्यप के द्वारा किया जायेएगा। चुनाव पदाधिकारी तीन बनाये गये, गोपाल कश्यप, सुरेंद्र कश्यप और संतोष कश्यप। इन्ही के द्वारा चुनाव की तिथि घोषित की जायेगी और चुनाव से संबंधित कार्य किया जायेगा। धन्यवाद ज्ञापन समाज के सचिव संतोष कश्यप के द्वारा किया गया। मौके पर समाज के द्वारा अध्यक्ष उमेश कश्यप को रेलवे धनबाद मंडल का सदस्य बनने पर उन्हें अंगवस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया और उपस्थित समाज के लोगों के द्वारा उन्हें बधाई दिया गया। बैठक में सचिव संतोष कश्यप, मनोज कश्यप, विवेक कश्यप बबलू कश्यप गोपाल कश्यप अमर कश्यप पृथ्वी नाथ कश्यप कैलाश कश्यप, चंदन कश्यप निशांत कश्यप, सुरेश कश्यप, अखिलेश कश्यप, लखन कश्यप, दीपक कश्यप, मोनू कश्यप, गोपाल, राजेंद्र कश्यप, रविंद्र, युवा टीम के पदाधिकारी, सदस्य और अन्य सभी समाज के सदस्य गण उपस्थित थे।

नाबालिग के अपहरण और पोक्सो एक्ट के मामले में युवक गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

कांडी। पुलिस ने एक नाबालिग लड़की की अपहरण और पोक्सो एक्ट के मामले में जयनगरा गांव निवासी एक युवक को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दी। इस मामले में लड़की के पिता ने गुरुवार को अपनी लड़की के अपहरण करने व प्यार के जाल में फसाने का आरोप लगाते हुए गुरुवार को थाना में आवेदन दिए थे। थाना क्षेत्र के खरौंधा पंचायत अंतर्गत भुड़वा गांव की एक नाबालिग लड़की मंगलवार की सुबह से लापता थी। लड़की मंगलवार को पौने नौ बजे स्कूल ड्रेस में घर से स्कूल आने के लिए निकली थी।उसके हाथ में एक दो किताब कॉपी भी था। जिसे उसने गांव के ही बांस में फेंक कर पैदल ही दक्षिण की ओर चली गयी थी। जिसका काफी खोज बिन के बाद भी अभी तक कोई आता पता नही चल सका है। लड़की के पिता ने थाना में आवेदन देकर जयनगरा गांव निवासी सुभाष पासवान के पुत्र धीरज कुमार पासवान 19 वर्ष के खिलाफ अपनी लड़की को अपहरण करने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उक्त युवक को गिरफ्तार कर थाना ले गयी। पूछताछ करने व मोबाईल के जांच करने पर लड़की के साथ उसका जान पहचान और प्रेम संबंध होने का साक्ष्य मिला। उसके बाद पुलिस ने उक्त लड़का को शुक्रवार को जेल भेज दी। लेकिन अभी तक उक्त लड़की का कोई आता पता नहीं चल सका है। लड़का और लड़की के बीच में प्रेम है, इसका भंडाफोड़ सोमवार को स्कूल में हुआ था। लड़की के पिता को स्कूल में बुलाकर उक्त मामले की जानकारी दिया गया। इस विषय में थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम ने बताया कि लड़की की बरामदगी के लिए पुलिस लगातार खोजबीन कर रही है। रिजल्ट जल्द सामने आ जायेगा।

मंइयां सम्मान योजना का शिविर आयोजित

केतार (आजाद सिपाही)। महिला बाल विकास और सामाजिक सुरक्षा विभाग के पत्रांक-08/म०स०/यो०-141/2024 द्वारा झारखंड राज्य 'मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना' से महिलाएं को सीधे लाभ दिलाने के लिए पंचायतवार 3 अगस्त से 10 अगस्त तक कैंप लगाया जाना है। शनिवार को प्रखंड के पंचायत सचिवालय में प्रतिनियुक्त कर्मी संबंधित पंचायत सचिव, मुखिया सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहे। केतार पंचायत सचिवालय में शनिवार को मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लिए शिविर आयोजित की गयी। 48 घंटे से हो रहे झमा झम बारिश में भी 460 महिलाएं ने अपना फॉर्म जमा किये। इस मौके पर मुखिया प्रमोद कुमार, पंचायत सचिव आयुषी चौबे, सबंधित राजस्व कर्मचारी, प्रतिनियुक्त कंप्यूटर ऑपरेटर उपस्थित थे।

कांडी प्रखंड क्षेत्र में मंइयां सम्मान योजना शुरू

हरिहरपुर (आजाद सिपाही)। कांडी प्रखंड क्षेत्र के पंचायत हरिहरपुर, मझिगवां, डुमरसोता में पंचायत स्तर पर मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना का शुभारंभ शनिवार को तथा रविवार को भी किया गया। इस योजना का लाभ से बंचित नहीं होने की स्थिति में कैम्प का आयोजन सभी पंचायत के पंचायत सचिवालय में ही कार्य को निष्पादित किया जाना है । इस संबंध में बीडीओ कांड़ी राकेश सहाय ने बताया कि सर्वर की समस्या हर जगह है आगे सरकारी आदेश जैसा होगा, उसके अनुसार कार्य संपादित किया जायेगा।

लातेहार के चुंगरू में डायवर्सन बहा, आवागमन बाधित

आजाद सिपाही संवाददाता

बरवाडीह। झारखंड के विभिन्न हिस्सों में शुक्रवार से हो रही बारिश ने सड़क यातायात पर कहर बरपाया है। राज्य के विभिन्न हिस्सों में कई सड़कें बह गयी हैं, तो कई पुल-पुलिया क्षतिग्रस्त है। इधर बरवाडीह प्रखंड के सुदूरवर्ती नक्सली प्रभावित क्षेत्र चुंगरू पंचायत में भी एक डायवर्सन के बह गया है। इसके कारण अमवाटिकर से लाभर के बीच आवागमन ठप हो गया है। यह डायवर्सन उक्त सड़क के कालीकरण और चुंगरू गांव के पास पुल बनाने के लिए बनाया गया था। चुंगरू पंचायत के मुखिया बलदेव परहिया और सामाजिक कार्यकर्ता अजय प्रसाद ने कहा कि अमवाटिकर से लाभर तक सड़क का कालीकरण किया जा रहा है। इस क्रम में चुंगरू गांव के पास पुल का भी निर्माण किया जा रहा है। इसके कारण आवागमन बाधित नहीं हो, इस कारण डायवर्सन बनाया गया था। शुक्रवार और उससे पहले भी हुई भारी बारिश से यह डायवर्सन बह गया। इसके कारण इस सड़क पर आवागमन तीन दिनों से बाधित है। इस कारण आसपास के करीब दो दर्जन गांवों का संपर्क टूट गया है। उक्त सड़क का इस्तेमाल करनेवाले ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि डायनर्सन बनाते समय ही काम की गुणवत्ता को लेकर उन्होंने अधिकारियों के पास शिकायत की थी, लेकिन उन शिकायतों पर ध्यान नहीं दिया गया। यह इलाका नक्सल प्रभावित है, इसलिए इस सड़क का इस्तेमाल सुरक्षा बल भी करते हैं। इसके बावजूद कभी डायवर्सन निर्माण की घटिया गुणवत्ता की तरफ ध्यान नहीं दिया गया, जिसका नतीजा आज सबके सामने है। मुखिया बलदेव परहिया ने जिले की उपायुक्त गरिमा सिंह से सड़क निर्माण कार्य के संवेदक को डायवर्सन तत्काल बनाने का आदेश देने और इसकी गुणवत्ता पर ध्यान देने का आग्रह करते हुए पुल निर्माण कार्य को जल्द पूर्ण कराने की मांग की है।

जमशेदपुर की खबरें

बदला लेने की नहीं बल्कि बदलाव लाने की राजनीति करें युवा: कुणाल षाड़ंगी

चाकुलिया टाउनहॉल में बंधु मिलन समारोह में जुटे सैकड़ों युवा

आजाद सिपाही संवाददाता

घाटशिला। चाकुलिया के टाउन हॉल परिसर में रविवार को चाकुलिया यूथ क्लब के तत्वावधान में बंधू मिलन समारोह आयोजित हुआ। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बहरागोड़ा के पूर्व विधायक कुणाल षाडंगी उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त सेवा निवृत्त शिक्षक राम स्वरूप यादव, शुभेंदु महतो, श्रीनाथ मुर्मू,भरत पात्र, सपन महतो, टुलू साव समेत अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक कुणाल षाडंगी ने कहा कि बंधू मिलन समारोह युवाओं द्वारा संचालित और यूवाओं के लिए है। बंधू का अर्थ है दोस्ती और दोस्ती का कोई दायरा नहीं होता है। उन्होंने कहा कि आज इस कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं की भीड़ से यह साबित होता है कि चाकुलिया में युवाओं में एकता है यहीं एकता बरकार रखे और समाज के विकास में संगठित होकर कार्य करें तो निश्चित रूप से क्षेत्र में परिवर्तन होगा। आज भारत के जनसंख्या की अवादी में 60 प्रतिशत की आवादी युवाओं का है। आज समाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में युवाओं को मौका मिलना चाहिए। युवाओं को मौका मिले तो युवा नयी शोच के साथ क्षेत्र का नये तरीके के साथ विकास करेंगें। कहा की वे विदेश की नौकरी छोड़ कर समाज सेवा के लिए राजनीतिक में आये है। आज लोग कहते है कि वें नोकरी छोड़कर समाजसेवा में क्यों आएं। कहा की सभी यूवा यहीं शोचे तो क्षेत्र का विकास कैसे होगा। कहा की वे राजनीति अपने लिये नहीं बल्कि लोगों की सेवा करने और बदला लेने की शोच से नहीं बल्कि बदलाव लाने की शोच से राजनीति करते हैं। अब चाकुलिया में युवा तय करेंगे की यहां के विधायक कौन बनेगा और मुखिया कौन बनेगा। कहा की बहरागोड़ा विस क्षेत्र के लोग शिक्षित है और आने वाले चुनाव में यहां के लोग दोबारा अपने नेता चुनने में गलती नहीं करेंगे। मौके पर संजय सिंह, बाप्पी राय, गंगा दास, विकास मिश्रा, दुलारी हेंब्रम, मुखिया दमयंती मुर्मू, चिनमयी महापात्र, मो राजू, ठाकुर गोप, अमलेंदु साव, पप्पू साव, स्नेहांशु साव, अपू साव, सोमेन साव, साइमंस कुमार, बिरबल गिरी, बिप्लव दास, अरविंद सिंह, मो इंजमाम, सुरज बारिक, कमल लोचन बेरा, कुनू बारिक, चिंटू संतरा, रेहान खान, मो राजु, शेख अरमान, मिन्हाज अख्तर समेत अन्य उपस्थित थे।

अपराध पर अंकुश लगाने में राज्य सरकार नाकाम : बिंदेश्वर उरांव

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। राज्य सरकार अपराध की घटनाओं में अंकुश लगाने में नाकाम है। राज्य में जब से जेएमएम-कांग्रेस की सरकार सत्ता में आयी है। राज्य में कानून व्यवस्था का धज्जियां उड़ रहा है। सरेआम अपराधी सड़क पर घूम रहे है। व्यवसायी को अपना गोली का निशाना बना रहे है। रांची राजधानी में दिन दहाड़े अपराधी स्पेशल ब्रांच के सब इंस्पेक्टर को गोली मारकर हत्या कर देते है। कानून के रखवाले वकील को अपराधी चाकू से गोथकर हत्या कर रहे है, चांदनी चौक जैसे भीड़ भाड़ वाले जगह में चंदवे निवासी पर हत्या का असफल प्रयास। निरंकुश सरकार का एक न बयान आना न उचित कार्रवाई करना। उक्त बातें रविवार को भाजपा के अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उरांव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर राज्य सरकार के नाकामी की निंदा की है। उन्होंने कहा की विगत एक सप्ताह में एक नहीं कई लोगों को अपराधियों ने अपना गोली का निशाना बनाया है। जिसमें रांची के एक वकील, वार्ड पार्षद की हत्या भी सरेआम गोली मारकर की गयी है। जिसमें वार्ड पार्षद की मौत इलाज के दौरान हो गयी। इसके अलावे पाकुड़ में बढ़ते बांग्लादेशी के दबिश से पिछले दिनों 40 सरना सनातन परिवार गांव छोड़ पलायन कर गये। इसके बावजूद राज्य सरकार चुप्पी साधे हुए है। आगमी विधानसभा चुनाव में जनता इसका मुंहतोड़ जवाब देगी।

सर्वर डाउन रहने से नहीं भरा पा रहा फॉर्म

चंदवा (आजाद सिपाही)। चंदवा प्रखण्ड के कामता पंचायत भवन में मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना का लाभ लेने पहुंची महिलाओं का दो दिन में एक भी फॉर्म अपलोड नहीं हुआ। उससे महिलाएं चिंता व्यक्त किया है। साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना का लाभ 21 से 49 वर्ष तक के महिलाओं को दिया जाना है, 03 से 10 अगस्त तक फार्म पंचायत भवनों में लगे शिविर में प्रज्ञा केंद्रों के द्वारा ऑनलाइन किया जना है। तीन और चार अगस्त को एक भी फार्म अपलोड नहीं किया गया है। एक पंचायत में आंगनबाड़ी सेविकाओं के द्वारा करीब आठ सौ फॉर्म भरा गया है लेकिन आज तक एक भी फार्म अपलोड नहीं हुई। प्रज्ञा केंद्र संचालक कुनाल मिस्त्री ने बताया कि फॉर्म अपलोड करने पर इन करेक्ट सीएससी आईडी, स्टेट मीसमैच बताया जा रहा है आवेदन इंट्री नहीं हो रही है। गरीब महिलाएं दुध मुहें बच्चों को लेकर दिन भर भुखा प्यासा पंचायत भवन में कम्प्यूटर की सर्वर के इंतजार मे पड़े रह रहे हैं। फार्म भरने के लिए दी गयी आठ दिन की समय सीमा में दो दिन बेकार चला गया है। पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना का फार्म ऑनलाइन करने के लिए समुचित कदम उठाने व इसकी समय सीमा 10 अगस्त से बढ़ाकर 31 अगस्त तक करने की मांग मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सरकार से की है।

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के दूसरी बार प्रदेश कोषाध्यक्ष बने नजीर आलम खान

कैरो/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)। प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत कैरो प्रखंड मुख्यालय निवासी नजीर आलम खान को एक बार फिर से दुसरी बार भी झारखंड प्रदेश भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनवर हयात ने भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष सह झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के निदेर्शानुसार एक बार फिर से पुनः दूसरी बार भी प्रदेश कोषाध्यक्ष बनाया गया है। इस अवसर पर नजीर आलम खान ने कहा कि पार्टी संगठन के प्रदेश के मुखिया बाबुलाल मरांडी, पुर्व अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेन्द्र, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह निवर्तमान सांसद सुदर्शन भगत,पूर्व राज्यसभा सांसद समीर उरांव अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अनवर हयात ने मुझपर सांगठनिक कार्यो पर जो भरोषा जताया है मैं अपेक्षा के अनुरुप खरा उतरूंगा। नजीर आलम खान को दूसरी बार प्रदेश कोषाध्यक्ष बनाये जाने पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष लोहरदगा नासिर अंसारी, जिला महामंत्री मो. एबरार अंसारी, अख्तर अंसारी, गुड्डू अंसारी, जहांगीर खान, मौलाना जियायूल हक असरफी, भाजपा जनजाति मोर्चा प्रदेश महामंत्री विंदेश्वर उरांव, सूरज मोहन साहू, विशेश्वर प्रसाद दीन, लखन उरांव, श्रवण मुंडा, विमल कुमार सिन्हा इत्यादि ने बधाई दी है।

ग्राम प्रधान की अनुपस्थिति में हुई सभा

गारु (आजाद सिपाही)। गारू प्रखंड के बारेसांढ़ पंचायत मे अबुआ आवास के चयन हेतु ग्राम सभा ग्राम प्रधान के बिना ही कर दिया गया। प्रचार प्रसार के आभाव के कारण मात्र ग्राम सभा मे दर्जन भर लोग ही उपस्थित थे। ग्राम सभा मे ग्राम प्रधान, मुखिया एवं वार्ड के चार सदस्य नही थे। इस सम्बन्ध मे ग्राम प्रधान कन्हाई सिंह ने बताया कि हमे जानकारी नही है अबुआ आवास के बैठक के दिन पंचायत मुख्यालय से बाहर था। वार्ड सदस्य महेश राम एवं सोनिया देवी ने बतलाया कि उन्हे बैठक कि जानकारी देर से मिली जिस कारण बैठक में शामिल नहीं हो पाये। ग्राम सभा का उद्देश्य योजनाओं का चयन मे पारदर्शिता का लाना होता है। उन्होंने बैठक रद्द करने की मांग किया है और अगली बैठक की तिथि की घोषणा पहले किये जाने की बात कही है।

विकसित राष्ट्र बनाने में भूमिका निभायेगा बजट : कालीचरण सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

लातेहार। लातेहार भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय लातेहार में भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज सिंह की अध्यक्षता में प्रेस कांफ्रेंस रखा गया। जिसमें चतरा लोकसभा सांसद काली चरण सिंह ने केंद्रीय बजट 2024-25 को देश की अर्थव्यवस्था के लिए एक महत्वपूर्ण बजट बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट समावेशी विकास और भविष्य की दृष्टि से तैयार किया गया है, जिसमें सभी क्षेत्रों को प्रगति की राह पर ले जाने का प्रयास किया गया है। श्री सिंह ने कहा कि बजट में ग्रामीण और शहरी विकास, कृषिस्वास्थ्य, शिक्षा, आधारभूत संरचनाओं, उद्योग, और स्टार्ट-अप सिहत सभी क्षेत्रों को संतुलित तरीके से प्राथमिकता दी गयी है। सांसद ने कहा कि बजट में युवाओं को कौशल विकास और रोजगार के अवसर प्रदान करने के प्रावधान किए गये है। इन प्रावधानों से 4 करोड़ 10 लाख से अधिक युवा लाभांवित होंगे। किसानों की आय बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए बजट में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए विगत माह न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में बढ़ोतरी की गयी थी, सिंचाई परियोजनाओं के विस्तार के लिए वित्तीय सहायता के साथ जैविक खेती और प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन देने के बजट में सशक्त प्रयास किये गये हैं। अगले 2 वर्ष में पूरे देश में एक करोड़ किसानों को प्राकृतिक कृषि से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष राकेश दुबे, बंसी यादव, मुकेश कुमार पांडे, अश्विनी सिंह, राजू कुमार दास, प्रमोद कुमार, विवेक चंद्रवंशी, भाजपा नेता संतोष पासवान, उत्तम कुमार, अन्य कार्यकर्ता लोग मौजूद थे।

श्रावणी सह डिज्नीलेंड हैंडलूम हैंडीक्राफ्ट कंज्यूमर मेले में उमड़ रही भारी भीड़

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। शहरी क्षेत्र के ललित नारायण स्टेडियम परिसर में 31 जुलाई से शुरू श्रावणी सह डिजनीलेंड मेला हैंडलूम हैंडीक्राफ्ट कंस्यूमर में हर दिन भारी भीड़ हो रही है। मेला में शहरी क्षेत्र समेत ग्रामीण क्षेत्रों से भी लोग आ रहे हैं और मेला का लुत्फ उठा रहे हैं। श्रावणी मेला छोटे बड़े झूला भी लगाये है जैसे टावर झूला मौत का कुआं ड्रेगन टोरा टोरा ब्रेक डान्स और छोटे बच्चों के लिए मिकी माउस जमपिंग झूला आदि मनोरंजन के झूले लगाए गये है। इसके अलावा भारत वर्ष के हस्त शिल्पकारों द्वारा 15 से 20 राज्यों द्वारा 70 से 80 स्टॉल लगाए गये है जिसमे उत्तर प्रदेश मेरठ के खादी के कपड़े सहारनपुर गिफ्ट आईटम एवं फर्नीचर पानीपत का पर्दा किचन वैयर कोलकाता हैंडलूम के कपड़े बनारसी साड़ी भागलपुर सूट ड्रेस मैटेरियल राजस्थानी अचार उत्तर प्रदेश भदोई का कारपेट डॉर्मेट कालीन लेडीज पर्स लुधियाना कॉटन सॉक्स ज्वाला खादी ग्रामोउद्योग की दवाईयां खुर्जा की क्रॉकरी ब्रांडेड पेंट सर्ट बांम्बे बाजार की लेडीज चप्पल फिरोजाबाद कांच की चूड़ियां जयपुर माउथ फ्रेशनर बच्चों के लिए अनेक प्रकार के खिलोने महिलाओ के लिए सौन्दर्य प्रशाधान के सामान आदि घरेलु उपयोग में आने वाले सामानों की खरीदारी एक ही छत के नीचे कर सकेंगे। बाजार सुबह 12 बजे से रात्रि 10 बजे तक खुला रहेगा। आयोजन कर्ता अनिल शाहू, प्रशांत कुमार, प्रांशु कुमार, राजेश शाहू, अजय शाहू, पिंटू , प्रवीण ठाकुर, शुभम मित्तल, अजय महतो व कुलदीप कुमार ने बताया कि यह श्रावणी मेला 25 अगस्त तक संचालित होगा। गौरतलब है की मेला का उद्घघाटन थाना प्रभारी रत्नेश मोहन ठाकुर, प्रत्युश शाहू, रामलखन साहू ने किया था। वही मेला में सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टिकोण से सदर थाना की गश्ती दल मौजूद रहते हैं।

हिंडालको ने खिलाड़ियों को दिया फुटबॉल

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। हिंडालको सीएसआर के माध्यम से ग्रामीण प्रतिभा को निखारने हेतु खनन क्षेत्र के आसपास गांव के खिलाड़ियों एवं फुटबॉल क्लब के सदस्यों के बीच फुटबॉल का वितरण किया जा रहा है। रविवार को इसी कार्यक्रम के तहत बिमरला खनन क्षेत्र अंतर्गत घुंघरू पाठ, घोड़ा पत्थर, कुंदो, बरांगपाठ, घाघरा पाठ, देमाडीह, चापकोना एवं जिलिंग सिरा आदि ग्रामों के खिलाड़ियों के बीच फुटबॉल का वितरण किया गया। इस मौके पर सहायक महाप्रबंधक (खान) किरण शंकर सिंह ने फुटबॉल वितरण करते हुए कहा कि खेल के माध्यम से हम अपने स्वास्थ्य को बेहतर बना सकते हैं। आप फुटबॉल खेल के जरिए खेल के क्षेत्र में आगे बढ़कर अपना करियर भी संवार सकते हैं। इसके लिए आपको अनुशासित तरीके से खेलना होगा। साथ ही साथ क्षेत्र में खेल की भावना भी बढ़ेगी। मौके पर सहायक प्रबंधक चंद्रकांत दुबे ने भी खिलाड़ियों को अपने संबोधन के जरिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए सीएसआर विभाग के अभय भारती ने सबों को फुटबॉल वितरण करते हुए शुभकामनायें दी। मौके पर सुजीत कुमार झा, कृष्णा शर्मा, नागेंद्र सिंह, पुलिस अधिकारी प्रमोद पांडे, ग्रामीण रामचंद्र उराव, राजकुमार उरांव, अरुण यादव, सुशील असुर, मंगलेश्वर असुर, लिटु असुर आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

एसपी और डीटीओ के निर्देश पर नो एंट्री में खड़े वाहनों से 90700 रुपये वसूले गये

आजाद सिपाही संवाददाता

सरायकेला। सरायकेला एसपी मुकेश कुमार नुलायत और डीटीओ शंकराचार्य सामद के निर्देश पर यातायात पुलिस का एक्शन लगातार जारी है। शनिवार को कोलावीरा स्थित रामाकृष्णा फोर्जिंग प्लांट के बाहर नो एंट्री जगह पर खड़ी वाहनों से 90700 रुपयों का फाइन असूला गया। बताया जा रहा हैं कुछ दिन पूर्व ही कंपनी को नोटिस देते हुए नो एंट्री जगह से वाहन हटाने का सख्त निर्देश दिया गया था। लेकिन उन कंपनियों द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन लगातार किया जा रहा था। जिसके कारण कई सारे वाहनों का फाइन भी काटा गया था। जिले में सड़क दुर्घटनाओं से कई सारे मौते चुकी है। वही एसपी व डीटीओ के निर्देश पर सड़क दुर्घटनाओं का रोकथाम के लिए यातायात पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। वाहनों की ओवरलोडिंग, ड्रिंक व ड्राइव और वाहनों के कागजातों की जांच की जा रही है। इस संदर्भ में यातायात थाना प्रभारी राजेश कुमार सिंह ने जानकारी दी नो एंट्री जगह पर खड़े वाहनों के कारण सड़क दुर्घटनाएं बन रही है। सरायकेला पुलिस के द्वारा जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है।

उन्होंने कहा जो भी व्यक्ति यातायात नियमों का उल्लंघन करते हुए पाए जायेंगे उनके साथ सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी। अगर कंपनी भी यातायात नियमों का उल्लंघन करते हुए पाए जाते हैं तो उनके साथ भी कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

प्रजापति विकास संघ की सामाजिक सभा में शामिल हुए मंगल कालिंदी

समाज के भवन निर्माण का दिया आश्वासन

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। प्रजापति विकास संघ के द्वारा सोपोडेरा महावीर उत्सव भवन में कुम्हार समाज के उत्थान व स्थानीय समस्याओं का समाधान के लिए सामाजिक सभा का आयोजन किया गया। रविवार को आयोजित सभा में मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए। प्रजापति विकास संघ के अध्यक्ष ने गुलदस्ता भेंटकर व शाल ओढ़ाकर विधायक का स्वागत किया। इस अवसर पर प्रजापति समाज के सैकड़ों महिलाएं व पुरुष मौजुत रहे। सभा के दौरान प्रजापति विकास संघ के पदाधिकारियों द्वारा किये जा रहे सामाजिक कार्यों का विस्तार से विधायक के समक्ष प्रस्तुत की गयी। विधायक ने संघ के द्वारा की जारही सामाजिक कार्य का सराहना की। साथ ही समाज को हर संभव मदद करने का वादा किया। मौके पर विधायक ने प्रजापति समाज के लिए भवन निर्माण पर पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर विधायक संग झामुमो के भरत सिंह, जीतेन्द्र सिंह, मिथुन चक्रवर्ती शामिल रहे। वही सभा मे प्रजापति विकास संघ के संस्थापक व वरिष्ठ सदस्य भुनेश्वर प्रजापति व परन पंडित ने अपनी उपस्थिति से इस आयोजन की गरिमा बढ़ाई। मंच का संचालन विश्वनाथ प्रजापति धन्यवाद ज्ञापन संघ के अध्यक्ष रामस्वरूप प्रसाद ने किया। मौके पर नकुल पंडित, श्रीराम प्रसाद, श्रीकृष्णा पंडित, राजू प्रसाद, सुरेंद्र पंडित, प्रमोद प्रसाद, शिव प्रसाद, धनंजय कुमार सहित प्रजापति विकाश मंच के सदस्य शामिल रहे।

आइसीआइसीआइ जमशेदपुर गोल्फ लीग का बेताज बादशाह बना टाइगर नाइट्स

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। रविवार को तीन महीने से चल रहे जमशेदपुर गोल्फ लीग का फाइनल मुकाबला बेलडी और गोलमुरी गोल्फ कोर्स में खेला गया। इसमें 14 अलग अलग टीमों ने भाग लिया था। जिसमें तीन बार के विजेता एपिक वॉरियर के खिलाफ टाइगर नाइट्स ने फाइनल्स खेला। बहुत ही शानदार प्रदर्शन दोनो टीमों के तरफ से दिया गया जिसमें टाइगर नाइट्स फाइनल्स में चैंपियन बने। टाइगर नाइट्स के टीम में पंद्रह खिलाड़ी थे विनायक सिद्धि (कैप्टन) रोहित तिवारी (उपकप्तान) वरुण सोनी, निखिल आधेसारा, हर्ष पांडेय, सौरभ अग्रवाल, तरनप्रीत सिंह खनूजा, गौरव रूंगटा, प्रवेश धवन, बिपिन पटेल, हामिद राजा खान, नितिन खोसला, पूनम दोषी, शशि तिवारी और निशांत झा थे।

बाजार टांड़ में बाइक गराज में चोरी

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। गुमला पुलिस द्वारा लगातार चोरी की घटनाओं का उद्वेदन करते हुए चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेजने का काम कर रही है। बावजूद शहर में चोरी की घटनाओं में अंकुश नहीं लग पा रहा है। शहर के बाजार टांड़ स्थित शैलेश मोटरसाइकिल गैरेज में बीती रात अज्ञात चोरों ने दरवाजा का कुंडी तोड़कर करीब 30 हजार के सामानों की चोरी कर ली। सुबह जब शैलेश भगत दुकान खोलने पहुंचा तो देखा कि दरवाजा का कुंडी टूटा हुआ है। वही अंदर जाकर देखने पर लोहे के सामानों की चोरी हुई है। छानबीन करने पर ट्रैक्टर के बैटरी की भी चोरी कर ली गई है। इसके बाद पीड़ित ने गुमला थाना को आवेदन सौंपते हुए कार्रवाई की मांग की है। कहा शनिवार को दोपहर दुकान बंद कर अपने घर कुम्हार मोड चला गया। रविवार की सुबह 10 बजे दुकान खोलने आया तो देखा कि दरवाजा का कुंडी टूटा हुआ है वही लगभग 30 हजार के सामान की चोरी अज्ञात चोरों द्वारा की गई है। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध कार्रवाई और चोरी किए गए सामानों की बरामदगी की मांग की है।

केंद्र ने विकास के लिए पूर्वोदय योजना की दी सौगात : सुदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। मोदी सरकार ने पूर्वोत्तर के राज्यों के विकास के लिए पूर्वोदय योजनाएवं 5 वर्षों की अवधि में 20 लाख युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देने के साथ 1000 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को विकसित करने का लक्ष्य रखा है। उपरोक्त उद्बोधन विरसा मुंडा एग्रो पार्क के सभागार में भाजपा गुमला द्वारा आयोजित एक प्रेस वार्ता में निवर्तमान सांसद सुदर्शन भगत ने बीते दिवस लोकसभा में पेश बजट के संदर्भ में केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं के बारे विस्तार से कही।

उन्होंने कहा कि भाजपा की नीतियों के प्रति देश की 140 करोड़ जनता के द्वारा उनके समर्थन आस्था और विश्वास के लिए केंद्र सरकार आभारी हैं। बजट में मुख्य रूप से चार समूहों क्रमशः गरीब, महिलाएं, युवा, और अन्नदाता (किसान भाई) के सम्पूर्ण विकास पर ध्यान केंद्रित कर योजनाएं बनायी गयी है।

बजट में सभी वर्गों के भरपूर विकास के अवसर का सृजन करने के लिए नौ प्राथमिकताओं पर सतत प्रयासों का परिकल्पना किया गया। इसके अलावे वर्तमान वर्ष ग्रामीण अवसंरचना सहित ग्रामीण विकास के लिए 2.66 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान रखा गया है। मोदी सरकार खास कर गुमला वासियों के लिए केंद्रीय बजट में रायपुर से रांची राष्ट्रीय हाई-स्पीड गलियारा के लिए 4473 करोड़ रुपये का मंजूरी दी है इसके अंतर्गत पत्थलगांव से गुमला तक फोरलेन सड़क तत्काल बनायी जायेगी। गुमला जिला के कानून व्यवस्था में भारी गिरावट के लिए सुदर्शन भगत एवं पूर्व विधायक शिव शंकर उरांव ने हेमंत सरकार को आड़े हांथों लिया, कहा कि यह सरकार पूरी तरह से तुष्टिकरण करने, बेलगाम भारी भ्रष्टाचार एवं बालू को सिंडिकेटों का खेल में जनता की आकांक्षाओं का बलि चढ़ा दिया।

प्रेसवार्ता में मुख्य रूप से निवर्तमान सांसद सुदर्शन भगत जिला अध्यक्ष शिव प्रसाद साहू पूर्व विधायक कमलेश उरांव और शिव शंकर उरांव, पूर्व जिला अध्यक्ष सविंद्र सिंह,जिला परिषद अध्यक्षा किरण माला बाड़ा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष गायत्री देवी, यशवंत सिंह कोषाध्यक्ष निर्मल गोयल जिला मंत्री जगनारायण सिंह, संजय कुमार साहू सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

दो फरार पशु तस्कर गिरफ्तार

रायडीह (आजाद सिपाही)। रविवार को दो फरार पशु तस्करों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल।इस संबंध में थाना प्रभारी कुंदन कुमार ने बताया कि थाना कांड संख्या 20/2023 दिनांक 11/06/2023 धारा 414/34 आइपीसी एवं 11(1)(4) पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम तथा 12(1)/13(1) झारखंड गोवंशीय पशु हत्या प्रतिषेध अधिनियम के प्राथमिकी अभियुक्त एवं एक साल से फरार चल रहे वारंटी ऐनुल अंसारी पिता स्व. सलीम अंसारी,महफूज अंसारी पिता ऐनुल अंसारी दोनों सिसई बस्ती थाना सिसई जिला गुमला को सिसई बस्ती से छापामारी कर गिरफ्तार किया गया था।जिससे रविवार को न्यायिक हिरासत मे भेजा गया।

नदी में डूबे व्यक्ति के शव को ग्रामीणों ने खोजा

रायडीह (आजाद सिपाही)। शंख नदी मिलमिली नदी के संगम में डुबा व्यक्ति का शव को रविवार को ग्रामीणों ने खोज निकाला। ज्ञात हो कि शनिवार को शाम में एक व्यक्ति नशे की हालत में दोनों नदियों के संगम स्थल के पास अपने गांव जाने के लिए छलांग लगा दिया था। लेकिन अत्यधिक पानी होने के कारण वह नदी में डूब गया था। जिसकी तलाश ग्रामीणों ने शनिवार को भी की थी। लेकिन अंधेरा हो जाने के कारण शव नहीं मिल पाया था फिर रविवार सुबह ग्रामीणों ने खोजना शुरू किया और नदी के किनारे से शव को बरामद किया। जिसकी पहचान परमेश्वर सिंह उम्र 50 वर्ष गांव बरटोली थाना लोदाम जिला जशपुर छत्तीसगढ़ के रूप में हुई। घटना की सूचना पर रायडीह पुलिस पहुंची और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया।

सरना स्थल के समीप सड़क पर पेड़ गिरने से यातायात रहा बाधित

रायडीह (आजाद सिपाही)। पिछले दो दिनों से तेज हवा के साथ मुसलाधार वर्षा से शनिवार की सुबह को कांसीर के मरियमटोली सरना स्थल के पास सड़क के बीचों बीच पुराना पीपल का विशाल पेड़ धराशायी होकर गिर गया। इसके बाद रायडीह – चैनपुर – महुआडांड़ मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया। सड़क के दोनों और वाहनों की लंबी कतार लग गयी। जिसके बाद इस मार्ग से चलने वाली यात्री बसें, चार पहिया, ऑटो दूसरे मार्ग गुमला करमटोली, बांसडीह, हेसाग, कांसीर होता हुआ चैनपुर से आना जाना किये। इधर सूचना मिलते ही थाना प्रभारी कुंदन कुमार सिंह एक्शन में आये। जाम हटाने के लिए जेसीबी की खोज करने करने लगे।किंतु रायडीह में जेसीबी नहीं मिल पाया। अंततः चैनपुर से जे सी बी मंगवाया गया। उसके बाद सशस्त्र बलों के साथ सड़क अवरुद्ध स्थल पहुंचे। लगभग डेढ़ घंटे के अथक प्रयास के बाद गिरे पेड़ को हटाया गया। अपराह्न 4 बजे से सड़क में निर्बाध गति से आवागमन प्रारम्भ हुआ। इस प्रकार दिन भर सड़क बाधित रहा।

करंट लगने से मौत

गुमला (आजाद सिपाही)। सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत कसीरा गांव निवासी करीब 75 वर्षीय वृद्ध दुखु साहू की विद्युत करंट की चपेट मे आने से मौत हो गयी। जानकारी के मुताबिक रविवार की अहले सुबह करीब 5:00 बजे वृद्ध लोटा लेकर शौच करने खेत की ओर जा रहा था तभी रास्ते में एक बिजली का खुला तार गिरा हुआ था वृद्ध तार को नहीं देख पाया जिससे उसे करंट लग गया और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। एक ग्रामीण की नजर उसे पर पड़ी इसके बाद घटना की सूचना घर वालों को दी गई। मृतक का पुत्र दौड़ता हुआ आया और वृद्ध को किनारे करने लगा इस क्रम में उसे भी करंट का झटका लगा। इसके बाद मृतक का पोता घर से कुदाल लेकर आया इसके बाद तार को हटाकर शव को किनारे किया गया। वही घटना की सूचना गुमला थाना को दी गयी है परिजनों ने बताया गांव का ही गुलाब साहू ट्रांसफार्मर से खुले तार में बिजली की चोरी करता है।

उपायुक्त ने इसरो भ्रमण करनेवाली 26 छात्राओं को किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। उपायुक्त गुमला नवाचारी पहल अंतर्गत पिछले दिनों सपनों की उड़ान नामक साइंस ओलंपियाड का आयोजन कराते हुए उत्कृष्ट चयनित 26 छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण हेतु इसरो के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र श्रीहरिकोटा गया था। जिले के मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, सभी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, सभी झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय तथा कल्याण विभाग अंतर्गत सभी बालिका आवासीय विद्यालयों की इन 26 सुपर गर्ल्स के सम्मान में उपायुक्त गुमला के आवास में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छात्राओं ने अपने शैक्षणिक भ्रमण के अनुभव साझा करते हुए बताया कि उन्होंने इस शैक्षणिक भ्रमण से अंतरिक्ष विज्ञान की दुनिया के बारे में काफी कुछ जाना तथा वे सभी मैट्रिक पास करने के बाद इंटर में विज्ञान की पढ़ाई करेंगी और विज्ञान के क्षेत्र में अपने सपनों को पूरा करने का प्रयास करेंगी। कार्यक्रम में पूर्णिमा कुमारी अनुमंडल पदाधिकारी चैनपुर के साथ साथ गुमला के अंचल अधिकारी श्री हरीश कुमार, शिक्षा विभाग के बीपीओ श्री दिलदार सिंह श्री रमेश कुमार डिस्ट्रिक फेलो, शिक्षिका शशि नीलम तिर्की, नीलम खाखा तथा रोहिणी कुमारी प्रसाद ने अपने अनुभव साझा किये।

उपायुक्त गुमला के द्वारा सभी 26 सुपर गर्ल्स तथा उपस्थित अधिकारियों एवं शिक्षिकाओं को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। ज्ञात हो कि इसरो के इस शैक्षणिक भ्रमण योजना की माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा भी प्रशंसा की गई थी । जिले के सुदूरवर्ती आदिवासी बहुल क्षेत्रों की छात्राएं शामिल हैं जिसमें आदिम जनजाति एवं अनुसूचित जाति की बच्चियां भी हैं । अनेक बच्चियां ऐसी हैं जो अबतक कभी जिले से बाहर भी नहीं गयी थी।

सर्वर डाउन रहने से नहीं हुआ रजिस्ट्रेशन

भरनो (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर भरनो प्रखंड के सभी पंचायतो में लगाये गये शिविर में अव्यवस्था का आलम दिखा। सर्वर डाउन रहने से सिर्फ कुछ महिलाओं का ही रजिस्ट्रेशन हुआ। फॉर्म की किल्लत रही। इस वजह से महिलाओं में आक्रोश था. मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का फॉर्म जमा करने रविवार को भरनो क्षेत्र के पंचायत भवनों में महिला की भारी भीड़ जुटी। लेकिन सर्वर डाउन रहने के कारण फॉर्म जमा नहीं हो पाया और घंटों इंतजार करने के बाद महिलायें निराशा होकर वापस लौट गयीं। इस दौरान अव्यवस्था का आलम रहा। विभिन्न पंचायत भवनों में फॉर्म के लिए महिलाएं मारामारी करती दिखीं। आंगनबाड़ी सेविकाओं का कहना था कि ब्लॉक से मिले फॉर्म को लाभुकों के बीच निःशुल्क बांटा जा चुका है। आंगनबाड़ी सेविकाओं को 50 से 100 फॉर्म दिये गये थे। लेकिन लाभुकों की संख्या बहुत अधिक थी। इस कारण फॉर्म कम पड़ गये। स्थिति का जायजा लेने भरनो कांग्रेस प्रखंड उपाध्यक्ष मोख्तार आलम दक्षिणी भरनो पंचायत भवन पहुंच कर महिलाओं से बात कर समस्याओं से अवगत होने के उपरांत फॉर्म नहीं मिलने, सर्वर मे सुधार आदि विषय पर अधिकारियों को सूचित कर समस्या के सम्बंधित जानकारी दी और जल्द से जल्द इसे ठीक कराने के मांग किया।

कनक ज्वेलर्स में हुए गोलीकांड का उद्भेदन करने पर प्रशासन को बधाई

गुमला (आजाद सिपाही)। कनक ज्वेलर्स में हुए गोलीकांड का पुलिस ने उदभेदन कर लिया है। पुलिस की इस सफलता पर कांग्रेस के प्रदेश सचिव सह पूर्व चैंबर अध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने हर्ष व्यक्त करते हुए पुलिस प्रशासन को बधाई दी है। कहा कि आक्रोशित लोगों द्वारा आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस को 72 घंटे का अलटीमेटम दिया गया था। जिसे स्वीकार करते हुए एसपी व थाना प्रभारी के प्रयास से मामले का खुलासा कर आरोपियों को पकड़ लिया गया है। इससे आमजनों का पुलिस के प्रति भरोसा बढ़ा है। आशा है कि आगे भी पुलिस अपराध नियंत्रण के प्रति सजग व तत्पर रहे ताकि गुमला क्राइम फ्री जिला के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर सके।

जन्म प्रमाणपत्र के लिए पैसा मांगने के आरोप पर लिपिक से मांगा गया स्पष्टीकरण

आजाद सिपाही संवाददाता

कामडारा। कामडारा सामुदायिक स्वास्थ केंद्र कामडारा में पदस्थापित लिपिक अतुल अनुराग राज पौराणिक के द्वारा अवैध तरीके से पैसा लेकर जन्म प्रमाणपत्र बनाने के आरोप में मुख्य चिकित्सा प्रभारी गुमला ने संज्ञान लेते हुये सीएचसी कामडारा के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को संबंधित कर्मियों से दो दिनो के अंदर स्पष्टीकरण जारी करते हुये अपना मंतव्य मांगा है।प्राप्त जानकारी के मुताबिक कामडारा प्रखंड के रामपुर पंचायत के पंसस सुशीला देवी और कुछ सहियाओं ने विगत 26 जुलाई को कामडारा के जिला परिषद सदस्य दीपक कंडूलना को उपायुक्त गुमला के नाम पर एक आवेदन सौंपा था।जिसमें उन्होंने बताया है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कामडारा मे पदस्थापित लिपिक अतुल अनुराग राज पौराणिक के द्वारा नये बच्चों का जन्म प्रमाणपत्र बनाने के लिये दो सौ रुपये और उससे अधिक समय होने की स्थिति मे एफिडेविट के नाम पर तीन सौ से चार सौ रुपये तक ,कभी-कभी तो मनमाने ढंग से पैसा वसूली की जाती है।वह बिना पैसे का प्रमाणपत्र नहीं बनाते है और लोगों को दौड़ाते रहते हैं।जिसके कारण आम लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।इधर विगत 29 जुलाई को मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी गुमला ने संज्ञान मे आते ही अपने ज्ञापांक संख्या 2438 मे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कामडारा के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को पत्र जारी कर बताया है कि उपायुक्त गुमला के द्वारा अधोहस्ताक्षरी को दूरभाष पर सूचना दी गई है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कामडारा मे जन्म प्रमाणपत्र एवं मृत्यु प्रमाणपत्र निर्गत करने मे अवैध राशि की वसूली की जा रही है।इसलिए आप से निर्देशित है कि जन्म प्रमाणपत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत से संबंधित कर्मियो से स्पष्टीकरण प्राप्त कर दो दिनो के अंदर अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।ताकि उपायुक्त गुमला को अवगत कराया जा सके।

लाठी से मारकर बड़े भाई की हत्या

घाघरा (आजाद सिपाही)। घाघरा थाना क्षेत्र अंतर्गत विमरला पंचायत के गुटूआ जोकारी गांव निवासी अजय टोप्पो ने अपने बड़े भाई 42 वर्षीय बसंत टोप्पो को लाठी से पीट कर हत्या कर दिया। घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। जानकारी के मुताबिक शनिवार की शाम करीब 7 बजे धान रोपकर सभी घर लौटे। वहीं दोनों भाई बैठकर एक साथ शराब पिया। इसके बाद दोनों में बातचीत करते-करते विवाद हो गया। तभी छोटे भाई ने घर में रखे सखुआ के लाठी से बड़े भाई के सिर पर वार कर दिया। अत्यधिक रक्त स्राव के कारण बड़े भाई की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। इसके बाद ग्रामीण अजय को पकड़ कर रखे और घटना की सूचना घाघरा थाना को दी गई। रविवार दिन के 11 बजे घाघरा थाना की पुलिस गांव पहुंची और छोटे भाई को हिरासत में ले लिया। वहीं बड़े भाई के शव को कब्जे में लेते हुए पंचनामा किया और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष बने अमन यादव

चैनपुर (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता युवा मोचा (भाजयुमो) के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने अपनी टीम की घोषणा की। जिसमें भाजयुमो की नई टीम में गुमला जिला के अमन यादव को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाये गये। अमन यादव को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाये जाने पर चैनपुर मंडल में खुशी का माहौल है। मंडल के महामंत्री विक्की साहू ने कहा कि अमन यादव भाजपा के एक-एक कार्यकर्ता के लिए वह हमेशा तत्पर रहते हैं। किसी भी प्रकार की परेशानी या पार्टी के संगठन को मजबूत करने के लिए वह हमेशा तत्पर रहे हैं। आज पूरे चैनपुर मंडल की ओर से उन्हें शुभकामना और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं उन्हें भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर युवा मोर्चा अध्यक्ष शशि भूषण सिंह, पूर्व सांसद प्रतिनिधि नीरज शर्मा, मंडल अध्यक्ष मनोहर बड़ाईक, अमित पांडे, अरविंद मौर्य, बुधराम नायक, राजेश भगत, बिरसुगोप सहित चैनपुर मंडल के सभी कार्यकर्ता एवं सामाजिक संगठनों ने बधाई दी एवं शुभकामनाएं दी है।

संकुल स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर का उत्कृष्ट प्रदर्शन

गुमला (आजाद सिपाही)। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में पढ़ने वाले बच्चे बहुत ही सौभाग्यशाली है। क्योंकि यहां शिक्षा के साथ संस्कार तथा मानव मुल्यो की शिक्षा दी जाती है। उक्त बातें संघ के विभाग प्रचारक शमी द्वारा कही गयी। गुमला में संकुल स्तरीय प्रश्नमंच प्रतियोगिता का दिनांक 04 अगस्त 2024 को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गुमला में विद्या भारती द्वारा आयोजित संकुल स्तरीय प्रश्नमंच प्रतियोगिता का अयोजन हुआ। जिसमे गुमला संकुल से पांच विद्यालय बसिया, ठेठईटांगर, कुदरा सिसई, भरनो तथा गुमला सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की टीम थी। प्रश्न मंच कुल 6 विषयो पर आधारित थी जिसमें 24 टीम में प्रतिभागी के रूप में सम्मिलित हुई। प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर गुमला प्रथम स्थान प्राप्त कर ओवर ऑल चैंपियन रहा जबकि भरनो विद्यालय दूसरे स्थान तथा सिसई विद्यालय तृतीय स्थान पर रहा। इस प्रतियोगिता के विजेता भैया बहन अगामी 17 अगस्त को लोहरदग्गा में होने वाली विभाग स्तर के प्रश्न मंच प्रतियोगिता में शामिल होंगे। प्रतियोगिता में संघ विभाग प्रचारक शमी, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामकिशोर रजक, सचिव विजय बहादुर सिंह, संकुल संयोजक प्रभात कुमार दास, सरस्वती विद्या मंदिर गुमला के प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा, भरनो विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश कुमार, सिसई विद्यालय के प्रधानाचार्य देवेंद्र कुमार वर्मा तथा समिति सदस्य राजेश कुमार की उपस्थिति रही।

जारी प्रखंड की विभिन्न पंचायतों में लगाया गया मंइयां सम्मान योजना कैंप

जारी (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत गोविंदपुर, जरडा, मेराल, सीसी करम टोली, सिकरी सहित अन्य पंचायत में मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना के तहत कैंप लगाया गया। कैंप में दूरदराज से आये सैकड़ो महिलाओं ने योजना का लाभ लेने के लिए फॉर्म भरा। कैंप में सभी पंचायत के मुखिया और पंचायत सेवक सहित संबंधित कर्मी उपस्थित थे। उपस्थित कर्मियों ने बताया यह कैंप 10 अगस्त तक लगाया जायेगा। वहीं 21 से 50 साल तक की महिलाओं को योजना का लाभ मिलेगा। जो हरा या पीला राशन कार्ड धारी हैं। इसके लिए सभी आंगनवाड़ी सेविकाओं को भी फार्म उपलब्ध करा दिया गया है। चयनित लाभुकों को हर माह 1000 मिलेंगे। आवेदिका का राशन कार्ड, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, वोटर आइडी कार्ड और दो पासपोर्ट साइज फोटो लगेंगे। आवेदक विभागीय वेबसाइट पर जाकर भी डाउनलोड कर सकते हैं। योजना का लाभ लेने के लिए प्रत्येक आवेदिका के बैंक खाते की आधार सीडिंग करना आवश्यक है। ताकि राशि के भुगतान में कोई बाधा ना हो।

मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना शिविर में दूसरे दिन भी रही भीड़

गुमला (आजाद सिपाही)। गुमला जिले में मुख्यमंत्री मंइयां साम्मना योजना के तहत दिनांक 3 से 10 अगस्त तक आयोजित मुख्य शिविर के दूसरे दिन भी सैंकड़ों की संख्या में महिलाओं की भीड़ देखने को मिली। जिले के सभी 159 पंचायतों एवं शहरी क्षेत्र अंतर्गत 4 स्थानों पर लगाये गये शिविर में जिले के 19 से 49 वर्ष तक की महिला आवेदकों के आवेदनों को ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड करने का कार्य किया जा रहा है। जिले के सभी महिला लाभुकों से अपील है कि आप अपने नजदीकी पंचायतों/ वार्डों में आवश्यक दस्तावेजों के साथ अवश्य जाएं एवं अपने आवेदन को समर्पित करते हुए उक्त योजना का आवश्यक लाभ लें।

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत 40 श्रद्धालुओं का जत्था अजमेर शरीफ रवाना

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। पर्यटन, कला संस्कृति, खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना 2024 के तहत वरिष्ठ नागरिकों हेतु निः शुल्क तीर्थ यात्रा कार्यक्रम के तहत आज रविवार को जिला पर्यटन, कला संस्कृति, खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग गुमला द्वारा जिले विभिन्न प्रखंडों से चयनित 40 मुस्लिम धर्मावलियों को रांची हटिया रेलवे स्टेशन के लिए रवाना किया गया। उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महत्तो, जिला खेल पदाधिकारी मनोज कुमार, गुमला सहित अन्य संबंधित अधिकारियों के द्वारा संयुक्त रूप से जिले के तीर्थयात्रियों के बस को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त गुमला ने 7 दिवसीय तीर्थ यात्रा की सुखद एवम मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दी। उन्होंने जानकारी दी कि इस पूरे तीर्थयात्रा के लिए राज्य सरकार के द्वारा यात्रियों को निः शुल्क ले जाया जा रहा है। जिला खेल सह पर्यटन पदाधिकारी ने बताया कि गुमला जिले के यात्रियों की देखभाल के लिए नोडल पदाधिकारी के रूप में सहायक अभियंता मो. आसिफ नायब एवं कनीय अभियंता सबा करीम को सहयोग के लिए भेजा गया है ।

इस मौके पर यात्रियों को भेजने के सहयोग के लिए जिला स्तरीय पर्यटन विशेषज्ञ शुभम पटेल, प्रशिक्षक इमरान अली, मनोज कुमार पाल एवम कार्यालय कर्मी उपस्थित थे।

तीन साल से फरार दो वारंटी गिरफ्तार

बसिया (आजाद सिपाही)। गुमला पुलिस अधीक्षक के आदेश पर बसिया थाना प्रभारी सुनील रविदास के नेतृत्व में टीम का गठन कर विशेष छापामारी अभियान चलाकर 3 साल से फरार चल रहे दो अपराधियों को पकड़ कर जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी अनुसार पकड़े गये अपराधी छोटका झोरा उर्फ मनोज झोरा और मोहित ओहदार दोनों ही ग्राम पंथा निवासी है। दोनों को बसिया पुलिस के द्वारा गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक हिरासत में गुमला भेज दिया गया। छापामारी अभियान में मुख्य रूप से बसिया थाना प्रभारी सुनील रविदास, एसआइ कृष्णा कुमार, संजय मुंडा सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

फिर सर्वर फेल, नहीं हो सका 'मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना' के लिए आवेदन

जीप सदस्य राजू मेहता ने किया शिविर का अवलोकन, जतायी नाराजगी

आजाद सिपाही संवाददाता

हुसैनाबाद। झारखंड सरकार की महत्वकांक्षी योजना 'मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना' की शुरूआत हो चुकी है। इस बाबत हुसैनाबाद में शनिवार से जगह-जगह शिविर भी लगाया जा चुका है। लेकिन लगातार सर्वर फेल होने के कारण कार्य योजना आगे नहीं बढ़ पा रही है। बतातें चलें कि राज्य सरकार इस योजना का लाभ 21 वर्ष से 50 वर्ष की आयु की योग्य महिलाओं को देने के लिए उनके खाते में प्रति माह सीधे 1000 रुपये भेजने वाली है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हर गतिविधि की जानकारी अपने सोशल हैंडल के माध्यम से लोगों को दे रहे है,

शिविर में फॉर्म भरवाने की कोशिश करती महिलाएं।

साथ ही इसको लेकर अखबार व न्यूज में सूचना प्रसारित कर तीन से 10 अगस्त तक शिविर लगाकर प्रत्येक पंचायत व शहरी क्षेत्रों के वार्डो में फार्म को अधिक से अधिक संख्या में भरने का निर्देश दिया है। उदर, शिविर लगते ही भारी संख्या में लाभुक महिलाएं पहुंच भी रही है। लेकिन किसी भी शिविर में एक दिन में 10 लाभुकों का फार्म भरने की सूचना नहीं मिली हैं। क्योंकि नेटवर्क व सर्वर की समस्या लगातार बनी हुई है। उधर, रविवार को हुसैनाबाद उतरी जीप सदस्य राजू मेहता ने अपने क्षेत्र में आयोजित कई शिविरों दौरा कर जायजा लिया। उन्होंने बताया कि देवरी कला व देवरी खुर्द पंचायत में अभी तक साइट्स नहीं खुला है। महिलाएं अपनी दैनिक और कृषि कार्यो को छोड़कर शिरि के चक्कर लगा रही है। कहा कि सरकार ने बिना किसी तैयारी के आनन- फानन में इस योजना को लागू करा दिया। जिसका खामियाजा आम लोग भुगत रहे हैं। कहा कि शिविर में कोई अधिकृत अधिकारी या नोडल अधिकारी नहीं हैष ऑपरेटर के भरोसे सिस्टम को ठीक कराया जा रहा है। वहीं,त फर्म भरने की अंतिम तिथि 10 अगस्त हैं। उन्होंने इस पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि यह लॉलीपॉप जैसी योजना बन कर रह जायेगी।

सेना से सीमा की और पौधों से पूरे ब्रह्मांड की होती है सुरक्षा : डॉ कौशल

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के दिल्ली आवास पर जाकर पर्यावरणविद ने की मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नई दिल्ली के 17 अकबर रोड स्थित आवास पर जाकर ट्री मैन ऑफ झारखंड के नाम से मशहूर विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनरखी मूवमेंट के प्रणेता डॉ कौशल किशोर जायसवाल और छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने मुलाकात की। इस दौरान दोनों ने केंद्रीय मंत्री को हिमाचल के कपूर का पौधा भेंट कर स्वागत किया। केंद्रीय रक्षा मंत्री से बातचीत के दौरान डॉ कौशल ने कहा कि प्रकृति के सुखद संयोग से आज समाज के दो महान रक्षकों को एक साथ बैठने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। बस दोनों रक्षक में फर्क इतना है कि उनके निर्देशन में देश की सरहद की रखवाली हो रही है जबकि पर्यावरणविद के पौधरोपण व वितरण अभियान से धरती और ब्रह्मांड के 84 लाख योनी जीवों की सुरक्षा हो रही है। डॉ कौशल ने कहा कि कपूर एक औषधीय पौधा है। हाई ग्रीन पौधा होने के कारण इससे छाया भी अधिक मिलती है और इसका औषधीय उपयोग बाम (विक्स) बनाने में भी किया जाता है। केंद्रीय मंत्री से मुलाकात के दौरान डॉ कौशल व जिला पार्षद अमित कुमार ने क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। साथ ही राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव पर भी विस्तृत चर्चा हुई। मौके पर सूरज कुमार जायसवाल भी उपस्थित थे।

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को पौधा भेट करते डॉ कौशल एवं पार्षद अमित।

तकी रिजवी बने हुसैनाबाद इमामबाड़ा के नये मोतवल्ली

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। तकी रिजवी को हुसैनाबाद वक्फ वसीला बेगम इमामबाड़ा का नया मोतवल्ली बनाया गया है। विदित हो कि गत दिनों हसनैन जैदी ने घरेलू व्यस्तता का हवाला देकर मोतवल्ली के पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद समाज के लोगों ने बैठक कर अगले मोतवल्ली का नाम सुझाया। बैठर में उपस्थित बबलू ने तकी रिजवी का नाम प्रस्तावित किया। जिसका सभी ने स्वागत किया। जबकि दूसरा नाम अमीन मिर्जा के रूप में आया। लोगों की मंजूरी के बाद उन्हें नायब मोतावल्ली चुना गया। इस्लामिक विद्वान हजरत मौलाना सैयद मुस्वी रजा, अरसद आलम अब्बास, फिरोज हुसैन, प्यारे हुसैन, गजनफर हुसैन अली, मुर्तजा हुसैन रेहान मिर्जा, मिर्जा जावेद, सैयद फजल हुसैन, निहाल मिर्जा आदि ने बधाई दी।

घासीदाग पंचायत के ग्रामीणों ने सड़क की मांग को लेकर किया मुखिया का घेराव

ग्रामीण पंचायत को मुख्य सड़क से जोड़ने की कर रहे थे मांग, सड़क नहीं तो वोट नहीं का दिया नारा

आजाद सिपाही संवाददाता

विश्रामपुर/पलामू। विश्रामपुर प्रखंड के सुदूरवर्ती घासीदाग पंचायत के ग्रामीणों ने सड़क की मांग को लेकर रविवार को मुखिया अंजू कुमारी का घेराव कर दिया। प्रदर्शनकारी सभी पांच गांवों को मुख्य मार्ग से जोड़वाने की मांग कर रहे थे। सैकड़ों ग्रामीणों ने करीब दो घंटे तक मुखिया का घेर किया। बाद में काफी समझाने बुझाने के बाद घेराव हटाया गया। इस दौरान ग्रामीण सड़क नहीं तो वोट नहीं का नारा लगा रहे थे। ग्रामीणों का कहना था कि सड़क और पुल के आभाव में घासीदाग पंचायत बरसात में एक टापू की तरह हो गया है। पंचायत का संपर्क प्रखंड और जिला मुख्यालय से टूट चुका है। इतना ही नहीं पंचायत के पांचों गांव और सभी टोलों का भी संपर्क पंचायत मुख्यालय से खत्म हो चुका है।

सड़क की मांग को लेकर मुखिया का घेराव करते ग्रामीण।

सड़क के लिए सांसद से लेकर विधायक तक गुहार लगा चुके हैं। लेकिन हमारी व्यथा पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। मजबूरन मुखिया का घेराव करना पड़ा। ग्रामीणों ने यहां तक कहा कि अगर पंचायत से निकलने का कोई रास्ता होता तो सांसद और विधायक का आवास घेराव करते। इसके अलावा डीसी कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन भी करते। वहीं, मुखिया अंजू कुमारी ने कहा कि ग्रामीणों की मांग जायज है। उनकी मांगों को मेरा समर्थन है। पंचायत को मुख्य मार्ग से जोड़ने के लिए कम से कम सात किलोमीटर लंबी सड़क बनवानी होगी। इतनी लंबी सड़क के लिए पंचायत के पास अपना कोई मद नहीं है। सड़क निर्माण के लिए पलामू सांसद विष्णु दयाल राम और विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी से मिलकर कई बार ज्ञापन दिया। मुख्यमंत्री तक को पत्र लिखा, लेकिन आश्वासन के अलावा कुछ भी नहीं मिला। इस मौके पर डब्ल्यू यादव, राम कुमार विश्वकर्मा, रामाशीष राम, उपेन्द्र यादव, बिरजा राम, अमित कुमार, मंटू राम, मनोज कुमार रवि, राजेंद्र पाल, राजीव राम, रविकांत रवि, प्रतिमा देवी, अर्चना देवी, पुष्पा देवी, गीता देवी, कसमुदीन अंसारी और जसमुदीन अंसारी आदि मौजूद थे।

कांग्रेस के जिला संवाद कार्यक्रम में विस चुनाव की रणनीति पर चर्चा

विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। कांग्रेस की ओर से बीमोड़ पर रविवार को पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसकी अध्यक्षता कांग्रेस के विश्रामपुर प्रखंड अध्यक्ष रवींद्र शुक्ला गुड्डू और संचालन वरीय जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमार चौबे ने किया। बैठक में नए-पुराने, अनुभवी व युवा कार्यकर्ताओं में बेहतर सामंजस्य स्थापित करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पार्टी अधिकारियों के समक्ष बेबाकी से अपनी बात रखी। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव की रणनीति पर भी चर्चा हुई। इस दौरान नेताओं-कार्यकर्ताओं ने विश्रामपुर विस क्षेत्र से पार्टी प्रत्यासी को जिताने का संकल्प लिया। मौके पर जिलाध्यक्ष कैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक, प्रादेश नेता विजय चौबे, अमृत शुक्ला, सुधीर चंद्रवंशी, पूर्णिमा पांडेय, अधिवक्ता सुधीर चौबे, सत्यनारायण सिंह, सत्यनारायण तिवारी, विनोद पाठक, सच्चिता मिश्रा, सुरेंद्र तिवारी, गिरधारी राम, नगर अध्यक्ष ऋषि पांडेय, पांडू अध्यक्ष सच्चिता नन्द शुक्ला, नावा बाजार अध्यक्ष मीर खुर्शीद आलम, उंटारी अध्यक्ष रिंकू सिंह, अरबाज आलम, आलोक चौबे, बच्चा चौबे, राकेश चौबे, धनंजय तिवारी, प्रो नंदलाल शुक्ला, मुकेश सिंह, नेपाली राम और रामचंद्र दीक्षित आदि मौजूद थे।

कांग्रेसी नेता के शोकाकुल परिजनों से मिले प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। युवा कांग्रेस नेता रुद्र शुक्ला की 85 वर्षीय दादी सूर्यमुखी देवी के निधन के दूसरे दिन रविवार को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर शोकाकुल परिजनों को ढांझल बंधाने उनके पैतृक ग्राम कमलकेड़ीया पहुंचे। प्रदेश अध्यक्ष ने शोकाकुल परिवार के बीच पहुंच कर श्रद्धांजलि देते हुए शोक व्यक्त किया। युवा नेता के दादा राधा शुक्ला से भी मिले और दुःख की इस घड़ी में उनको ढांढस बंधाया। कहा कि वे और पूरी पार्टी परिवार के साथ खड़ा है।

इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष के साथ आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय पासवान, वरिष्ठ कांग्रेसी पूर्व कार्यकारणी प्रदेश अध्यक्ष मानस सिन्हा, पलामू जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक आदि उपस्थित थे।

पिपरा पुलिस की गाड़ी से घायल व्यक्ति ने अस्पताल में दम तोड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता

छतरपुर/पलामू। नगर मुख्यालय के ब्लॉक रोड में लखन विश्वकर्मा के गैरेज के पास विगत 10 जुलाई को पिपरा पुलिस के वाहन से घायल हुए अविनाश राम नामक व्यक्ति ने रविवार को रांची के रिम्स अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वह घर का इकलौता कमाऊ सदस्य था। उसके निधन से माता-पिता के ऊपर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। बतातें चलें कि पुलिस के वाहन के धक्के से अविनाश राम का पूरा शरीर अपंग हो गया था। उसका तात्कालिक इलाज पल्स अस्पताल में कराया गया था, लेकिन पैसे के अभाव में उसे रिम्स अस्पातल में भर्ती कराना पड़ा। जहां स्पाइनल कोड के ऑपरेशन के बाद अविनाश राम ने दम तोड़ दिया। बरियातू पुलिस ने रिम्स अस्पताल में अविनाश राम के माता पिता से फर्द बयान लिया है। जिसमें कहा गया है कि छतरपुर में उनका बेटा सीमेंट व्यवसायी अमित जायसवाल के काम से बाइक से जा रहा था। उसी दौरान ब्लॉक रोड स्थित लखन विश्वकर्मा के गैरेज से निकलते समय पिपरा पुलिस की गाड़ी ने लापरवाही से चलाते हुए अविनाश को धक्का मार दिया था। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। उधर, पुलिस की संवेदनहीनता को लेकर परिजनों और ग्रामीणों में उबाल है। आरोप है कि पुलिस ने ना तो किसी तरह की आर्थिक सहायता ही उपलब्ध करायी ना ही मामले की प्राथमिकी ही दर्ज की गई है। किसी ने सुध तक नहीं लिया। परिजनों और ग्रामीणों ने दोषी वाहन चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए मुआवजे की मांग की है। वहीं सूचना मिलने के बाद स्थानीय समाजसेवी अरविंद गुप्ता चुनमून ने खैरादोह स्थित उनके घर में जा कर परिजनों से मुलाकात की और उन्हें यथा संभव मदद का आश्वासन दिया। कहा कि पुलिस ने इस मामले में संवेदनहीनता का परिचय दिया है जिसकी जितनी भी निंदा की जाए वह कम होगा। उन्होंने यह भी कहा कि अगर अविनाश राम को इंसाफ नहीं मिला तो आंदोलन किया जाएगा।

संवेदक की लापरवाही से ग्रामीण परेशान, दरवाजे पर भरा घुटने तक पानी

आजाद सिपाही संवाददाता

हरिहरगंज/पलामू। पीपरा प्रखंड के तेंदुई पंचायत अंतर्गत कलीपुर गांव के हरिजन टोला में संवेदक की लापरवाही से गड्ढे में ही पीसीसी सड़क निर्माण कर दिया गया। जिस कारण रामप्रसाद राम नामक व्यक्ति के दरवाजे पर बारिश के कारण घुटने तक पानी जमा हो या है। भुक्तभोगी ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण के दौरान कुछ ग्रामीणों के इशारे पर संवेदक द्वारा मनमानी की गई, जो अब परेशानी का सबब बना हुआ है। सड़क पर जलजमाव के कारण फिसलन उत्पन्न हो गयी है, जिससे वहां से आने जाने वाले फिसल कर गिर रहे हैं। ग्रामीणों ने समस्या का हल निकालने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों से गुहार लगाई है।

स्पोर्ट्स

आइसीसी ने चैंपियंस टॉफी 2025 के लिए 544 करोड़ रुपये का बजट तय कर दिया है।

चैंपियंस ट्रॉफी : पाकिस्तान की मेजबानी में साल 2025 में खेला जायेगा टूर्नामेंट

आइसीसी ने 544 करोड़ का बजट तय किया, इसमें पाकिस्तान के बाहर वेन्यू के लिए लागतें भी शामिल

नई दिल्ली (एजेंसी)। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आइसीसी) ने चैंपियन ट्रॉफी 2025 के लिए बजट तय कर दिया है। सूत्रों की मानें तो आइसीसी ने हाल ही में कोलंबो में अपनी एनुअल जनरल मीटिंग (एजीएम) में 65 मिलियन डॉलर (करीब 544 करोड़ रुपए) के बजट को मंजूरी दी है। इस बजट में पाकिस्तान के बाहर कुछ खेलों के आयोजन से जुड़ी लागतें भी शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय टीम पाकिस्तान खेलने के लिए नहीं जाती है तो उसके मैच हाइब्रिड मॉडल के तहत

पाकिस्तान से बाहर आयोजित कराए जा सकते हैं। ये मैच यूएइ या श्रीलंका में आयोजित हो सकता है। इसलिए बजट राशि को इतना बढ़ाया गया है। हाल ही में आई रिपोर्ट के मुताबिक भारत ने पाकिस्तान में नहीं खेलने का फैसला किया है। हालांकि अब तक बीसीसीआइ ने इस पर कोई बयान नहीं दिया है।

चैंपियन ट्रॉफी को लेकर भारत-पाकिस्तान में कोई बात नहीं

आइसीसी मीटिंग में यह उम्मीद जताई जा रही थी कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) चेयरमैन मोहसिन नकवी पाकिस्तान की मेजबानी में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी 2025 को लेकर बीसीसीआइ के सचिव जय शाह से बात कर सकते हैं। मगर इसको लेकर दोनों बोर्ड के बीच कोई बातचीत नहीं हुई। पाकिस्तान में अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी होनी है, जिसके लिए 6 टीमों ने तो पाकिस्तान जाने के लिए सहमति दे दी है, लेकिन भारतीय टीम के जाने को लेकर स्थिति अभी साफ नहीं है। ऐसे में टूर्नामेंट हाइब्रिड मॉडल में हो सकता है। आइसीसी मीटिंग में इस मुद्दे पर कोई चर्चा नहीं हुई। इसमें सिर्फ चैंपियन ट्रॉफी 2025 का बजट पास हुआ।

दो ग्रुप में आठ टीमें

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी पाकिस्तान को दी गई है। पीसीबी ने टूर्नामेंट के वेन्यू का ड्राफ्ट आइसीसी को सौंप दिया है। टूर्नामेंट का आयोजन अगले साल फरवरी-मार्च में होना है। ड्राफ्ट के मुताबिक, भारत को ग्रुप ए में पाकिस्तान, बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के साथ रखा गया है। ग्रुप बी में ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और अफगानिस्तान शामिल हैं। वनडे वर्ल्ड कप 1996 के बाद यह पहला मौका है जब पाकिस्तान को किसी आइसीसी इवेंट की मेजबानी दी गई है।

अंतर विभागीय टेबल टेनिस, कैरम व चेस प्रतियोगिता का समापन

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। मंडल क्रीड़ा संघ की ओर से आयोजित अंतर विभागीय टेबल टेनिस, चेस और कैरम प्रतियोगिता का रविवार को समापन हुआ। बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल धनबाद के मंडल रेल प्रबंधक कमल किशोर सिन्हा ने विजेता खिलाड़ियों को पारितोषिक दिया। बतातें चलें कि 250 से ज्यादा रेलवे के अधिकारी, पुरुष व महिला कर्मचारी उनके बच्चों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिए। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा गरिमा सिन्हा, अपर मंडल रेल प्रबंधक इंफ्रा अमित कुमार, मंडल क्रिड़ा अधिकारी सह वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी अजीत कुमार, वरिय मंडल अभियंता समन्वय प्रदीप कुमार, वरीय मंडल अभियंता (2) आशीष कुमार, वरीय मंडल अभियंता (3) सोनू कुमार, सहायक क्रिड़ा अधिकारी सह सहायक मंडल वित्त प्रबंधक हर्षवर्धन सिंह एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में दिलीप कुमार,आमिर हाशमी, शुभंकर सरकार, सुनील कुमार आदि ने अहम भूमिका निभाई।

विजेताओं के नाम

बालिका अंडर 10 चेस : विजेता ओजश्वी

अधिकारियों का युगल कैरम : विजेता अजीत कुमार (वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी) अनूप कुमार सिन्हा (मंडल कार्मिक अधिकारी), उपविजेता अमरेश कुमार (वरीय मंडल वाणिज्य का अधिकारी) केशव आनंद (कोल एरिया मैनेजर)।

पुरुष एकल टेबल टेनिस : विजेता संजीव कुमार सोरेन (इलेक्ट्रिक ओपी) उपविजेता पप्पू सिंह (कैरज एंड वैगन)।

पुरुष युगल टेबल टेनिस : विजेता बाबू लाल बारी, पप्पू सिंह (कैरज एंड वैगन) उपविजेता सेन मोहम्मद, नितेश कुमार (कार्मिक विभाग)।

पुरुष युगल कैरम : विजेता आमिर हाशमी, कर्मवीर कुमार (कार्मिक विभाग), उपविजेता संजीव कुमार सोरेन, कुमार मनीष (इलेक्ट्रिक ओपी)।

महिला एकल टेबल टेनिस : विजेता सुनीता झा (कार्मिक विभाग) उपविजेता एभा करकेट्टा (इंजीनियरिंग)।

महिला युगल कैरम : विजेता सरिता सिन्हा, शिल्पी सिन्हा (कार्मिक विभाग) उपविजेता ज्योति सिन्हा ऑपरेटिंग।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 05 अगस्त, 2024
www.azadsipahi.in
11

नियमों की अनदेखी व लोगों की जान जोखिम में डालकर कार्य कर रही आउटसोर्सिंग कंपनियां

संजय कुमार



धनबाद (आजाद सिपाही)। आउटसोर्सिंग कंपनियों की मनमानी चरम पर है। नियमों की अनदेखी करना इनके लिए आम बात है। पर्यावरण कि समस्या हो या वायू-जल प्रदूषण इन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता। गरीबों के जीवन तक के खिलवाड़ करने से पीछे नहीं हटते। बताते चलें कि एसटीजी एवं एसएनआर कंपनियां गोपालीचक में स्थित है, जो एक-दूसरे की सीमा से स्टी है। ये लोग नियमों से कंपनियों को संचालित करने की बात तो करते हैं, लेकिन नियमों की धजिया भी यही लोग उड़ा रहे हैं। बतातें चलें कि एसटीजी आउटसोर्सिंग को कार्य करते नौ महीने से अधिक का समय बीत चुका है। दो साल की लीज पर इस कंपनी को 3.15 लाख टन कोयले का उठाव करना है। कार्य करने से पहले वन विभाग से इन्होंने 1709 पेड़ काटने का परमिशन लिया था। पर अंधाधुंध रूप से कितने हजार पेड़ों को काट दिया इसका कोई लेखा-जोखा नहीं है। डेंजर जॉन से निवास करने वाले गरीब मजदूरों को स्थानांतरण कर दूसरी जगह रखने की बात भी हुई थी। पर नियमों की अनदेखी कर आउटसोर्सिंग कंपनियां अपने काम को अंजाम देने में लगी है। तत्काल सेवा के नाम पर गांधीग्राम में रहने की व्यवस्था की गई, पर वहां भी रहने की जगह बहुत ही कम है। निशा देवी का घर ब्लास्टिंग के कारण टूट गया था। वह अपने पांच बच्चों (चार बच्चियों एवं एक बेटा) के साथ पंचायत भवन में रहने को मजबूर है। मजदूरी कर अपना पेट पालने वाली इस महिला पर भी प्रबंधन ने कोई तरस नहीं दिखाई और इसे अपना घर-द्वार छोड़कर एक पंचायत भवन की शरण लेनी पड़ी। इसी तरह राजेश रजवार, पप्पू रजवार, विकास रजवार, सुनील दास, जीतू दास, प्रदीप चौधरी, धर्मेंद्र पासी, सावित्री देवी, दानी भुइयां आदि कई घर ऐसे हैं जो हैवी ब्लास्टिंग से परेशान हैं। दैनिक मजदूरी कर अपना पेट पालने वाले लोगों को शिफ्टिंग के नाम पर 20 हजार रुपये ही दिए जा रहे हैं जिन्हें भोले-भाले लोग मुआवजा समझ रहे हैं।

वहीं, एसएनआर आउटसोर्सिंग के अगल-बगल करीब 500-600 घरों में करीब ढाई से तीन हजार लोग निवास करते हैं। इस कंपनी के नजदीक रहने वाले 10-20 घरों को भी हटाने की तैयारी जोरों पर है। इसे रेड जोन भी घोषित कर दिया गया है। बताते चलें कि इस कंपनी को काम करते हुए यहां एक साल बीत चुके हैं। कंपनी को भी तीन साल का लीज मिला है जिसमें 8.97 लाख टन कोयला का उठाव करना है। नियमों का दंभ भरने वाली इस कंपनी को किसी से कोई सरोकार नहीं है। मजदूरो-गरीबों के घरों की शिफ्टिंग कि बाद तो छोड़िए इस आउटसोर्सिंग कंपनी के बगल से जुड़िया नदी गुजरी है। जिसमें लगातार ब्लास्टिंग के कारण किनारो पर दरारें पड़ने लगी है। जिसमें एक छोटा सा गोफ भी बन गया है। हालांकि आउटसोर्सिंग की ओर से उन दरारें पर मिट्टी डालकर लिपा-पोती करने की कोशिश की जा रही है। अगर जल्द ही पर्यावरण एवं नदी संरक्षण विभाग इस पर ध्यान नहीं देती है तो आने वाले समय में इस नदी का अस्तित्व ही खत्म हो जाएगा। इस बाबत परियोजना पदाधिकारी एलएल वर्णवाल ने बताया कि एसटीजी कंपनी के बगल में 40 घरों को तत्काल शिफ्ट करना जरूरी है। उन्हें लगातार नोटिस दे रहे हैं। उनके लिए बैलगड़ीयां टाउनशिप में जरेडा द्वारा बनाए गए घरों में रखने की व्यवस्था की गई है। इसके बाद भी तत्कालीक व्यवस्था के लिए गांधीग्राम में शिफ्ट किया जा रहा है।

महत्वपूर्ण न्यूज

मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना के दूसरे दिन भी महिलाएं निराश होकर खाली हाथ लौटीं

फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार की ओर से संचालित 'मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना' के दूसरे दिन भी साइट नहीं खुलने से महिलाओं को शिविर से निराश होकर लौटाना पड़ा। रविवार को भी महिलाए अपने-अपने शिविर में शनिवार को जमा किए आवेदन की यथा स्थिति जानने पहुंची थी। पर साइट ना खुलने की खबर से मायूस हो गई। घंटो साइट खुलने का इंतजार करती रहीं पर साइट नहीं खुला। जिसके बाद निराश होकर अपने घर लौट आई। वहीं, बेरमो सीओ संजीत कुमार खुद से शिविर में जाकर साइट खोलने का प्रयास किए पर नहीं खुला। हालांकि शनिवार की रात में नप क्षेत्र की दो महिलाओं का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन हो गया है। अंचल अधिकारी ने बताया कि रात को हुए दो महिलाओं के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन में ढोरी के राजकुमार शर्मा की पत्नी सीमा देवी और बिमल चक्रवर्ती की पत्नी सपना चक्रवर्ती का नाम शामिल है। उनके ऑनलाइन रजिस्ट्रेन के बाद स्वीकृति दे दी गयी है। कहा कि पूरे झारखंड से सभी जिलों के प्रखंड, पंचायत और वार्ड में झारखंड सरकार द्वारा संचालित यह महत्वकांक्षी योजना है, उनका ऑनलाइन फॉर्म की प्रक्रिया चालू है। हालांकि यह नया वेबसाइट बना है, जिस कारण ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन में कुछ समस्या आ रही है। इसको राज्य और जिला स्तर पर टेक्निकल टीम सुधारने का प्रयास कर रही है। शनिवार को फुसरो नगर परिषद क्षेत्र में 3556 फॉर्म संकलन किया है। सभी फॉर्म को नोडल पदाधिकारी द्वारा जांच करवाया जा रहा है। उसके बाद सारे कागजात का स्कैन कर ऑनलाइन किया जा रहा है। बताया कि फुसरो नगर परिषद अंतर्गत 21 वर्ष से 50 वर्ष तक की 26 हजार महिलाएं हैं, उन सभी को इस शिविर के माध्यम से 10 अगस्त तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर उसको स्वीकृति प्रदान कर दिया जाएगा।

झारखंड में शीघ्र क्रियाशील होंगे सात अंशकालिक न्यायाधिकरण: सीपी चौधरी

आजाद सिपाही संवाददाता

गिरिडीह। सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने उम्मीद व्यक्त किया है कि झारखंड में सात अंशकालिक न्यायाधिकरण (पीटीटी) बहुत जल्द ही कार्यशील होंगे। कहा कि इसको लेकर झारखंड उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार से लगातार संपर्क कर रहे हैं। शीघ्र कार्यवाही को लेकर गत 19 जून 2024 को एक अनुस्मारक भी भेजा गया है। साथ ही कोयला मंत्रालय के संयुक्त सचिव द्वारा भी एक अर्द्धशासकीय पत्र 25 जुलाई को झारखंड उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार को भेजा गया है। उल्लेखनीय है कि कोयला मंत्रालय द्वारा झारखंड राज्य में सात अंशकालिक न्यायाधिकरण (पीटीटी) का गठन किया गया है और झारखंड उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार की ओ से 15 मार्च 2024 को जिला एवं सत्र न्यायाधीशों को इन अंशकालिक न्यायाधिकरण (पीटीटी) में पदेन पीठासीन पदाधिकारी नियुक्त करने के लिए अनुरोध किया गया है। गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने अंशकालिक न्यायाधिकरण (पीटीटी) बहुत जल्द कार्यशील हो, इसको लेकर किए जा रहे अपने प्रयास से कोयला मंत्रालय के सचिव अमृतलाल मीणा को अवगत कराया है।

बिचौलियों के चलते सरकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने में हो रहा विलंब: अनिल

गिरिडीह (आजाद सिपाही)। युवा कांग्रेस की ओर से जमुआ विधानसभा में रविवार को हर घर खटाखट, चलो वार्ड चलो पंचायत की शुरूआत हुई। जिसकी अगुवाई गिरिडीह युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष शशि कुमार शर्मा ने की। वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता अनिल कुमार चौधरी ने की। इस अवसर पर युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय संयोजक करूंन नंदन पासवान भी मौजूद थे। इस दौरान अनिल चौधरी ने कहा कि हर घर खटाखट योजना और जन-जन तक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने के लिए कांग्रेस की ओर से कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसलिए कार्यक्रम का नाम खटाखट दिया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जनहित के लिए योजनाएं लेकर आती हैं, लेकिन उसे धरातल पर उतरने में बिचौलियों के कारण काफी समय लगता है। इसलिए हर घर खटाखट कार्यक्रम के तहत सभी जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाई जा रही है। मौके पर अनुसूचित जाति के जिला अध्यक्ष संतोष कुमार दास, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष अहमद राजा नूरी, इसरेल, सचिन कुमार राय, रामबालक, मंगलेश मिश्रा, सौरभ राय, चंदन राय, मोहम्मद तसलीम, गार्डन, विनोद प्रसाद राय, नवीन कुमार शर्मा, संदीप कुमार वर्मा, रोहित कुमार राय, पिंकू कुमार, सितम राय और अंकित राय आदि मौजूद थे।

जमादार गांव में लगा 100 केबीए का नया ट्रांसफार्मर, भाजपा नेता को दिया धन्यवाद

100 केबीए के नया ट्रांसफार्मर का फीता काट कर उद्घाटन करते लक्ष्मण प्रसाद सिंह।

धनवार (आजाद सिपाही)। विधानसभा क्षेत्र के जमदार पंचायत स्थित जमादार गांव में पिछले कई दिनों से अंधकार में जीवन बिता रहे लोगों में भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह के प्रयास से 100 केबीए का नया ट्रांसफार्मर लगाए जाने पर हर्ष व्यक्त किया है। भाजपा नेता ने रविवार को स्थानीय लोगों के आग्रह पर उसका फीता काटकर उद्घाटन किया। बताते चलें कि धनवार विधानसभा के जमदार गांव में 100 केबी का लगा ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण पिछले कई दिनों से लोग अंधेरे में जीने को विवश थे। विद्यार्थियों को पढ़ाई और किसानों को सिंचाई में भारी परेशानी हो रही थी। ग्रामीणों ने जब इसकी जानकारी पूर्व आईजी लक्ष्मण सिंह को दी तो उन्होंने तत्काल विभाग के पदाधिकारियों से बात कर 100 केबीए का ट्रांसफार्मर दिलवा दिया, ताकि क्षेत्र के लोगों को कम परेशानी झेलनी पड़े। इस मौके पर वीरेंद्र साव, उदय साव, गोवर्धन साव, सुरजदेव मोदी, रघु साव, मनोज साव, कालेश्वर मुर्मू, लालू साव, काशी साव, किरण देवी, शांति देवी, रामबिलास मोदी, तिनुपोल साव, कार्तिक साव ने भाजपा नेता का आभार व्यक्त किया है।

दुष्कर्म पीड़ितों की गरिमा बनाये रखने में न्यायपालिका का अहम रोल : न्यायाधीश राकेश

सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का पुलिस कठोरता से पालन करे : सीजेएम

लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए हम कृतसंकल्प : डालसा सचिव

आजाद सिपाही संवाददाता

जिला स्तरीय मल्टी सेक होल्डर कंसल्स्टेशन कार्यक्रम को समोधित करती सीजेएम।

धनबाद। झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा के निर्देश पर आयोजित एकदिवसीय जिला स्तरीय मल्टी सेक होल्डर कंसल्स्टेशन कार्यक्रम का उद्घाटन रविवार को धनबाद सिविल कोर्ट में धनबाद के प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुजीत कुमार सिंह, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय तौफीकुल हसन, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरेंद्र सहाय ने किया। इस अवसर पर न्यायाधीश ने कहा कि समाज के प्रति हम सब की जिम्मेवारी है जिसे समय पर पूरा करना हमारा कर्तव्य है। वहीं, प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुजीत कुमार सिंह ने कहा कि सड़क दुर्घटना में समय पर कागजात कोर्ट में जमा नहीं किए जाने के कारण मृतकों के परिजनों को मुआवजा नहीं मिल पाता है। जिला जज ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने अपने आदेश में स्पष्ट कहा है कि सड़क दुर्घटना के मामले में किसी भी हालत में 30 दिन के अंदर दुर्घटना की सूचना रिपोर्ट कोर्ट को भेज देनी है। अन्यथा थाने के भार साधक अधिकारी पर कार्रवाई हो सकती है। उन्होंने कहा कि यदि समय पर पुलिस ऐसा कर दें तो मृतक के परिजनों को मुश्किलों का सामना नहीं करना पड़ेगा। यह समाज के प्रति हमारा कर्तव्य है। पोक्सो एक्ट के प्रावधानों के विषय मे जानकारी देते हुए जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार ने कहा कि दुष्कर्म पीड़ितों की गरीमा बनाए रखने में न्यायपालिका सहित सभी का अहम रोल है। वहीं, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अरणेश व ऐनटिल के मामले में पारीत निर्णय का पुलिस कठोरता से पालन करे। अब किसी भी व्यक्ति को न्यायिक हिरासत में भेजने के लिए कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत करने के समय उस व्यक्ति के विरुद्ध उसके अपराध में शामिल होने के पुख्ता साक्ष्य भी पेश करना होगा अन्यथा उस व्यक्ति को जेल नहीं भेजा जाएगा। डीएसपी ट्रैफिक अरविंद कुमार सिंह ने लोगों को सावधानीपूर्वक सड़क पर गाड़ी चलाने की सलाह दी। उधर, डालसा सचिव सह अवर न्यायाधीश राकेश रोशन ने बताया कि कार्यशाला में जिला एवं सत्र न्यायाधीश रजनीकांत पाठक, स्वयंभू प्रफुल्ल कुमार, पारस कुमार सिन्हा, साकेत कुमार समेत जिले के सभी न्यायिक पदाधिकारी, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरेंद्र सहाय, महासचिव जीतेंद्र कुमार, लोक अभियोजक, अवधेश कुमार,अपर एवं सहायक लोक अभियोजक, डॉक्टर राजीव कुमार, विभिन्न थानों के थाना पदाधिकारी, पारा लीगल वालंटियर, डालसा के पैनल अधिवक्ता, एलएडीसीएस के चीफ कुमार विमलेंदु, डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, सहायक कन्हैया लाल ठाकुर आदि उपस्थित थे।

नहाने के दौरान तालाब में डूबी किशोरी, मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

धनसार। झरिया थाना अंतर्गत सिंहनगर में रविवार को नहाने के दौरान तालाब में डूबने से 12 वर्षीय एक किशोरी की मौत हो गयी। उसकी पहचान नेहा के रूप में हुई है। इसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंचे स्वजनों ने उसे तालाब से निकालकर झरिया स्थित एक नर्सिंग होम ले गए। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। खबर पाकर झरिया पुलिस भी मृतक के घर सिंहनगर भुईयां बस्ती पहुंच गयी। हालांकि स्वजनों ने पोस्टमार्टम न कराने के चलते नेहा की डूबकर मौत होने से इंकार कर दिया। स्वजनों ने पुलिस को बताया कि नेहा की मौत तबीयत खराब होने से हुई है। इसके बाद पुलिस वहां से लौट गई। बताया जा रहा कि नेहा अपने चार सहेलियों के साथ सिंहनगर तालाब में नहा रही थी। तभी वह गहरे पानी में चली गई। उसे डूबता देख सहेलियों ने उसे बचाने के लिए शोर मचाया। शोर सूनकर नेहा के स्वजन भी पहुंच गये। उसे किसी तरह बाहर निकाला और अस्पताल ले गए। बता दे कि इस तालाब के सौंदर्यीकरण को लेकर गाद निकाल गहरा किया गया है।

अभाविप की दो दिवसीय केंद्रीय कार्यसमिति बैठक संपन्न

शिक्षा राष्ट्र की प्रकृति और संस्कृति के अनुसार होनी चाहिए : राजशरण शाही

आजाद सिपाही संवाददाता

गिरिडीह। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की दो-दिवसीय केंद्रीय कार्यसमिति बैठक रविवार को झारखंड के पारसनाथ स्थित श्रीसम्मेद शिखर जी, पारसनाथ में संपन्न हुई। अभाविप की बैठक में विभिन्न सांगठनिक, पर्यावरणीय, सामाजिक, तकनीकी, खेल, स्वावलंबन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चिंतन किया गया। अभाविप की देश भर में विस्तारित इकाईयों द्वारा लिए गए अभियानों की संगठनात्मक समीक्षा व शिक्षा क्षेत्र में विभिन्न अभियानों की योजना निर्धारित हुई। अभाविप की इस केंद्रीय कार्यसमिति बैठक में विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर कार्यशालाओं के आयोजन द्वारा कार्यकर्ता क्षमता का विकास, पर्यावरण और सेवा की गतिविधियों से विद्यार्थियों से जोड़ने के लिए विभिन्न प्रकार की रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन, अहिल्याबाई होलकर जी की जन्मत्रिशताब्दी के अवसर पर देशभर के शैक्षणिक संस्थानों में उनके व्यक्तित्व आधारित कार्यक्रमों का आयोजन की योजना, छात्रों की परिसर में उपस्थिति बढ़ाने के लिए परिसर चलो अभियान जैसे प्रयोग आदि विषयों पर चर्चा हुई। अभाविप के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजशरण शाही ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा आधारित पाठ्यक्रमों की दिशा में विश्वविद्यालयों को शीघ्रता से प्रयास करना होगा। शिक्षा राष्ट्र की प्रकृति और संस्कृति के अनुसार होनी चाहिए। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति इस दिशा में महत्वपूर्ण दस्तावेज है। इसके पूर्ण क्रियान्वयन के लिए की दिशा में शीघ्रता से प्रयास होने चाहिए। भारतीय विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रमों में वर्तमान की आवश्यकताओं के अनुरूप भारत केंद्रित मूल्यों का समावेश आवश्यक है। वहीं, महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि पर्यावरणीय गतिविधियों से युवाओं को जोड़ने के लिए विद्यार्थी परिषद निरंतर प्रयास कर रही है। अभाविप की यह केंद्रीय कार्यसमिति बैठक शिक्षा क्षेत्र में विभिन्न सकारात्मक परिवर्तन पर मंथन का माध्यम बनी है।

लूट में शामिल दो बदमाश देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार

कतरास (आजाद सिपाही)। हरिहरपुर थाना क्षेत्र के खांटडीह निवासी कामेश्वर केवट (33) के साथ विगत दिनों हुई लूट की घटना का पुलिस ने उद्भेदन कर लिया है। साथ ही वारदात में शामिल दो बदमाशों को भी गिरफ्तार कर लिया है। उनकी पहचान रामनंदन कुमार (22) और अरुण दास (22) के रूप में हुई है। दोनों हरिहरपुर के रहने वाले हैं। पुलिस ने उनके पास से एक देशी कट्टा और लूट में उपयोग की गयी बाइक भी बरामद कर ली है। रविवार को हरिहरपुर थाना परिसर संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर इसकी जानकारी बाघमारा पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी आनंद ज्योति मिंज ने दी। उन्होंने बताया कि घटना 29 जुलाई की देर रात 2.30 बजे की है। गोमो स्टेशन के पीछे पंपू तालाब के पास जंगलनुमा स्थान पर बाइक सवार दो अपराधियों ने कट्टा का भय दिखाकर कामेश्वर केवट के साथ लूटपाट की थी। साथ ही इसकी जानकारी का जिक्र किसी से करने पर उसे गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी थी। इसके बाद शनिवार को भुक्तभोगी ने थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर टीम का गठन कर जांच शुरू हुई और छह घंटे के अंदर पुलिस ने दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। वहीं, छापामारी दल में एसडीपीओ के अलावा हरिहरपुर थाना प्रभारी पुअनि गिरधर गोपाल, पुअनि सोहन कुमार साहू, पुअनि नारायण यादव, हवलदार दुर्गा उरांव, नागेन्द्र विश्वकर्मा आदि थे।

12 सितंबर को आयोजित होगा डहरे करम पर्व

बोकारो (आजाद सिपाही)। बृहद झारखंड कला सांस्कृतिक मंच की बैठक रविवार को कुर्रा मोड़ में हुई। जिसमें इस साल भी 12 सितंबर को डहरें करम बेड़हा के आयोजन का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर आइटीआई मोड़ से नया मोड़ तक भव्य शोभायात्रा के साथ झांकी निकालने का निर्णय लिया गया। अध्यक्ष सह जिप सदस्य राजेश महतो ने बताया कि करम पर्व झारखंड का समृद्धशाली सांस्कृतिक त्योहार है। इसका संरक्षण और संबर्धन जरूरी है। इस मौके पर सचिन महतो, उमेश महतो हरे किसन हिंदोयार, संजय महतो, सुरेश महतो, मनोज महतो, निताई चंद्र महतो, पशुपति महतो, रामबिलास महतो, ज्योतिलाल महतो, सुशैन रजवार, गोराचांद महतो, जेपी महतो, लालमोहन महतो, मनोज महतो, भृगु महतो, भीम महतो, संतोष महतो, लंबोदर महतो, मृत्युंजय महतो सहित अन्य लोग मौजूद थे।

नावागढ़ उप स्वास्थ्य केंद्र के पास गोफ बनने से हड़कंप

मधुबन/कतरास (आजाद सिपाही)। नावागढ़ उप स्वास्थ्य केंद्र एवं पशु चिकित्सालय भवन के समीप कुआं के बगल में रविवार को अचानक गोफ बन जाने से लोगों में दहशत व्याप्त है। गोफ की चौड़ाई तीन और गहराई 20 फीट है। उक्त भवन मधुबन थाना क्षेत्र के फुलारीटांड मंगराहाट के पास स्थित है। इसकी सूचना पाकर फुलारीटांड कोलियरी के क्षेत्रीय अभियंता रविकांत यादव, फोरमैन अशोक कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और गोफ का मुआयना किया। अधिकारियों ने अविलंब गोफ को भरने का आश्वासन दिया। एहतियात के तौर पर गोफ को बड़ा पत्थर व लकड़ी से ढंक दिया गया है। बतातें चलें कि उक्त स्थान पर 5 वर्ष पहले भी एक बड़ा गोफ बन गया था। जिसे बीसीसीएल ने जैसे तैसे भर दिया था।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 05 अगस्त, 2024
www.azadsipahi.in

ओड़िशा में पेसा कानून जल्द लागू होगा : रवि नाइक

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। जल्द ही राज्य में पेश्स कानून लागू होगा। यह जानकारी भाजपा एसटी मोर्चा की स्वागत सभा में पंचायतीराज मंत्री रवि नाइक ने दी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार आदिवासियों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। निर्वाचन क्षेत्रों को क्लस्टर किया जायेगा, जहां व्यक्तिगत एवं पारिवारिक विकास की योजना बनायी जायेगी। मंत्री ने कहा कि योजना को क्लस्टरों में लागू किया जायेगा। हालांकि, देश में आदिवासियों की संख्या कम हो रही है। मंत्री रवि नाइक ने कहा कि यह गंभीर मामला है, हमें सचेत रहना होगा कि राज्य का एक भी आदिवासी दूसरा धर्म नहीं अपनायेगा। इसलिए हमें सुरक्षा करनी होगी। सनातन धर्म आदिवासियों के लिए जीवित है। आदिवासी संस्कृति और परंपराओं में सनातन की झलक मिलती है। पंचायतीराज मंत्री ने कहा कि आदिवासी समाज सबसे अधिक राष्ट्रवादी है।

THIRD EYE CLINIC
ADVANCE PHACO LASER EYE CARE CENTRE
Contact For More Details
DR. VISHAL CHOUDHARI
OPHTHALMOLOGIST
Mob - 7003381944, 9431594628
NH- 33 Near Madarsa, Irba, Ranchi - 835219
Branch 2 : Sri Sai General Store, Dipatoli, Ranchi -9

DAS MUSICAL STORES
DAS RUBBER STAMP
Wholesale & Ratails
Dealers of all Musical Instruments
Mob.: 9835164815/ 8825354800/7250933033
MAIN ROAD, RANCHI, OPP. HANUMAN MANDIR
KOKAR , H.B. ROAD, OPP. R.L.S.Y. SCHOOL , RANCHI

बायोम इंस्टीट्यूट के विद्यार्थियों का लगातार दूसरी बार 700 मार्क्स पार, नीट यूजी 2024 के टॉपर विद्यार्थी हुए सम्मानित

- टॉपर हलिमा को 1.25 लाख का चेक देकर सम्मानित किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी 2024 में बायोम इंस्टीट्यूट रांची के विद्यार्थियों ने लगातार दूसरी बार 700 मार्क्स पार किया। झारखंड के टॉपर सूची में शामिल विद्यार्थियों को गुरुनानक स्कूल सभागार में रविवार को सम्मानित किया गया। वार्षिक सम्मान समारोह में संस्था के नीट यूजी के टॉपर विद्यार्थी एक छत के नीचे इक्कठा हुए। आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि मेडिका हॉस्पिटल के डॉ सुनील कुमार उपस्थित हुए। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में बालपन हॉस्पिटल के निदेशक डॉ राजेश कुमार और सम्मानित अतिथि के रूप में डॉ अभिषेक रंजन और डॉ विनिता मिश्रा शामिल हुई।

सम्मान समारोह में नीट यूजी 2024 के सफल विद्यार्थियों की सराहना की गयी। मुख्य अतिथि डॉ सुनील कुमार ने विद्यार्थियों के रिजल्ट को सराहा। कहा कि इस वर्ष तमाम मुश्किलों के बाद नीट यूजी का परिणाम आया है, यह विद्यार्थियों के लिए मानसिक दबाव का समय था। इस परिस्थिति को पार करने के बाद विद्यार्थी अब मानसिक रूप से मेडिकल करियर के लिए तैयार हो चुके हैं। राज्य के विद्यार्थी विभिन्न क्षेत्र में अपनी पहचान स्थापित कर रहे हैं। छात्राएं लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं। नीट यूजी 2024 के रिजल्ट जारी होने के बाद भी राज्य के विद्यार्थियों के रिजल्ट में कोई खास परिवर्तन नहीं आया। इससे विद्यार्थियों का परिश्रम झलकता है। राज्य में खास कर रांची अब एजुकेशन हब बन चुका है। यहां बेहतर शैक्षणिक संस्थाएं हैं, जो विद्यार्थियों की क्षमता को बढ़ाने का काम कर रही हैं। विद्यार्थियों को अपनी सफलता का श्रेय अपने अभिभावकों और शिक्षकों को देना चाहिए। आनेवाले दिनों में विद्यार्थी और बेहतर करने का प्रयास करें।

विशिष्ट अतिथि डॉ राजेश कुमार एवं अन्य अतिथियों ने मौके पर नीट यूजी 2024 के सफल छात्रों को मोमेंटो, कैश प्राइज का चेक और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। नीट यूजी की रांची टॉपर छात्रा हलिमा महजबीन को उनके श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए ट्रॉफी और 1.25 लाख रुपये का चेक दिया गया। वहीं, संस्था की सेकेंड टॉपर फैजान अख्तर को 80 हजार रुपये, आयुष कुमार पांडेय को 75 हजार रुपये, आयुष कुमार को 75 हजार रुपये, किरण कुमारी को 50 हजार रुपये और गुलाम दस्तगीर को 30 हजार रुपये का चेक और ट्रॉफी दी गयी। डॉ राजेश ने विद्यार्थियों को अपने अनुभवों से प्रेरित किया। बताया कि मेडिकल कॉलेज के दिनों में कैसे पढ़ाई के साथ प्रशिक्षण हासिल किया जा सकता है। विद्यार्थी अब अपने आनेवाले दिनों में इस बदलाव को महसूस कर खुद को स्थापित करने की यात्रा में आगे बढ़ेंगे। समय के साथ नयी चुनौतियों को अपनाने और उसमें बेहतर करने के लिए तैयार रखना होगा।

बताते चलें कि इस वर्ष नीट यूजी 2024 के रैंक लिस्ट में छात्रा हलिमा महजबीन (701 मार्क्स) हासिल करने में सफल रही हैं। इसके अलावा बायोम इंस्टीट्यूट के सफल छात्र-छात्राओं में फैजान अख्तर (692 अंक), आयुष कुमार पांडेय (690 अंक), आयुष कुमार (690 अंक), किरण कुमारी (687 अंक), गुलाम दस्तगीर (682 अंक), कोशवी (681 अंक), कुंदन (681 अंक), प्रियांशु (680 अंक), प्रवेज (680 अंक), अनिल (680 अंक), प्रेम (680 अंक) विशाल (675 अंक), लव कुमार (675 अंक), मारीय (675 अंक) समेत अन्य ने नीट यूजी में सफलता हासिल की है।

बायोम इंस्टीट्यूट के एमडी सह निदेशक पंकज सिंह ने सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि इस वर्ष पांच मई को आयोजित नीट यूजी 2024 प्रवेश परीक्षा में बायोम इंस्टीट्यूट से 1473 विद्यार्थी शामिल हुए हैं। तमाम चुनौतियों के बाद दोबारा रिजल्ट जारी किया गया। इसमें संस्था के विद्यार्थियों ने अपने कठिन परिश्रम और लगन को साबित किया। दोबारा जारी हुए रिजल्ट में भी संस्था के 1427 विद्यार्थियों के प्राप्त अंक में खास बदलाव नहीं आया। 70 से अधिक ऐसे विद्यार्थी हैं, जिन्होंने परीक्षा में 650 से अधिक अंक हासिल किये। वहीं, 130 से अधिक विद्यार्थी 600 से अधिक अंक हासिल करने में सफल रहे।

बायोम में विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक माहौल देने के साथ-साथ दी जाती है गुणवत्तापूर्ण शिक्षा

नीट यूजी प्रवेश परीक्षा में विद्यार्थी बेहतर प्रदर्शन कर सके इसके लिए बायोम इंस्टीट्यूट के शिक्षक लगातार प्रयासरत रहते हैं। विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक माहौल देने के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही है। विद्यार्थियों के बेहतर गाइडेंस के लिए उच्च स्तरीय स्टडी मटेरियल उपलब्ध कराया जाता है। वहीं, समय-समय पर विद्यार्थियों का मूल्यांकन करने के लिए नियमित रूप से क्लासरूम टेस्ट सीरीज और ऑल इंडिया लेवल टेस्ट सीरीज का आयोजन किया जाता है। पढ़ाई में कमजोर विद्यार्थियों को भी चिह्नित कर उनकी विषय संबंधी परेशानी को डाउट क्लास से दूर किया जाता है। बेहतर प्रदर्शन करनेवाले विद्यार्थियों को रैंकर और रेसर बैच में शामिल किया जाता है, जिनकी खास मॉनिटरिंग कर उन्हें प्रवेश परीक्षा में बेहतर अंक हासिल कैसे करें, इसकी प्रेरणा लगातार दी जाती है। संस्था से जुड़ने वाले विद्यार्थियों को फुडिंग एंड लॉजिंग की सुविधा दी जाती है। विद्यार्थियों की सफलता का श्रेय अभिभावकों के साथ-साथ संस्थान के शिक्षकों प्रशांत कौशिक, पीके सौरभ, प्रिया कुमारी, रोशन कुमार, रजनीश कुमार, निर्भय सिंह, संतोष कुमार, अभिजीत प्रधान, तनवीर आलम, अनिल कुमार, विमल कुमार शुक्ला, अभिषेक कुमार, डॉ शशिकांत कुमार, अमिताभ मिश्रा, चंदन गुप्ता, गरिमा, सुनील, अरविंद, हेमंत, मनीष, अजिताभ, रूपक और आशुतोष आनंद को जाता है।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

Class - X		Class - IX	
Hindi	₹ 140	Hindi	₹ 140
English	₹ 140	English	₹ 140
Mathematics	₹ 140	Mathematics	₹ 140
Science	₹ 140	Science	₹ 140
Social Science	₹ 140	Social Science	₹ 140
Sanskrit	₹ 120	Sanskrit	₹ 120
Hindi – B	₹ 140	Hindi – B	₹ 80
Hindi Vyakaran– II	₹ 120	Hindi Vyakaran– II	₹ 120
English Grammar– II	₹ 120	English Grammar– II	₹ 120
Sanskrit Vyakaran–II	₹ 100	Sanskrit Vyakaran–II	₹ 100
Hindi Practical	₹ 55	Hindi Practical	₹ 55
English Practical	₹ 55	English Practical	₹ 55
Maths. Practical	₹ 65	Maths. Practical	₹ 55
Science Practical	₹ 65	Science Practical	₹ 70
S. Science Practical	₹ 65	S. Science Practical	₹ 65
Sanskrit Practical	₹ 55	Sanskrit Practical	₹ 55
Maths. Practical (Combined)	₹ 90	Maths. Practical (Combined)	₹ 75
Science Practical (Combined)	₹ 90	Science Practical (Combined)	₹ 75
English Medium		English Medium	
Mathematics	₹ 200	Mathematics	₹ 130
Science	₹ 200	Science	₹ 200
Social Science	₹ 200	Social Science	₹ 130
Maths. Practical	₹ 80	Maths. Practical	₹ 80
Science Practical	₹ 80	Science Practical	₹ 80
S. Science Practical	₹ 80	S. Science Practical	₹ 80

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLAGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxliiary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLAGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

जिंदल स्टील एंड पावर को प्रतिष्ठित एक्सीड सीएसआर पुरस्कार

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर/ नयी दिल्ली। अग्रणी इस्पात निर्माता जिंदल स्टील एंड पावर (जेएसपी) को कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पर्यावरण और वन मंत्रालय द्वारा समर्थित प्रतिष्ठित एक्सीड सीएसआर अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया है। जेएसपी के अध्यक्ष और ग्रुप सीएसआर के प्रमुख प्रशांत होता ने 2 अगस्त को हैदराबाद में आयोजित एक समारोह में तेलंगाना के कृषि मंत्री टी नागेश्वर राव से पुरस्कार प्राप्त किया। पूर्व प्रशासनिक अधिकारी एवं इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कॉरपोरेट अफेयर्स के पूर्व डीजी डॉ भास्कर चटर्जी इस अवसर पर उपस्थित थे। यह कार्यक्रम भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के समर्थन में सतत विकास फाउंडेशन द्वारा आयोजित किया गया था। जेएसपी को पुरस्कार की घोषणा पर अध्यक्ष नवीन जिंदल ने कहा कि जिंदल स्टील एंड पावर स्थानीय समुदाय के जीवन की गुणवत्ता में सतत सुधार इसके दृष्टिकोण और मिशन में अंतर्निहित है। 'लोग पहले, राष्ट्र पहले' के हमारे मार्गदर्शक दर्शन का अनुसरण करते हुए, हम हमेशा समाज और पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव डालने का प्रयास करते हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि लोगों का जीवन और जैव विविधता की गुणवत्ता लगातार अगले बेहतर स्तर पर परिवर्तित हो। श्री जिंदल ने जूरी और शालू जिंदल के नेतृत्व में जेएसपी फाउंडेशन को धन्यवाद दिया। उलेखनीय है कि जेएसपी की अंगुल इकाई ने पर्यावरण संरक्षण में उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए इस्पात क्षेत्र में गोल्ड अवार्ड भी जीता था। कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा जेएसपी को दो श्रेणियों में प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सीएसआर पुरस्कार 2020 के लिए चुना गया था। हाल ही में, स्टील निर्माता को एसोचैम ओड़िशा सीएसआर और सस्टेनेबिलिटी उत्कृष्टता पुरस्कार प्राप्त हुआ।

हीराकुंड बांध के 14 गेट खोले गये

संबलपुर (आजाद सिपाही)। जलाशय से अतिरिक्त बाढ़ का पानी छोड़ने के लिए हीराकुंड बांध के चार और जलद्वार खोल दिये हैं। फिलहाल जलाशय के 14 गेटों से बाढ़ का पानी निकाला जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि हीराकुंड बांध के कुछ गेट खोलने का फैसला रविवार को लिया गया था। ओड़िशा के संबलपुर जिले में स्थित हीराकुंड बांध ने 28 जुलाई से बाढ़ का पानी छोड़ा जा रहा है। सुबह 8 बजे आयोजित औपचारिक पूजा के बाद बांध के स्लुइस गेट खोले गये। चरणबद्ध तरीके से कुल 20 स्लुइस गेट खोले गये।

एमसीएल जागृति महिला मंडल महिला सभा की सराहनीय पहल

आजाद सिपाही संवाददाता

संबलपुर। जागृति महिला मंडल की अध्यक्षा सुवर्णा काओले के कुशल नेतृत्व एवं दिशा-निर्देश से 31 जुलाई को एक महत्वपूर्ण सामाजिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसमें पौधरोपण कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम और संबलपुर जिले के आसपास के स्कूलों के जरूरतमंद बच्चों को साइकिलों का वितरण किया गया। कोल इंडिया लिमिटेड ऑफिसर्स वाइव्स समिति (साइलोज), कोलकत्ता की अध्यक्षा विमला प्रसाद ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ायी। इस कार्यक्रम में साइलोज की सभी उपाध्यक्षा शोभा रेड्डी, रिंकी नंदा, अर्चना चौधरी, नंदिनी त्रिपाठी, निधि अग्रवाल और नीरजा श्रीवास्तव आदि ने उपस्थित होकर प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाने के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम को रंगीन बनाया और उत्कृष्ट कलाओं से ओत-प्रोत इस माटी की सुगंध को पूरे देश में फैलाया। इस अवसर पर जागृति महिला मंडल की 5 उपाध्यक्षा अल्पना शुक्ला राव, सरिता पटेल, आरती बोरा, रश्मी बेहुरा और अंजलि बापट आदि सभी की गरिमामयी उपस्थिति एवं पथ-प्रदर्शन और प्रोत्साहन से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो सका। महिला मंडल की सह-सचिव मिलिना प्रियदर्शिनी, कोषाध्यक्ष अनिता गर्ग, सक्रिय सदस्य आशा चौधरी और विनीता सिन्हा एवं जागृति महिला मंडल व महिला सभा के सदस्यों ने इस नेक कार्य में अपना सहयोग प्रदान किया।

JAISWAL CCTV
आपके शहर राँची में
अपने घर ऑफिस दुकान में लगाऐं
CCTV कैमरा
कचहरी चौक, राँची
4 कैमरे का सेट अब सिर्फ 14999/-
2 कैमरे का सेट अब सिर्फ 9999/-
अभी कॉल करे 9162992862
स्टेट बैंक के सामने कचहरी चौक, राँची - 834001

रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • अंक शास्त्र
पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, ऑपोजिट-भुतपूर्व वारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

FOR REGISTRATION SCAN QR CODE
SIS अधिकारी सेवा
GTO Officer Cadre की नियुक्ति (पद 650)
शुरुआती वेतनमान - Rs. 27,500/- CTC
एशिया की सबसे बड़ी भारतीय सुरक्षा कंपनी, 3 लाख+स्थायी कर्मचारी, 13 हजार करोड़ का टर्नओवर, पूरे देश में 500 से भी ज्यादा ब्रांच हेड क्वार्टर, 25 लाख से भी अधिक का बीमा, पेंशन, ग्रेच्युटी, प्रोवेडेंट फंड, सालाना वेतन वृद्धि, मेडिक्लेम पॉलिसी, दो बच्चों की शिक्षा IPS देहरादून में एवं अन्य सुविधाएं।
उम्र - 21 से 37 वर्ष
नजदीकी परीक्षा केंद्र एवं आवेदन फार्म के लिए संपर्क करें या देखें
Mob.: 8219591494,+91 7903742868,+91 6299690487
ऑनलाइन आवेदन एवं परीक्षा के लिए login करें - sisindia.com
लिखित परीक्षा 5 और 6 अगस्त तथा 14 अगस्त।
को नीचे दी गई स्थान पर होगी
OFFICE ADDRESS: SIS LIMITED
Ranchi: 504 Pantaloon Mall Dangra Toli Lalpur Ranchi
Bokaro: Plot No. 392 Cooperative Colony Bokaro.
Daltonganj: SBI,ADB, Bank Near Over Bridge Jailhata Road Daltonganj.
Dhanbad: Shop no 9, Commercial Place Apartments Kaushalikanan Dhaiya
Hazaribagh : Cooperative Colony NH 33 Ranchi Patna Road Hazaribagh
Deoghar : 2nd Floor Das Complex Court Road Deoghar
Jamshedpur : Marwah Mansion, Outer Circle Road Near Kantilal Hospital Bistupur Kharsawa.
Garhwa: SIS Training Center Belchampa Near Garhwa Road Railway Station Rehla Palamu
Bagula Basti: SIS Training Center Khasra No. 162 1131,1132 Hirak Road Nagnagar Bagula Basti
Koleblra: SIS Tralnlng Center Plot No. 325 Maln Road Gamharla Saralkela Near Koleblra Government School Gamharia
Gamharia : 2nd Floor Meghraj Tower,Tata Kandra Main Road Gamharia

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**